
# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

## मप्र के लिए 'शानदार शनिवार'.... सौगातों की बारिश

केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 4250 करोड़ से अधिक की लागत वाली 174 किलोमीटर लंबी 9 सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया

### जबलपुर में रात में जगमगाता रानी दुर्गावती फ्लाईओवर



### ये भी महत्वपूर्ण घोषणाएं

1 मप्र में बनेगा टाइगर कॉरिडोर
2 मप्र सीधे विशाखापट्टनम बंदरगाह से जुड़ेगा
3 भोपाल से इंदौर 160 किमी ग्रीनफील्ड कॉरिडोर को स्वीकृति
4 मप्र में 2100 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे हैं 7 रोप-वे
5 मप्र के लिए स्वीकृत 3 लाख करोड़ रुपए की सड़क परियोजनाएं

**जबलपुर में प्रदेश को मिला करीब 7 किमी लंबा रानी दुर्गावती फ्लाईओवर**

केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने किए कई बड़े ऐलान... 60 हजार करोड़ से अधिक के रोड प्रोजेक्ट्स की घोषणा

# भोपाल से जबलपुर के बीच बनेगा 255 किमी लंबा ग्रीन फील्ड हाईवे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मप्र के लिए शनिवार का दिन ऐतिहासिक रहा। इस दिन केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 4250 करोड़ से अधिक की लागत वाली 174 किलोमीटर लंबी 9 सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इनमें करीब 7 किमी लंबे प्रदेश का सबसे बड़ा रानी दुर्गावती फ्लाई ओवर दमोह नाका-रानीताल-मदनमहल-मेडिकल रोड भी शामिल है। इस फ्लाई ओवर के लिए पहली बार 1200 करोड़ रुपए का सेंट्रल रोड फंड मंजूर हुआ।

जबलपुर के महानद्दा में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि देश को 2047 तक शक्तिशाली और विश्वगुरु बनाने के संकल्प के साथ कार्य जारी है। भारत अभी 22 लाख करोड़ रुपए का ईंधन आयात कर रहा है। उन्होंने कहा कि हाइड्रोजन हमारे भविष्य का ईंधन है। हाइड्रोजन के बल पर हम ऊर्जा का निर्यात करेंगे। अब हमारा अन्नदाता, ऊर्जा उत्पादक होगा और वह समृद्ध भी होगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ ही पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद पटेल, उप-मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला व कई अन्य मंत्री, जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में जबलपुर के वरिष्ठ नेता, विधायक मौजूद थे।

गडकरी ने कहा कि भारत अभी 22 लाख करोड़ रुपए का ईंधन आयात कर रहा है। उन्होंने कहा कि हाइड्रोजन हमारे भविष्य का ईंधन है। हाइड्रोजन के बल पर हम ऊर्जा का निर्यात करेंगे। अब हमारा अन्नदाता, ऊर्जा उत्पादक होगा और वह समृद्ध भी होगा



### साढ़े 4 घंटे में पहुंचेंगे ग्वालियर से दिल्ली

गडकरी ने कहा कि मप्र के लिए 3 लाख करोड़ रुपए की सड़क परियोजनाएं स्वीकृत की हैं, जिनमें से 75 हजार करोड़ के कार्य पूरे किए हैं। 65 हजार करोड़ के कार्य प्रगति पर हैं। आने वाले समय में डेढ़ लाख करोड़ रुपए की लागत से करीब ढाई हजार किमी के कार्य डीपीआर के लिए रखे हैं। आगरा-ग्वालियर एक्सप्रेस-वे का भूमिपूजन भी जल्द होगा। साढ़े 4 घंटे में ग्वालियर से दिल्ली पहुंचेंगे। दिल्ली से मुंबई के बीच बनाए जा रहे एक्सप्रेस वे में मप्र में 245 किमी का हिस्सा बनकर पूरा हो गया है। मुंबई में भी कार्य अंतिम चरण में है।

### नर्मदा नदी पर एक भव्य ब्रिज का निर्माण होगा

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मप्र में 33 हजार करोड़ रुपए की लागत से 5 ग्रीन फील्ड इकोनॉमिक कॉरिडोर का निर्माण किया जा रहा है। इंदौर से हैदराबाद कॉरिडोर पर ओंकारेश्वर के पास नर्मदा नदी पर एक भव्य ब्रिज का निर्माण किया गया है। जल्द ही इसका उद्घाटन किया जाएगा। गडकरी ने कहा कि उज्जैन-गरोठ 4 लेन ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे, भोपाल से कानपुर 440 किमी लंबा 4 लेन इकोनॉमिक कॉरिडोर बनने पर 15 घंटे की यात्रा 8 घंटे में पूरी होगी।

### सीएम डॉ. यादव ने कहा...



### सड़कों के आधार पर बदलता है देश का भाग्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में सड़क आधोसंरचना निर्माण और विस्तार का दायित्व केंद्रीय मंत्री गडकरी संभाल रहे हैं। यह गडकरी के प्रबंधन का चमत्कार है कि देश में सड़क और अधो-संरचना निर्माण के लिए कभी पैसे की कमी होने ही नहीं देते। गडकरी ने महाकौशल सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों और निवासियों की रोड नेटवर्क संबंधी आकांक्षा-अपेक्षा को पूर्ण किया है। प्रदेश को दी गई रोड नेटवर्क संबंधी सौगातों के लिए प्रदेशवासियों की ओर से ▶▶ शेष पेज 4 पर

### भोपाल से जबलपुर के बीच ग्रीन फील्ड हाईवे बनेगा 15 हजार करोड़ में

गडकरी ने कहा कि भोपाल से जबलपुर के बीच 255 किमी लंबा नया ग्रीन फील्ड हाईवे बनाया जाएगा, जिसकी लागत 15 हजार करोड़ रुपए होगी। इसके लिए डीपीआर दिसंबर तक पूर्ण कर लिया जाएगा। भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूर्ण होने पर अप्रैल-मई 2026 से हाईवे निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा। लखनादौन से रायपुर के बीच 220 किमी लंबा 4 लेन हाईस्पीड कॉरिडोर, 10 हजार करोड़ रुपए की लागत से बनाया जाएगा, यह रायपुर-विशाखापट्टनम कॉरिडोर से कनेक्ट होगा। इस प्रकार मप्र सीधे विशाखापट्टनम बंदरगाह से जुड़ेगा। इंदौर से भोपाल 160 किमी ग्रीन फील्ड कॉरिडोर को स्वीकृति दी जा रही है। इसकी लागत 12 हजार करोड़ रुपए होगी।



### एक ही रोड से जुड़ेंगे कान्हा, बांधवगढ़, पन्ना और पेंच टाइगर रिजर्व

गडकरी ने कहा कि जबलपुर से मंडला और छत्तीसगढ़ सीमा तक 2.5 हजार करोड़ रुपए का 150 किमी का 6 लेन के चौड़ीकरण का कार्य किया जाएगा, यह कार्य 6 महीने में शुरू होगा। सिवनी-छिंदवाड़ा-सावनेर 4 लेन चौड़ीकरण का कार्य 2.5 हजार करोड़ रुपए लागत से 6 माह में शुरू किया जाएगा। खरगोन-देशगांव-जुलवानिया मार्ग के 108 किमी 4 लेन चौड़ीकरण का कार्य 2300 करोड़ रुपए से किया जाएगा। महाराष्ट्र सीमा तक बैतूल-परसवाड़ा 2 लेन मार्ग को भी मंजूरी दी गई है। बालाघाट से मंडला के बीच बेहतर संपर्क के लिए सड़क बनाई जाएगी। मप्र में टाइगर कॉरिडोर बनाया जाएगा। इसके तहत जबलपुर से बांधवगढ़ तक 4600 करोड़ रुपए की लागत से 4 लेन सड़क बनाई जानी थी, जिसे बढ़ाकर अब 5500 करोड़ रुपए किया गया है। यह रोड कान्हा, बांधवगढ़, ▶▶ शेष पेज 4 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

### सागर एसपी, कलेक्टर को आयोग की फटकार



**सागर।** सागर जिले के बारदा में अवैध क्रेशर से करंट लगने के मामले में राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने सागर कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को फटकार लगाई है। आयोग ने मुख्य सचिव अनुराग जैन को चिट्ठी लिखी है। जिसमें कहा है कि इस घटना में करंट लगने से हाथ कटवाने को मजबूर हुए मानस शुक्ल के परिजनों को 10 लाख रुपए की सहायता क्यों न दी जाए?

जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक

## 3 और 4 सितंबर को होगा 2 स्लैब स्ट्रक्चर फैसला

**5 और 18 प्रतिशत स्लैब ही रहेंगे**



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक 3-4 सितंबर को होने वाली है। इस बैठक में मंत्री समूह (जीओएम) द्वारा दो स्लैब 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत को बरकरार रखने के प्रस्ताव पर फैसला होगा।

परिषद की यह बैठक केंद्र द्वारा जीएसटी कराधान व्यवस्था के ढांचे को वर्तमान चार स्लैब से दो स्लैब में बदलने के बड़े पैमाने पर प्रयास के बीच हो रही है। छह सदस्यीय जीओएम का नेतृत्व करने वाले बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के अनुसार हमने दो स्लैब वाले जीएसटी स्ट्रक्चर की सिफारिश की है और अपनी सिफारिशें जीएसटी परिषद को सौंप दी हैं। जीओएम ने सहमति व्यक्त की कि नई व्यवस्था के तहत मौजूदा 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत स्लैब को समाप्त कर दिया जाएगा। इसका उद्देश्य एक सरल और अधिक पारदर्शी जीएसटी व्यवस्था की ओर बढ़ना है। ▶▶ शेष पेज 4 पर

पीएम-सीएम को पद से हटाने संबंधी विधेयक

## जेपीसी में नहीं होंगे टीएमसी सांसद, पार्टी ने बताया-तमाशा

**लोकसभा के 21 और राज्यसभा के 10 सदस्य शामिल होंगे**



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्रियों को पद से हटाने की रूपरेखा तय करने वाले तीन विधेयकों पर विचार के लिए गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को तमाशा करार देते हुए कहा कि वह इसमें कोई सदस्य नहीं भेजेगी। केंद्र सरकार ने मानसून सत्र के दौरान केंद्र शासित प्रदेश सरकार (संशोधन) विधेयक 2025, संविधान (130वां संशोधन) विधेयक 2025 और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक 2025 लोकसभा में पेश किए। विपक्ष के हंगामे के बाद इन्हें संसद की एक संयुक्त समिति को भेज दिया गया है।

दोनों सदनों ने विधेयकों को एक संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेजने का प्रस्ताव पारित किया ▶▶ शेष पेज 4 पर




नशे व उसके सौदागरों के टारगेट पर मप्र : राजस्व खुफिया निदेशालय मरोड़ रहा है बांहें

भोपाल से 2, बेंगलुरु से 3 और दिल्ली से एक तस्कर दबोचा गया

## मप्र से कम कीमत में खरीदते थे भुक्की... फतेहगढ़ साहिब, लुधियाना और मोहाली में उसे महंगा बेचते थे, पत्नी समेत तीन तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहगढ़ साहिब/भोपाल

फतेहगढ़ साहिब पुलिस ने मध्य प्रदेश से पंजाब में भुक्की सप्लाई करने वाले अंतर राज्यीय नशा तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों में फिरोजपुर के लक्खा सिंह वाला के रहने वाले संजीव कुमार, उसकी पत्नी सिमरन सोनी और सहारनपुर के नवीन नगर ओजपुरा निवासी उजवल गुप्ता शामिल हैं। फतेहगढ़ साहिब के एसपी राकेश यादव के अनुसार सीआईए स्टाफ प्रभारी सरबजीत सिंह की टीम ने 20 अगस्त की रात को सरहिंद की अनाज मंडी से तीनों को पकड़ा। आरोपियों से एक क्विंटल भुक्की बरामद की गई। पूछताछ में पता चला कि आरोपी मध्य प्रदेश से सस्ते दाम में भुक्की खरीदकर फतेहगढ़ साहिब, लुधियाना और मोहाली में सप्लाई करते थे। सिमरन सोनी पर 2021 में भी 26 किलो भुक्की की तस्करी का मामला दर्ज है। इस मामले में उसे सजा भी हो चुकी है। सजा के बाद भी वह दोबारा नशा तस्करी में लिप्त हो गई।



### मप्र में तस्करों के कई सिंडीकेट, अब कस रहा शिकंजा

पंजाब की तरह मादक पदार्थों के तस्करों की नजर अब मप्र पर है। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की टीम ने भोपाल स्टेशन पर पानी में उगने वाले विदेशी गांजे की बड़ी खेप पकड़ी। इसी के साथ बैंकॉक से जुड़ा एक और इंटरनेशनल स्मगलिंग सिंडिकेट का खुलासा किया। ऑपरेशन वीडआउट के तहत गिरोह से 72 किलो हाइड्रोपोनिक वीड (पानी में उगने वाला गांजा) जब्त किया। इसकी कीमत 72 करोड़ रुपए बताई जा रही है। टीम ने दिल्ली में गिरोह के सरगना को भी गिरफ्तार किया है। उसके पास से 1.02 करोड़ ▶▶ शेष पेज 4 पर

## संकट टालने शनिदेव की विधि-विधान से कराई गई पूजा-अर्चना

# राजधानी में श्रद्धाभाव से मनाई गई शनिश्चरी अमावस्या शनि मंदिरों में सुबह से रात तक लगी रही भक्तों की कतारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शनिश्चरी अमावस्या शनिवार को श्रद्धाभाव से मनाई गई। सुबह 7 बजे से शहर के कई शनि मंदिरों में पूजा-पाठ शुरू हुई गई थी। जोकि दोपहर व रात तक जारी रही। इस दौरान नेहरू नगर के प्राचीन नवग्रह मंदिर शनिधाम सहित, टीटी नगर, लालघाटी सहित अन्य शनि मंदिरों में श्रद्धालु शनिदेव की आराधना में लीन नजर आए। अमावस्या पर शहर के बड़े व प्राचीन शनि मंदिर में सुबह से लोगों का तांता लगा रहा। लोग अपने ऊपर आए संकट को टालने के लिए शनिदेव की विधि-विधान से पूजा अर्चना कराई।

पंडितों द्वारा शनि को शांत करने के लिए बहूति व मंत्रों द्वारा पढ़ी हुई अंगूठियां दी गई। पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि भाद्रपद के विशेष संयोग के साथ आज श्रद्धा-भक्ति के साथ शनिश्चरी अमावस्या मनाई गई। इस मौके पर जिन लोगों के ऊपर शनि की साढ़ेसाती, ढैय्या, महादशा चल थी। या फिर जिनकी जन्मकुंडली में शनि वक्री अवस्था में है उन्होंने शनिश्चरी अमावस्या पर शनिदेव की पूजा अर्चना की। इससे कष्ट का निवारण होंगे। शनि अमावस्या के दिन शनिदेव को तेल, काले उड़द, काले तिल, काला कपड़ा आदि चढ़ाया गया। तो वहीं अधिकांश लोगों ने पीपल के पेड़ में जल चढाने पहुंचे। साथ ही गरीब, अपाहिजों व कुष्ठ रोगियों को तिल या सरसों के तेल से बने व्यंजनों का भोजन कराया। इसके अलावा पितरों की शांति के लिए घर पर पंडित द्वारा तर्पण कराकर ब्राह्मणों को भोजन कराया गया।

### गरीब, अपाहिजों व रोगियों को तिल, सरसों के तेल से बने व्यंजनों का भोजन कराया



शनिश्चरी अमावस्या पर शनिवार को राजधानी के शनि मंदिरों में सुबह 7 बजे से दोपहर एक बजे तक श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। कई श्रद्धालुओं ने लंबी-लंबी लाइनों में लगकर तेल, तिल, गुड़, लोहे की कील आदि चढ़ाया। कमला पार्क स्थित शनि मंदिर पहुंची श्रद्धालु सीमा तिवारी ने बताया कि पंडितों ने उन्हें शनिश्चरी अमावस्या पर दान करने व तेल-तिल चढ़ाने की सलाह दी थी। इसलिए वे लंबी लाइन में लगकर पूजन-अर्चन कर रही हैं। उन्होंने बताया कि वे श्रद्धा व विश्वास के साथ यहां आई हैं। वहीं, महामाई का बाग निवासी अमन शर्मा ने बताया कि वे सुबह ही भीड़ लगने से पहले ही शनि मंदिर जाकर दर्शन कर आए थे। इसके अलावा राजधानी के बोर्ड आफिस चौराहा, माता मंदिर, 45 बंगला, नेहरू नगर, इंद्रपुरी, सहित अन्य मंदिरों में भगवान शनि का तिल व तेल चढ़ाने सैकड़ों की संख्या में भक्त पहुंचे।

### कुशग्रहणी अमावस्या पर गो माता को अर्पण किया गुड़ और हरा चारा



कुशग्रहणी अमावस्या तिथि पर सेवा संकल्प युवा संगठन ने गो शाला में गो माता को गुड़ और हरा चारा खिलाया। इस तिथि पवित्र नदियों में स्नान एवं गोमाता की सेवा का अत्यंत महत्व रहता है। संस्था के अध्यक्ष प्रकाश मालवीय ने बताया कि गो माता को हरा चारा खिलाने से पितरों का आशीर्वाद मिलता है, युवाओं ने कमला पार्क स्थिति गो शाला में गो सेवाकर तिल और तेल से शनिदेव का अभिषेक किया। इस अवसर पर संगठन के यश जैन, विवेक श्रीवास्तव, दीपक साकरे, गोरब बंसल मोजूद रहे।

## 500 साल बाद धन योग सहित 6 विशेष संयोग में 27 को विराजेंगे श्रीगणेश

### लक्ष्मी नारायण योग, गजकेसरी योग, शुभ योग और आदित्य प्रमुख





500 साल बाद बन रहे धन योग, लक्ष्मी नारायण योग, गजकेसरी योग, शुभ योग और आदित्य योग के संयोग में 27 को घर-घर गौरीनंदन भगवान श्रीगणेश की धूमधाम से स्थापना की जाएगी। इसके अलावा इस दिन स्वाति और चित्रा नक्षत्र का संयोग भी बन रहा है। सर्वार्थसिद्धि योग में बप्पा का आगमन बहुत ही शुभ और फलदायी रहेगा। राजधानी में गणेश उत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में है। मां चामुण्डा दरबार के पुजारी गुरु पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि हर साल भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को गणेश चतुर्थी का पावन पर्व मनाया जाता है। गणेश महोत्सव का पर्व चतुर्थी तिथि से प्रारंभ होकर अगले 10 दिनों तक चलता है। वहीं अनंत चतुर्दशी के दिन भगवान गणेश को विदा किया जाता है। पं. रामजीवन दुबे गुरुजी के मुताबिक भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को दोपहर चित्रा नक्षत्र में भगवान शिव और माता पार्वती के पुत्र भगवान गणेश का जन्म हुआ था।

भगवान गणपति को विध्नहर्ता, मंगलकर्ता, रिद्धि-सिद्धि और बुद्धि का देवता माना गया है। इस साल 500 साल बाद गणेश चतुर्थी पर षड् योग,रवि योग, धन योग, लक्ष्मी नारायण योग, गजकेसरी योग और आदित्य योग सहित छह दुर्लभ संयोग बन रहा है। जो मिथुन-कर्क सहित 5 राशियों को अप्रत्याशित धन लाभ दिला सकते हैं। भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी 26 अगस्त को दोपहर 1 बजकर 54 मिनट से आरंभ हो रही है, जो 27 अगस्त को दोपहर 3 बजकर 44 मिनट तक है। ऐसे में उदया तिथि के हिसाब से गणेश उत्सव 27 अगस्त, बुधवार से आरंभ होगा।

### यह रहेगा शुभ मुहूर्त

- 27 अगस्त को सूर्योदय का समय सुबह 06 बजकर 28 रहेगा।
- सूर्यास्त का समय शाम 06 बजकर 14 मिनट रहेगा। इस दिन ब्रह्म मुहूर्त सुबह 03 बजकर 58 मिनट से 04 बजकर 43 मिनट तक रहेगा।
- विजय मुहूर्त दोपहर 01 बजकर 58 मिनट से 02 बजकर 49 मिनट तक रहेगा।
- गोधूलि मुहूर्त शाम 06 बजकर 14 मिनट से 06 बजकर 36 मिनट तक रहेगा।
- निशिता मुहूर्त रात 11 बजकर 28 मिनट से 12 बजकर 13 मिनट तक रहेगा।
- ऐसे करेंगे भगवान की स्थापना
- पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि गणेश चतुर्थी के दौरान भगवान गणेश की सही विधि से पूजा-अर्चना और स्थापना करना बहुत जरूरी होता है। गणेश जी की पूजा के साथ सही विधि से उनका आवाहन करना चाहिए।

## बाबा साहेब के विचार आज भी प्रासंगिक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर के जीवन का सार तीन महत्वपूर्ण मूल्यों में निहित है सामाजिक न्याय, आत्मसम्मान और स्वतंत्रता। ये प्रत्येक व्यक्ति के जीवन के लिए अनिवार्य हैं। यह बात सेवानिवृत्त आईएएस अजातशत्रु श्रीवास्तव ने संघर्ष महामानव (लेखकः रमेश पतंगे) पुस्तक पर आयोजित परिचर्चा में कही। यह कार्यक्रम भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ बाबूलाल गौर शासकीय महाविद्यालय, भेल एवं प्रज्ञा प्रवाह मध्यप्रांत द्वारा आयोजित किया गया। श्रीवास्तव ने कहा कि बाबा साहेब के निधन को 70 वर्ष से अधिक हो गए हैं, किंतु उनकी विचारधारा आज भी उतनी ही प्रासंगिक और प्रेरणादायक है। उनके जीवन से हमें तीन प्रमुख सीख मिलती हैं संघर्ष, सम्यक शिक्षा और सामाजिक दृष्टिकोण। यदि हम बेहतर इंसान बनना चाहते हैं तो इन तीनों को अपनाना आवश्यक है। प्रो. अशोक शर्मा ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन में उनकी पत्नी एवं महिला शक्ति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही। सामाजिक, राजनीतिक और शैक्षणिक संघर्षों के कठिन दौर में उन्होंने न केवल जीवनसंगिनी के रूप में, बल्कि प्रेरणास्रोत के रूप में भी उनका सहयोग किया।

### बाबा साहेब ने महत्वपूर्ण कार्य किए: प्रसाद

उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त संचालक मथुरा प्रसाद ने अपने वक्तव्य में कहा कि दलित समाज की पिछड़ी स्थिति के लिए केवल सामाजिक परंपराएं ही नहीं, बल्कि मुगलों और अंग्रेजों की नीतियां भी जिम्मेदार थीं। उन्होंने बताया कि बाबा साहेब के पिता ने उन्हें धर्म, संस्कृति और संस्कार की शिक्षा दी थी। बाबा साहेब ने राजनीतिक और सामाजिक अधिकारिता के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने भारतीय अर्थव्यवस्था को तोड़कर भारतीय संसाधनों का शोषण किया और ब्रिटेन को समृद्ध बनाया। बाबा साहेब का आर्थिक चिंतन आज भी प्रासंगिक है।

## वर्षावास अमावस्या पर उपासकों ने ग्रहण किया त्रिशरण पंचशील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तुलसी नगर स्थित करुणा बौद्ध विहार में आषाढ़ पूर्णिमा से निरंतर वर्षावास चल रहा है। शनिवार को भंते प्रज्ञारत्न थेरो ने वर्षावास के 45 वें दिन व वर्षावास की दूसरी अमावस्या पर बड़ी संख्या उपस्थित उपासक-उपासिकाओं को त्रिशरण पंचशील ग्रहण कराया।

इसके बाद धम्म देशना देते भंते थेरे ने कहा कि कैसे पुण्य कर्म करने से मन की अस्थिरता दूर होती है और आप आनंदपूर्वक और निर्भीक होकर जीवन यापन करते हैं। पुण्य कर्म करना याने पंचशीलों का पालन कर उसके अनुसार अपना जीवन यापन करना है। यदि हम वास्तविक रुप से पंचशीलों का पालन करते हैं तो निश्चित ही हमारे द्वारा काया वाचा और शरीर से किसी को भी हानि नहीं पहुंचाई जाएगी। हमारे मन में दूसरों के प्रति करुणा, प्रेम जागृत होगा, जिससे हमारा चित्त शांत और निर्मलता से परिपूर्ण होगा।



परम पूज्य महर्षि महेश योगी जी एवं वेद विद्या मार्तण्ड ब्रह्मचारी गिरीश

आदर्श भारत निर्माण पर राष्ट्रीय परिचर्चा
दिनांक 24 अगस्त 2025
प्रातः 10:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक
परिचर्चा स्थल: महर्षि उत्सव भवन, गुरुदेव ब्रह्मानन्द सरस्वती आश्रम, छान वार्ड कार्यालय के निकट, भोजपुर मन्दिर मार्ग, भोपाल
Please join on any of the following links at:
Website: www.ramrajtv.in YouTube: https://www.youtube.com/c/Ramrajtv/
Facebook: https://www.facebook.com/1Ramrajtv/

परिचर्चा में भाग लेने वाले सम्माननीय
श्री राजेन्द्र शुक्ला - माननीय उपमुख्यमंत्री एवं चिकित्सा शिक्षा, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री
पूज्य स्वामी जितेन्द्रानंद सरस्वती जी महाराज - महासचिव, अखिल भारतीय संत समिति
श्री अशोक तिवारी - केन्द्रीय मंत्री एवं प्रवक्ता, विश्व हिन्दू परिषद्
वैद्य श्री देवेन्द्र त्रिगुणा - अध्यक्ष-अखिल भारतीय आयुर्वेद कांग्रेस
श्री अश्विनी उपाध्याय - अधिवक्ता, सर्वोच्च न्यायालय, भारत
श्री संतोष कुमार - वरिष्ठ अधिवक्ता, सर्वोच्च न्यायालय, भारत
डॉ. चन्द्रेश शुक्ला - अध्यक्ष म.प्र. राज्य दंत चिकित्सक परिषद् एवं नेशनल काउंसिल ऑफ डेंटल सर्जंस
श्री सुरेश एलंगोवन, माइंडलॉजिक्स ग्रुप ऑफ कंपनीज के संस्थापक और सीईओ
श्री अजातशत्रु श्रीवास्तव - आईएएस (सेवानिवृत्त) पूर्व कमिश्नर, भोपाल
श्री (डॉ.) रवीन्द्र कान्हेरे - राष्ट्रीय अध्यक्ष, विद्या भारती
श्री सुनील मानसिंहका - पूर्व सदस्य, राष्ट्रीय गोवंश आयोग एवं राष्ट्रीय कामधेनु आयोग
वैद्य श्री मधुसूदन देशपांडे - निदेशक (महा) मल्टीस्पेशलिटी आयुर्वेद हेल्थ अवेयरनेस प्रोग्राम
प्रोफेसर प्रमोद वर्मा - कुलगुरु- महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय, प्रसिद्ध वैज्ञानिक
प्रोफेसर भुवनेश शर्मा - पूर्व कुलपति- महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय
आमंत्रण के लिए सम्पर्क करें
१६, सारनाथ कॉम्प्लेक्स, तृतीय तल, बोर्ड ऑफिस के सामने, शिवाजीनगर, भोपाल
मोबाइल: 9993099731, 9893700746


### एम्स के डॉ. राघवेंद्र विदुआ सम्मानित



**भोपाल।** एम्स भोपाल के फोरेंसिक मेडिसिन एवं टॉक्सिकोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. राघवेंद्र कुमार विदुआ ने नेपाल की मेडिकोलीगल सोसाइटी द्वारा आयोजित मेलीकॉन 2025 में 'ब्रांड एम्बेसडर अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने अपने शोध कार्य 'फॉरेंसिक सैंपल प्रिजर्वेशन में नवाचार' पर प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार यह तकनीकें सटीक विश्लेषण सुनिश्चित करने तथा आपराधिक न्याय प्रणाली की विश्वसनीयता बनाए रखने में सहायक हैं। उनके नेतृत्व में छात्र सहभागिता के साथ विकसित इन अत्याधुनिक तकनीकों में टैम्पर-प्रूफ सैंपल ड्रायर (जिसे डिजाइन ऑफिस द्वारा कॉपीराइट प्राप्त है), सैंपल के सुरक्षित परिवहन हेतु विशेष रिपॉजिटरी, कस्टमाइज्ड फोरेंसिक लेबल एवं वॉइड टेप्स तथा साक्ष्यों के मानकीकृत संरक्षण हेतु सॉल्ट सॉल्यूशन मेकर और डिस्पेंसर शामिल हैं।

## बाबा ने उस पल याद रखा, जब सारी दुनिया भूली

**भोपाल।** खाटू श्याम की भक्ति में डूबे भक्त उस समय थिरक उठे, जब फेमस भजन गायिका कृपा पटेल ने खाटू श्याम की भक्ति में डूबा बाबा ने उस पल याद रखा, जब सारी दुनिया भूली सुनाया। भक्त अपने पैरों को थिरकने के बिना नहीं रोक सके। शनिवार को बैरसिया रोड स्थित शांति नगर में श्री श्याम महिला समिति ने खाटू श्याम महिला समिति ने कीर्तन का आयोजन रखा, जिसमें हजारों की तादाद में भक्त शामिल हुए। श्री श्याम महिला समिति की सविता राठौर ने बताया कि बाबा खाटू श्याम का दरबार लगाया गया, जहां श्रद्धालुओं ने लंबी कतार में दर्शन किए। वहीं भक्तों ने बाबा का मनमोहक श्रृंगार किया। भक्ति भजनों पर श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा की और खूब नृत्य किया।

## विश्व बंधुत्व दिवसः ब्रह्माकुमारीज संस्थान ने लगाया रक्तदान शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ब्रह्माकुमारीज संस्थान की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणि के 18वे पुण्य स्मृति दिवस को शनिवार को विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र विवेकानंद कॉलोनी अयोध्या बायपास रोड भोपाल पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर सेवा केंद्र द्वारा 19 यूनिट का संग्रह किया गया। यह कार्यक्रम संपूर्ण भारत व नेपाल में 22, 23, 24 व 25 अगस्त को ब्रह्माकुमारीज के सभी 8000 सेवा केन्द्रों पर संपन्न होगा। इस दौरान 1,00,000 यूनिट एकत्र कर विश्व रिकॉर्ड बनाने का उद्देश्य है, जिससे निःस्वार्थ भाव से मानवता की सेवा हो सके। इस कार्यक्रम में स्कूल संचालक आरडी मंडलोई व सेवा केंद्र संचालिका मणि दीदी मौजूदी थी। इस आयोजन में भोपाल मेमोरियल एवं रिसर्च सेंटर द्वारा रक्तदान प्रबंधन में विशेष सहयोग प्रदान किया। रक्तदान करने वालों में सभी वर्गों जैसे स्कूल व कॉलेज विद्यार्थी, अध्यापक, बिजनेसमैन, इंजीनियर, डॉक्टर व ग्रहणियों ने अपना बढ़-चढ़कर योगदान दिया।

### निटर में 'राजभाषा संवाद 2025' का आयोजन

## सम्पूर्ण संस्कृति हिन्दी के साथ ही जीवित रह सकती है: डॉ. शुक्ल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (निटर) द्वारा एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला "राजभाषा संवाद 2025" का आयोजन संस्थान परिसर में हुआ। इस कार्यशाला का उद्देश्य राजभाषा हिंदी के संवर्धन, संसदीय प्रक्रिया में उसके उपयोग तथा वैश्विक पटल पर हिंदी की भूमिका पर गंभीर मंथन करना था। मुख्य अतिथि डॉ. रवीन्द्र शुक्ल, पूर्व शिक्षा एवं कृषि मंत्री, उत्तर प्रदेश ने अपने वक्तव्य में कहा कि सम्पूर्ण संस्कृति हिन्दी के साथ ही जीवित रह सकती है।

प्रथम सत्र में देवी प्रसाद मिश्र, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, विश्व हिंदी परिषद ने संसदीय प्रश्नावली, उत्तर एवं प्रक्रिया विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया। साहित्य अकादमी के निदेशक विकास दवे ने कहा कि यदि हम डिजिटल माध्यमों और वैश्विक मंचों पर हिंदी को सशक्त रूप से प्रस्तुत करें, तो यह निश्चय ही एक विश्वभाषा बन सकती है। संस्थान निदेशक व नराकास अध्यक्ष प्रो. सीसी त्रिपाठी के कहा कि राजभाषा हिंदी के प्रति जागरूकता और सक्रियता ही इसे सशक्त बना सकती है।



### प्रत्येक शनिवार एवं रविवार 5-5 फेरे के लिए किया जाएगा संचालन

## त्योहारों के लिए रेलवे ने आंबेडकर नगर-रीवा के लिए शुरू की स्पेशल ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

त्योहारी सीजन में यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए, रेलवे द्वारा डॉ. आंबेडकर नगर-रीवा के बीच साप्ताहिक फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन का संचालन शुरू करने का निर्णय लिया है। गाड़ी संख्या 01704/01703, रीवा-डॉ. आंबेडकर नगर फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन का संचालन 27 सितंबर से 25 अक्टूबर तक प्रत्येक शनिवार एवं रविवार कुल 5-5 फेरे के लिए किया जाएगा। जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 01704 (रीवा-डॉ. आंबेडकर नगर) रीवा स्टेशन से रात 22.20 बजे प्रस्थान कर मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए अगले दिन सुबह 06.00 बजे इटारसी, 06.33 बजे नर्मदापुरम, 08.40 बजे रानी कमलापति, 09.00 बजे भोपाल एवं 09.33 बजे संत हिरदाराम नगर स्टेशनों से होते हुए अगले दिन दोपहर 15.05 बजे डॉ. अंबेडकर नगर स्टेशन पर पहुंचेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 01703 (डॉ. अंबेडकर नगरझरीवा) डॉ. अंबेडकर नगर स्टेशन से रात 21.20 बजे प्रस्थान कर मार्ग में अन्य स्टेशनों से होते हुए अगले दिन 02.45 बजे संत हिरदाराम नगर, 03.35 बजे भोपाल, 03.52 बजे रानी कमलापति, 05.18 बजे नर्मदापुरम एवं 05.40 बजे इटारसी स्टेशनों पर पहुँच कर उसी दिन दोपहर 13.30 बजे रीवा स्टेशन पर पहुंचेगी। इस विशेष ट्रेन में 06 शयनयान श्रेणी, 04 सामान्य श्रेणी, 03 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 03 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी इकोनॉमी एवं 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के सहित कुल 20 कोच के साथ संचालन किया जाएगा। रीवा, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, इटारसी जंक्शन, नर्मदापुरम, रानी कमलापति, भोपाल जंक्शन, संत हिरदाराम नगर, सीहोर, शुजालपुर, मक्सी जंक्शन, देवास, इंदौर जंक्शन, डॉ. अंबेडकर नगर।



### 25 व 26 को सड़क मार्ग पर यातायात नियंत्रित रहेगा

रामगंजमंडी से भोपाल के बीच प्रस्तावित नई बड़ी रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत पमरे जोन द्वारा ब्यावरा शहर में स्थित नेशनल हाईवे-52 (एनएच-52) पर रेलवे ब्रिज लॉन्चिंग का कार्य प्रस्तावित है। यह कार्य 25 व 26 अगस्त की मध्यरात्रि 12 बजे से प्रातः 4 बजे तक किया जाएगा। इस दौरान सुरक्षा कारणों से संबंधित मार्ग पर सड़क यातायात को अस्थाई रूप से नियंत्रित किया जाएगा। रेलवे प्रशासन एवं जिला प्रशासन द्वारा समन्वय के साथ ट्रैफिक डायवर्जन की योजना बनाई गई है। इस अवधि में वाहन चालक राजगढ़ से इंदौर जाने के लिए वैकल्पिक मार्ग के रूप में खुजनेर मार्ग का प्रयोग कर सकते हैं। इसी प्रकार, गुना की ओर जाने वाले यात्री मनौहरथाना-बीना मार्ग का उपयोग कर यात्रा जारी रख सकते हैं।


वित्तीय सेवाएं विभाग
DEPARTMENT OF FINANCIAL SERVICES
3 माह का वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान
1 जुलाई 2025 – 30 सितंबर 2025
प्रत्येक ग्राम पंचायत में कम से कम 1 शिविर
देशभर में कुल 2.7 लाख शिविर
शिविरों में प्रदान की जाने वाली सुविधाएं:-
- शून्य शेष राशि के साथ पीएमजेडीवाई खाता खोलना, कोई प्रभार नहीं और ₹ 2 लाख के दुर्घटना बीमा के साथ निःशुल्क डेबिट कार्ड
- मात्र ₹ 436 प्रति वर्ष के प्रीमियम पर ₹ 2 लाख के जीवन बीमा कवर के लिए पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना में नामांकन (पात्रता:18-50 वर्ष)
- मात्र ₹ 20 प्रति वर्ष के प्रीमियम पर ₹ 2 लाख के दुर्घटना बीमा कवर के लिए प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में नामांकन (पात्रता: 18-70 वर्ष)
- ₹ 1000 से ₹ 5000 प्रति माह तक की गारंटीकृत पेंशन के लिए अटल पेंशन योजना की सदस्यता (पात्रता: 18-40 वर्ष)
- 10 या उससे अधिक वर्ष पहले खोले गए बचत खातों और पीएमजेडीवाई खातों तथा निष्क्रिय खातों के लिए भी पुनः केवाईसी करवाएं।
- डिजिटल धोखाधड़ी से स्वयं को कैसे बचाएं तथा आरबीआई के अदावी जमा खातों में अंतरित धन का दावा कैसे करें, इस संबंध में जानकारी प्राप्त करें।
कृपया अधिक जानकारी के लिए अपनी निकटतम बैंक शाखा / बी.सी. से संपर्क करें।
अभियान में सम्मिलित हो। संदेश फैलाएं। बीमाकृत रहें।
जन सुरक्षा योजना नामांकन, खाता खोलने, पुनः केवाईसी करवाने एवं धोखाधड़ी से बचने के लिए प्रत्येक पंचायत शिविर में आयें।
बैंक आपके द्वार लाभ उठायें...

भोपाल
रविवार, 24 अगस्त 2025
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष -01
वर्ष : 12, अंक : 144
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 25
न्यून. 22

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



11 सीपीएल 2025 : टी20 में 5 विकेट...

आज कल
06 सहयोग का इतिहास रचेंगे हिंदी-चीनी?

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में कटनी में माइनिंग कॉन्क्लेव में 'धन वर्षा'

# 56 हजार 414 करोड़ रुपए के निवेश के लिए उद्योगपतियों ने साइन किए एमओयू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में कटनी के अरिंदम होटल में माइनिंग कॉन्क्लेव का आयोजन हुआ। मुख्यमंत्री के कटनी आगमन पर हेलीपेड से लेकर माइनिंग कॉन्क्लेव स्थल तक करीब 5 किलोमीटर के रोड-शो के दौरान 19 स्थानों में स्टॉल लगाकर लोगों ने उनका आत्मीय स्वागत किया।

कॉन्क्लेव में लगभग दो हजार से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए, जिनमें देश के विभिन्न राज्यों के निवेशक और उद्योगपति शामिल रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समिट में शामिल होने वाले विषय-विशेषज्ञों और निवेशकों के साथ ऊर्जा एवं हाइड्रोकार्बन, प्रौद्योगिकीय प्रगति, महत्वपूर्ण खनिज (क्रिटिकल मिनरल्स) और चूना पत्थर एवं सीमेंट पर चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि कटनी में आयोजित हुई माइनिंग कॉन्क्लेव में 56 हजार 414 करोड़ के निवेश के लिए उद्योगपतियों ने एमओयू साइन किए हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही कटनी को मेडिकल कॉलेज की सौगात मिलने जा रही है। डॉ. यादव ने कॉन्क्लेव में शामिल हुए देशभर के उद्योगपतियों का अभिनंदन किया।









**सीएम ने कहा- जल्द ही कटनी को मिलेगी मेडिकल कॉलेज की सौगात**

**27 अगस्त को उज्जैन में इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव**

सीएम ने सभी विषय विशेषज्ञों व निवेशकों से की वन टू वन चर्चा



### इनके बीच हुए एमओयू

कॉन्क्लेव में राज्य शासन ने क्रिटिकल मिनरल की खोज, प्रसंस्करण और संवर्धन के लिए कोल इंडिया लिमिटेड के साथ एमओयू किया। डॉ. चंद्र शेखर सिंह एचओडी क्रिटिकल मिलरल्स, बिरांची दास डायरेक्टर एचआरएसएसईएल, फ्रैंक नोबेल ए डायरेक्टर एंड जीडीएम एमपी स्टेट माइनिंग कॉरपोरेशन और प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव ने एमओयू का आदान-प्रदान किया। यह समझौता दुनिया की सबसे बड़ी खनन कंपनी और राज्य खनन अन्वेषण एजेंसियों के माध्यम से मध्यप्रदेश को क्रिटिकल मिनरल्स के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां देगा। खनन क्षेत्र में आर्टिफियल इंटेलीजेन्स, आईओटी, ब्लॉक चेन, रिमोट सेंसिंग के उपयोग के मद्देनजर धनबाद की टेक्समिन आईएसएम के साथ और खनिज अन्वेषण अनुसंधान के लिए भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, भोपाल के साथ भी एमओयू साइन हुआ।

**सीएम ने कहा कि मप्र में एयर कार्गो की तैयारी है। कटनी का चूना सीमेंट के पहले से मशहूर है। पर्यटन के क्षेत्र में भी सरकार आगे बढ़ रही है।**

### यहां उद्योगपतियों को अच्छा परिवेश मिलेगा

डॉ. यादव ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने हर वर्ग की चिंता की है। हमारी संस्कृति जियो और जीने दो की है। उद्योगपतियों के माध्यम से रोजगार मिलता है। अच्छी सड़कें हैं, बिजली है, अच्छा माहौल है। कटनी की पहचान खनिज संसाधन की प्रचुरता की है। उन्होंने कहा मप्र में एयर कार्गो की तैयारी है। कटनी का चूना सीमेंट के पहले से मशहूर है। मुख्यमंत्री होने के नाते सभी को आश्वस्त करता हूं कि उद्योगपतियों को अच्छा परिवेश मिलेगा। 27 अगस्त को उज्जैन में इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव कर रहे हैं। पर्यटन के क्षेत्र में भी सरकार आगे बढ़ रही है।

### माइनिंग कॉन्क्लेव मील का पत्थर : शर्मा



खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि मप्र को आर्थिक रूप से संपन्न बनाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव लगातार प्रयास कर रहे हैं। कटनी में माइनिंग कॉन्क्लेव मील का पत्थर साबित होगी। कटनी की धरती रत्नगर्भा है। कटनी जिले के प्रभारी मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने कहा कि माइनिंग कॉन्क्लेव का कटनी में आयोजन खास है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोच को बदलने का काम किया। हम अपने संसाधनों का उपयोग कैसे कर सकते हैं, इस पर उद्योगपतियों के अहम सुझाव दिए। मुख्यमंत्री को शुभकामनाएं देता हूं कि उन्होंने उद्योगों के लिए नया माहौल तैयार किया।

### निवेश प्रस्ताव

| क्र. | कंपनी का नाम | निवेश प्रस्ताव | प्रस्तावित राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | सिंघल बिजनेस प्रा. लि. | कोल गैसीफिकेशन एवं नवीकरणीय ऊर्जा | 15,000 करोड़ |
| 2 | विनमिर रिसोर्सेस प्रा. लि. | ग्रेफाइट बेनिफिसिएशन उद्योग | 850 करोड़ |
| 3 | रामनिक पावर एंड अलॉयज | स्पांज आयरन प्लांट एवं फेरो-अलॉय इकाइयां | 1,850 करोड़ |
| 4 | माइनवेयर एडवाइजर्स प्रा. लि. | आवंटित कोल ब्लॉक में खनन एवं उत्पादन | 450 करोड़ |
| 5 | महाकौशल रिफ्रैक्ट्रीज | रिफ्रैक्ट्री उद्योग के लिए अगले 5 वर्ष में निवेश | 90 करोड़ |
| 6 | सायना ग्रुप | लौह अयस्क बेनिफिसिएशन, पैलेट प्लांट, लौह आधारित विभिन्न उद्योगों में उपयोगी उत्पाद<br>बॉक्साइट कैल्सिनेशन प्लांट | 3,000 करोड़<br>950 करोड़ |
| 7 | नीलाम किए गए प्रमुख खनिज ब्लॉक (09 ब्लॉक) | खनिज ब्लॉकों में मुख्य खनिजों का उत्पादन | 32,774 करोड़ |
| 8 | नीलाम किए गए कोयला खनिज के (02 ब्लॉक) | खनिज ब्लॉकों में कोयला खनिज का उत्पादन | 1,450 करोड़ |
| | | कुल प्रस्तावित निवेश | 56,414 करोड़ |

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### शख्स को हाथी ने उठाकर पटका, अस्पताल में भर्ती



**अनूपपुर।** जिले में आया एक नर हाथी पिछले तीन दिनों से भड़क रहा है। यह हाथी वनकर्मियों और स्थानीय लोगों पर हमला करने की कोशिश कर रहा है, जिससे इलाके में लोग डर के माहौल में हैं। जैतहरी के ग्राम पंचायत लहरपुर के गोडान टोला निवासी हेमराज सिंह (45) हाथी के हमले का शिकार हुए। हाथी ने उन्हें सूंड से पकड़कर फेंक दिया।

### 10 साल की मासूम को कुत्तों ने नोंचा, गंभीर



**खरगोन।** करही में शाम 4:30 बजे 10 वर्षीय बच्ची पर आवारा कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से बच्ची डरकर भागी और सड़क पर गिर गई। गनीमत रही कि आसपास खड़े राहगीरों और दुकानदारों ने दौड़कर कुत्तों को भगाया और बच्ची को सुरक्षित बचा लिया। पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है।

अनिल अंबानी की मुसीबतें बढ़ीं : सीबीआई ने रिलायंस कम्युनिकेशंस कंपनी के परिसरों पर तलाशी ली

# 2,000 करोड़ रुपए के बैंक फ्रॉड केस में छापेमारी, ईडी के बाद सीबीआई की कार्रवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रिलायंस कम्युनिकेशंस कंपनी के मालिक अनिल अंबानी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। हाल ही में एसबीआई के 2000 करोड़ रुपए के फ्रॉड में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई के बाद अब सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) ने शनिवार को रिलायंस कम्युनिकेशंस के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों के अनुसार सीबीआई ने कंपनी के परिसरों पर तलाशी भी ली है।

यह कार्रवाई स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से हुई 2,000 करोड़ रु. से अधिक के बैंक धोखाधड़ी मामले से जुड़ी है। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी रिलायंस और अनिल अंबानी से जुड़ी जगहों पर छापेमारी की जा रही है। केंद्रीय जांच ब्यूरो ने बताया है कि 21 अगस्त को भारतीय स्टेट बैंक की मुंबई शाखा से प्राप्त एक शिकायत के आधार पर रिलायंस कम्युनिकेशन लिमिटेड (आरकॉम), मुंबई, इसके निदेशक अनिल डी. अंबानी, अज्ञात लोक सेवकों और अज्ञात अन्य के खिलाफ बैंक के साथ धोखाधड़ी करने और इस तरह बैंक को 2929.05 करोड़ रुपए का गलत नुकसान पहुंचाने के आरोप में एक आपराधिक मामला दर्ज किया है। सीबीआई के अनुसार 22 अगस्त 2025 को विशेष न्यायाधीश, सीबीआई, मुंबई की अदालत से तलाशी वारंट प्राप्त किया और उसके अनुसरण में, 23 अगस्त 2025 को मुंबई में दो स्थानों, मेसर्स रिलायंस कम्युनिकेशन लिमिटेड के आधिकारिक परिसर और अनिल डी. अंबानी के आवासीय परिसर में तलाशी ली जा रही है। तलाशी अब भी जारी है।

*ईडी की कार्रवाई तब हुई थी जब भारतीय स्टेट बैंक ने अनिल अंबानी की एक कंपनी के लोन अकाउंट को फ्रॉड (धोखाधड़ीपूर्ण) घोषित कर दिया था।*

**स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से हुई यह बड़ी धोखाधड़ी**







### ईडी के सामने पेश हुए थे अनिल

चौधरी ने कहा था कि 24 जून, 2025 को बैंक ने आरबीआई को धोखाधड़ी की सूचना दी थी और सीबीआई में भी शिकायत दर्ज कराई गई। 24 जुलाई को प्रवर्तन निदेशालय ने अनिल अंबानी की कंपनियों से जुड़े परिसरों पर 17,000 करोड़ के मनी लांड्रिंग मामले में छापेमारी की थी। इसके बाद अनिल अंबानी को ईडी के सामने पेश होना पड़ा था। ईडी की कार्रवाई तब हुई थी जब भारतीय स्टेट बैंक ने अनिल अंबानी की एक कंपनी के लोन अकाउंट को फ्रॉड(धोखाधड़ीपूर्ण) घोषित कर दिया था। इसके साथ ही मार्केट रेगुलेटर सेबी ने भी एक आदेश जारी किया, जिसमें फंड्स के व्यवस्थित रूप से डायवर्जन (अनियमित उपयोग) का खुलासा किया गया था।

**सेबी ने भी एक आदेश जारी किया, जिसमें फंड्स के व्यवस्थित रूप से डायवर्जन (अनियमित उपयोग) का खुलासा किया गया था।**

### धोखाधड़ी करने वाली संस्थाओं के रूप में कंपनी चिन्हित

वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने पिछले महीने लोकसभा में एक लिखित जवाब में बताया था कि धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन से संबंधित भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के निर्देशों और धोखाधड़ी के वर्गीकरण, रिपोर्टिंग व प्रबंधन से जुड़े बैंक के बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीति के अनुसार 13 जून को जिन संस्थाओं को धोखाधड़ी करने वाली संस्थाओं के रूप में वर्गीकृत किया गया था। इनमें रिलायंस कम्युनिकेशंस कंपनी भी है।

### कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया से गुजर रही आरकॉम

आरकॉम दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 के तहत कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया से गुजर रही है। समाधान योजना को लेनदारों की समिति की ओर से अनुमोदित किया गया था और 6 मार्च, 2020 को राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी), मुंबई में दायर किया गया था।

मुरैना एसपी पर प्रताड़ित करने का आरोप

# टीआई : सुसाइड न कर लूं इसलिए रिटायरमेंट ले रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुरैना

मुरैना पुलिस लाइन में पदस्थ टीआई रामबाबू ने एसपी समीर सौरभ पर गंभीर आरोप लगाते हुए स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति (वीआरएस) का आवेदन दिया है। टीआई रामबाबू ने कहा है कि नौकरी में लोड बहुत ज्यादा है, सह नहीं पा रहा हूं। आत्महत्या न कर लूं, इसलिए वीआरएस लेना ठीक समझा। टीआई ने कहा कि पुलिस विभाग में अभी जैसा दबाव है, वैसा दबाव मैंने अपनी 37 साल ▶▶ शेष पेज 4 पर

**इतना दबाव 37 साल की नौकरी में नहीं देखा**



रामबाबू यादव टीआई | समीर सौरभ एसपी

### एसपी समीर सौरभ बोले उन्हें बुलाकर समझाएंगे

एसपी समीर सौरभ ने कहा कि टीआई ने वीआरएस के लिए लेटर दिया है। यह बात सही है। एसपी ने टीआई को लेकर कहा कि वह अच्छा काम करते हैं। उनको समय-समय पर मैंने उत्साह भी बढ़ाया है। अभी शनि मेले में उनकी ड्यूटी है। मेले के बाद उनको बुलाकर समझाएंगे।

रिश्तेदार ने ही 4 दोस्तों के साथ मिलकर दुष्कर्म किया

# 16 साल की छात्रा से जंगल में गैंगरेप, वीडियो भी बनाया

**कपड़े खरीदने दतिया आई थी एक आरोपी को दबोचा**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दतिया

दतिया के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में 16 साल की छात्रा से गैंगरेप का मामला सामने आया है। नाबालिग ने रात में जो रिपोर्ट लिखाई है, उसके मुताबिक 5 युवकों ने दुष्कर्म किया और वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी दी। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। छात्रा ने पुलिस को बताया कि वह शुक्रवार सुबह कपड़े खरीदने नजदीकी गांव से दतिया आई थी। इसी दौरान ▶▶ शेष पेज 4 पर

**उपचार के लिए भोपाल में कराया गया भर्ती**

नर्मदापुरम में चलती ट्रेन से गिरा था सैनिक

# रेलवे लाइन पर बेसुध पड़े जवान के ऊपर से गुजरी 3 ट्रेनें, सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में सेना का जवान चलती ट्रेन से नीचे गिर गया। उसके ऊपर से 3 ट्रेनें गुजर गईं। रात में गश्त कर रहे गैंगमेन और कर्मचारियों ने उन्हें ट्रैक पर बेहोश हालत में देखा और अधिकारियों को इसकी सूचना दी। घटना शुक्रवार-शनिवार देर रात 2 बजे की है। देहरादून के रहने वाले भूपेंद्र (41) पिता सोहनवीर नासिक से जबलपुर आ रहे थे। इटारसी और सोहागपुर के ▶▶ शेष पेज 4 पर



### दूसरी ट्रेन से जवान को सोहागपुर लाया

अफसरों की सूचना पर108 एम्बुलेंस के ईएमटी भंवर सिंह मंडरे और पायलट ललित यादव मौके पर पहुंचे। रेलवे लाइन पर रास्ता न होने के कारण दोनों ने पैदल जाकर घायल जवान को ट्रैक से उठाया। दूसरी ट्रेन रुकवाकर सोहागपुर रेलवे स्टेशन लाया गया।

### प्राथमिक इलाज के बाद भोपाल रेफर

नर्मदापुरम जिला चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें भोपाल मिलिट्री हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया। हादसे की जानकारी मिलते ही सर्वोपरि कल्याण समिति के सदस्य नीलम पटेल, किशोर धड़ौरे और सुनील बर्दिया तत्काल अस्पताल पहुंचे। घायल जवान को भोपाल मिलिट्री अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने उनकी हालत खतरे से बाहर बताई है।

5 दिन ऐसा ही रहेगा मौसम, भोपाल में हो रही रुक-रुककर तेज बारिश

**श्योपुर में 125 मिमी से ज्यादा पानी गिर गया**

# 35 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट राजगढ़ व मंदसौर में अति भारी बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में बारिश का दौर जारी है। शनिवार को श्योपुर, शिवपुरी, मुरैना, उज्जैन, शाजापुर, डिंडौरी, सिंगरौली, नर्मदापुरम और बड़वानी के सेंधवा समेत कई जिलों में पानी गिरा। श्योपुर और शिवपुरी में तो पिछले दो दिनों से हो रही बारिश से बाढ़ जैसे हालात नजर आए। नदी-नाले उफान पर हैं। रविवार को छह जिलों में अति भारी और एक दर्जन जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

अगले पांच दिन ऐसा ही मौसम बने रहने के आसार हैं। इधर, भोपाल में रुक-रुककर तेज बारिश हो रही है। प्रदेश के 35 जिलों में बीते 24 घंटे में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश का दौर चलता रहा। श्योपुर ▶▶ शेष पेज 4 पर



रवीन्द्र भवन भोपाल, शाम का दृश्य

### भोपाल में 2006 में अगस्त में हुई थी 875 मिमी बारिश

भोपाल में अगस्त में मानसून जमकर बरसता है। इस महीने राजधानी में औसत 875 मिमी तक बारिश हो चुकी है, जो साल 2006 में हुई थी। 24 घंटे में सर्वाधिक बारिश करीब 300 मिमी 14 अगस्त 2006 को हुई थी। पिछले सालों की बात करें तो 2015 और 2022 में 750 मिमी से ज्यादा पानी गिर चुका है।

### ग्वालियर, चंबल-सागर में अच्छी बारिश

प्रदेश के छतरपुर, मंडला, टीकमगढ़, उमरिया समेत कई जिलों में मानसून जमकर बरस रहा है। यहां के 8 जिलों में से 7 में कोटे से ज्यादा पानी गिर चुका है। इनमें ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, अशोक नगर, भिंड, मुरैना और श्योपुर शामिल हैं। दतिया में भी 92 प्रतिशत से अधिक बारिश हो चुकी है। मौसम वैज्ञानिक अरुण शर्मा का कहना है कि रविवार को प्रदेश के राजगढ़, मंदसौर, नीमच, गुना, शिवपुरी और श्योपुर में अति भारी बारिश का अलर्ट है, जबकि विदिशा, सागर, अशोक नगर, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, सिंगरौली, रीवा, सतना, डिंडोरी, कटनी, छिंदवाड़ा, मंडला, सिवनी, बालाघाट और पन्ना में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

# उज्जैन में 27 अगस्त को होगा द्वितीय वैश्विक आध्यात्मिक पर्यटन सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महाकाल की पवित्र नगरी उज्जैन में 27 अगस्त को प्रदेश के द्वितीय वैश्विक आध्यात्मिक पर्यटन सम्मेलन 'रूहमेंटिक' का आयोजन होने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर आध्यात्मिक पर्यटन पर पीएचडीसीसीआई-केपीएमजी की रिपोर्ट आस्था और प्रवाहः भारत के पवित्र स्थलों में जनसमहू का मार्गदर्शन का विमोचन किया जाएगा। आध्यात्मिक गुरु गौरांग दास प्रभु सम्मेलन के मुख्य वक्ता होंगे। यह सम्मेलन पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) की ओर से पर्यटन मंत्रालय और मप्र पर्यटन बोर्ड के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। पर्यटन मंत्रालय के अपर सचिव एवं महानिदेशक सुमन बिल्ला और मध्यप्रदेश के प्रमुख सचिव पर्यटन शिव शेखर शुक्ला सहित वरिष्ठ अधिकारी सम्मेलन को संबोधित करेंगे। सम्मेलन के अंतर्गत सरकार-उद्योग गोलमेज कॉन्फ्रेंस, बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, जिम्मेदार आतिथ्य और आध्यात्मिक पर्यटन में सांस्कृतिक संवर्धन पर बातचीत के लिए मंच प्रदान करेगा। सम्मेलन में महत्वपूर्ण सत्रों आध्यात्मिक पर्यटन के निम्न आयामों पर चर्चा होगी।



■ मुख्यमंत्री और केंद्रीय पर्यटन मंत्री शेखावत करेंगे शुभारंभ

- *मंदिर अर्थव्यवस्थाएंः जहां आस्था आजीविका से मिलती है। यह जांच करना कि मंदिर सर्किट स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को कैसे बनाए रखते हैं।*
- *महाकाल का मंडलः उज्जैन की आध्यात्मिक शक्ति और शहरी भविष्य - विरासत और आधुनिकीकरण की खोज। मन, शरीर और आत्मा- नई आध्यात्मिक सीमा के रूप में कल्याण - योग, आयुर्वेद और कल्याण का एकीकरण।*
- *डिजिटल में दिव्यः आध्यात्मिकता 2.0 - आध्यात्मिक पहुंच पर एआई, वीआर और एप्स का प्रभाव।*
- *पवित्र धुरी के संरक्षकः ज्योतिर्लिंग सर्किट - 12 ज्योतिर्लिंगों के सांस्कृतिक महत्व का पता लगाना।*
- *सम्मेलन के प्रतिभागी महाकालेश्वर और काल भैरव के दर्शन करेंगे तथा उज्जैन की आध्यात्मिक विरासत का अनुभव करेंगे। सम्मेलन ई-फैक्टर एक्सपीरियंस, मंदिर ऐप, आईआरसीटीसी, मान फ्लीट पार्टनर्स, केपीएमजी, इंदौर टॉक, होटल अंजुश्री, एडीटीओआई, एफएचआरएआई, आईएटीओ और टीएएआई के सहयोग से आयोजित है।*

## आयातित तुअर पर मंडी शुल्क में छूट

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव का तुअर दाल संघ ने माना आभार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से कटनी में माइनिंग कॉन्क्लेव के दौरान तुअर दाल संघ के प्रतिनिधियों ने भेंट कर राज्य सरकार द्वारा आयातित तुअर पर मंडी शुल्क में छूट प्रदान करने के निर्णय के लिए आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधियों ने कहा कि यह कदम दाल उद्योग को संकट से उबारते हुए नए जीवन का संचार करेगा और उद्योग जगत को मजबूती प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को प्रतिनिधियों ने आभार स्वरूप धन्यवाद पत्र भेंट किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार सदैव जनता और किसानों के हित में कार्य कर रही है। उद्योगों के विकास और युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए लगातार महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा रहे हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि आगे भी राज्य सरकार उद्योग और व्यापार जगत की बेहतरी तथा किसानों के उत्थान के लिए ठोस कदम उठाती रहेगी। इस अवसर पर परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री तथा कटनी जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह, सांसद वीडी शर्मा व अन्य लोग मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश, गंभीर अपराध के दोषी बंदियों की सजा यथावत रहेगी

# 14 हजार पात्र बंदियों को मिली सजा में छूट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर जेल विभाग को प्रदेश की जेलों के पात्र दंडित बंदियों की सजा में लगभग 60 दिन की छूट देने के निर्देश दिए हैं।

सजा में दी गई इस छूट से विभिन्न जेलों में बंद 21 हजार बंदियों में से लगभग 14 हजार बंदी लाभान्वित होंगे। राज्य सरकार की इस समय पूर्व रिहाई नीति में आतंकवादी गतिविधि, लैंगिक अपराध (पास्को, बलात्कार), मादक पदार्थ और दो से अधिक हत्या जैसे गंभीर अपराध के दोषी बंदी पात्र नहीं होते हैं, उनकी सजा यथावत रहेगी।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस मानसिक तौर पर हुई कंगाल, नहीं बची शब्दों की गरिमाः सबनानी

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी ने कांग्रेस के प्रदेश मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक द्वारा प्रशासनिक अधिकारी के प्रति अभद्र शब्दों के प्रयोग को निंदनीय बताते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता लंबे समय तक विपक्ष में रहने के कारण बौखला गए हैं। इसीलिए वो कभी महिलाओं, कभी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और प्रशासनिक अधिकारियों के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। कांग्रेस नेता नौटंकी और हास्यास्पद हरकतों के सहारे सुर्खियां बटोरना चाहते हैं, लेकिन मध्यप्रदेश की जनता सब देख रही है और आने वाले समय में कांग्रेस को मानसिक दिवालियापन का करारा जवाब देगी।



### राजधानी भोपाल का नाम भोजपाल करने 14 स्थानों पर किया प्रदर्शन



**भोपाल।** भोजपाल मित्र परिषद की ने शनिवार को भोपाल का नाम 'भोजपाल' करने की मांग को लेकर 14 जगहों पर विशाल जारुकता प्रदर्शन आयोजित किया। यह प्रदर्शन सुबह 10 बजे चंचल चौराहा बैरागढ़ से शुरू हुआ। भोजपाल मित्र परिषद के अध्यक्ष आशीष पांडे, कार्यक्रम समन्वयक हरिओम जटिया व महासचिव आशीष जनक ने बताया कि इस प्रदर्शन के माध्यम से हम शहर की मूल पहचान और गौरव को वापस लाने की मांग कर रहे हैं।

### एनएसयूआई ने छात्र संघ चुनाव को लेकर सीएम को खून से लिखा पत्र

**भोपाल।** प्रदेश में छात्रसंघ चुनाव न होने के विरोध में एनएसयूआई ने पीसीसी के बाहर प्रदर्शन कर कहा कि 2017 से छात्रसंघ चुनाव नहीं हुए, जो छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि सरकार तुरंत चुनाव की तिथि घोषित करें और कॉलेजों को तैयारी के निर्देश दे। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम खून से पत्र भी लिखा।

## कॉपर में सबसे अधिक उत्पादन, लाइमस्टोन और हीरा उत्पादन में भी प्रदेश अग्रणी

# मध्यप्रदेश देश में इकलौता राज्य जहां हर तरह के खनिज उपलब्ध

*अधिकारियों और उद्योगपतियों ने साझा किए अपने अनुभव*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रमुख सचिव खनिज संसाधन उमाकांत उमराव ने कहा कि मप्र की धरती हीरे के साथ सोना भी उगलती है। मध्यप्रदेश, देश में ऐसा इकलौता राज्य है, जहां हर तरह के खनिज उपलब्ध हैं। कॉपर में सबसे अधिक उत्पादन, लाइमस्टोन और हीरा उत्पादन में भी प्रदेश अग्रणी है। कई खनिज की उपलब्धता उच्च श्रेणी में है। प्रदेश के हर जिले में कोई न कोई खनिज जरूर मिलता है। शहडोल में कोल, बॉक्साइड है, छिंदवाड़ा में कोल और बैतूल में ग्रेफाइट है।

प्रमुख सचिव उमराव शनिवार को कटनी में आयोजित मध्यप्रदेश माइनिंग कॉन्क्लेव 2.0 में खनन क्षेत्र के उद्योगपतियों और खनन उद्योग लगाने के इच्छुक निवेशकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि खनिजों के दोहन के लिए आवश्यक अधोसंरचना की जरूरत है। मप्र में 5 लाख किमी लंबी सड़कें हैं। प्रदेश के इंस्टीट्यूट से हर साल 1 लाख बच्चे पढ़कर निकलते हैं। प्रदेश में बिजली सरप्लस है और पानी की पर्याप्त उपलब्धता है। प्रदेश में ईंधन के लिए पेट्रोलियम और गैस के 12 ब्लॉक चिह्नित किए गए हैं।





### उद्योगों को 40 प्रतिशत तक सहायता प्रदान कर रही सरकार

मप्र सरकार औद्योगिक इकाई स्थापित करने पर उद्योगों को 40 प्रतिशत तक सहायता प्रदान कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लंदन में ट्रेड एग्रीमेंट के समय ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के साथ स्पीड ऑफ डूइंग बिजनेस पर भी जोर दिया है। प्रधानमंत्री के इस मंत्र पर राज्य सरकार प्रदेश में आने वाले निवेशक को यह सुविधा प्रदान कर रहा है कि वह 30 दिन में अपना उद्योग शुरू कर सके। राज्य सरकार ने मध्यप्रदेश जन विश्वास बिल लागू किया है। प्रदेश की जनता को सरकार पर भरोसा है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के बाद प्रदेशभर में अलग-अलग सेक्टर के रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित की गई हैं। प्रदेश के समेकित विकास के लिए कार्य किए जा रहे हैं। भोपाल में हुई जीआईएस में 30.77 लाख करोड़ के निवेश आए। उसके बाद 1 लाख करोड़ का निवेश अलग-अलग कार्यक्रमों में मिल चुका है।

### ग्रेफाइट सहित 30 क्रिटिकल एलिमेंट मिले

*कोल बेस्ड मीथेन 37 प्रतिशत मध्यप्रदेश प्रोड्यूस करता है। खनन क्षेत्र के बेहतर दोहन के लिए सरकार और कंपनियों की अहम भूमिका है। जबलपुर में गोल्ड का भंडार मिला है। ग्रेफाइट सहित 30 क्रिटिकल एलिमेंट मिले है, जिन्हें क्रिटिकल मिनरल्स कहते हैं। लीथियम और लौह अयस्क के लिए सीधी में एक बेल्ट चिह्नित की गई है। प्रदेश में खनिज संपदा का देश में सबसे अधिक खनन हो रहा है। उन्होंने उद्योगपतियों से आह्वान किया कि देश के दिल मध्यप्रदेश आइए, यहां आपको सोना और हीरे के साथ बहुत कुछ मिलेगा।*

### उद्योगपतियों ने मध्य प्रदेश की खनन नीति की सराहना की

*मप्र माइनिंग कॉन्क्लेव 2.0 में उद्योगपतियों ने सीएम के सामने अपने अनुभव साझा किए। हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड के चेयरमैन संजीव कुमार सिंह ने कहा कि तांबा एक शाश्वत धातु है। भारत में तांबे के उपयोग का प्राचीन इतिहास रहा है। हमारी 12 मिलियन टन तांबा उत्पादन क्षमता में 5 टन मलजखंड खदान से आएगा। कंपनी ने 32 टन कॉपर राम मंदिर निर्माण के लिए दान दिया है। सीएम के सहयोग से मप्र को तांबा उत्पादन में अग्रणी बनाएंगे। माइनवेयर एडवायजर के एमडी कौशिक बोस ने कहा कि हमारी कंपनी मैकेनाइज माइनिंग करती है। राज्य में 450 करोड़ का निवेश प्रस्तावित है। उन्होंने मप्र सरकार और सीएम की ओर से दी जा रही सुविधिाओं के लिए आभार माना। कॉन्क्लेव में सहभागी बने अन्य उद्योगपतियों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए प्रदेश की खनन नीति की सराहना की।*

### मध्यप्रदेश में 1 लाख एकड़ से अधिक लैंडबैंक, बिजली सरप्लस

*प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि मप्र में 1 लाख एकड़ से अधिक लैंडबैंक है। यहां बिजली सरप्लस है, जिसका 20 प्रतिशत ग्रीन एनर्जी से आता है। हम 2030 तक एनर्जी बॉस्केट में 50 प्रतिशत ग्रीन एनर्जी शामिल करेंगे। प्रदेश में कुशल और सस्ती दरों पर श्रमिक उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार निवेशकों से किए सभी वादे पूरे करती है। प्रदेश में 4 इंडस्ट्रियल कॉरिडोर हैं, एक और नया बनेगा। राज्य सरकार कटनी में मल्टी मॉडल इंडस्ट्रियल डिपो बनाने जा रही है। प्रदेश में 5 हजार से अधिक स्टार्टअप काम कर रहे हैं। प्रदेश सरकार ने फरवरी में 18 नई बिजनेस फ्रेंडली पॉलिसी लागू की थी।*

## मंत्री सारंग ने ली समीक्षा बैठक



### राष्ट्रीय खेल दिवस 2025:

# प्रधानमंत्री के 'एक घंटा खेल के मैदान में' आह्वान पर होगी खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा युवाओं और नागरिकों को फिटनेस की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से दिए गए 'एक घंटा खेल के मैदान में' आवाह्न पर मप्र में राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त से 31 अगस्त तक तीन दिवसीय खेल एवं फिटनेस कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने शनिवार को टीटी नगर स्टेडियम में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सारंग ने कहा कि हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की 120वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले इस खेल महोत्सव से प्रदेशभर में खेल भावना और फिट इंडिया मुहिम को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रदेश के सभी 313 ब्लॉक्स में खेल और फिटनेस गतिविधियों का आयोजन सुनिश्चित किया जाए।

### तीन दिवसीय खेल महोत्सव का शुभारंभ 29 को

*राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 29 अगस्त को तात्या टोपे स्टेडियम से प्रदेश स्तरीय तीन दिवसीय खेल महोत्सव का शुभारंभ होगा। महोत्सव में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर 'मिनी ब्राजील' के नाम से प्रसिद्ध विचारपुर गांव और फुटबॉल प्रतिभा के धनी सरदारपुर गांव के बीच एक रोमांचक फुटबॉल मुकाबला खेल प्रेमियों को आकर्षित करेगा।*

### साइकिल रैली से होगा समापन

सारंग ने बताया कि 30 अगस्त को भोपाल में खेल और फिटनेस पर सेमिनार आयोजित किया जाएगा, जिसमें विशेषज्ञ एंटी डोपिंग व स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर मार्गदर्शन देंगे। 31 अगस्त को समापन दिवस पर वन विहार से फिट इंडिया 'संडे ऑन साइकिल' के अंतर्गत लेक व्यू तक साइकिल रैली निकाली जाएगी। इस रैली का समापन बोट क्लब पर वॉटर स्पोर्ट्स के साथ होगा।

## वार्षिक छात्र अलंकरण समारोह आयोजित

# शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन को भी जीवन में अपनाएं : स्वामी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के मुगालियाछाप स्थित शासकीय श्रमोदय आवासीय विद्यालय में वार्षिक छात्र अलंकरण समारोह 2025-26 बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. धीरेंद्र कुमार स्वामी, निदेशक बीएनएस ग्रुप तथा राजेश तिवारी, प्रबंधक शारदा विहार आवासीय विद्यालय, भोपाल ने अपने प्रेरक उद्बोधन में विद्यार्थियों को शिक्षा साथ-साथ संस्कार, अनुशासन और कठोर परिश्रम को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। डॉ. स्वामी ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व पर संदेश देते हुए कहा सच्ची संपत्ति धन नहीं, बल्कि शिक्षा है। क्योंकि यही जीवन भर आपका साथ निभाती है। समारोह के विशेष आकर्षण के रूप में चयनित विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि द्वारा बैचेस प्रदान कर अलंकृत किया गया।

## कांग्रेस नेता के बयान पर मचा घमासान

# पीसीसी के सामने भाजपा महिला मोर्चा ने किया विरोध-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजगढ़ में कांग्रेस नेता द्वारा लाड़ली बहनों को लेकर दिए गए बयान के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा ने पीसीसी के सामने प्रदर्शन किया। भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने हाथ में बोरे लेकर रेड क्रॉस अस्पताल से पीसीसी कार्यालय की ओर जाने वाले मार्ग पर विरोध कर मार्च निकाला।

प्रदर्शन कर रही महिलाएं जैसे ही पीसीसी कार्यालय की ओर बढ़ीं, पुलिस ने बीच सड़क पर बेरिकेड्स लगाकर उन्हें रोक दिया। इस दौरान महिलाओं ने कांग्रेस पार्टी मुदार्बाद के नारे भी लगाए।कांग्रेस नेता यशवंत



गुर्जर के लाड़ली बहना वाले बयान पर भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकतार्ओं ने शनिवार को कांग्रेस कार्यालय पर हाथ में बोरे और तख्ती लेकर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा सुषमा चौहान ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के नेताओं ने अभद्र टिप्पणी महिलाओं पर की है।

## जर्मनी के प्रमुख टेक संस्थापकों के प्रतिनिधियों ने की मेज़बानी

# जेबिया ने एक बार फिर नवाचार की दिशा में अपनी क्षमता का किया जोरदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वैश्विक आईटी कंसल्टिंग और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन में अग्रणी कंपनी जेबिया ने एक बार फिर नवाचार की दिशा में अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। कंपनी ने भोपाल स्थित अपने कार्यालय में जर्मनी के प्रमुख टेक संस्थापकों और इनोवेशन लीडर्स के प्रतिनिधिमंडल ने मेज़बानी की। यह कार्यक्रम एमपीआर्डीसी के सहयोग से मध्यप्रदेश-जर्मनी टेक्नोलॉजी इनोवेशन एंड कोलैबोरेशन (जीआईआईसी) 2025 पहल के तहत आयोजित हुआ।



### इनोवेटिव सॉल्यूशंस का लाइव प्रदर्शन

*कार्यक्रम में जेबिया टीम ने कंपनी की भविष्य दृष्टि साझा की और अपने अत्याधुनिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं इनोवेटिव सॉल्यूशंस का लाइव प्रदर्शन किया। जर्मन टीम के प्रतिनिधि मंडल ने इसे एक प्रेरक अनुभव बताया। इस अवसर को सफल बनाने में एमपीआईडीसी का विशेष योगदान महत्वपूर्ण रहा।*

## प्रदेश भाजपा अध्यक्ष, संगठन महामंत्री, मंत्री पटेल ने दिलाई कांग्रेसियों को पार्टी की सदस्यता

# भाजपा में कोई कार्यकर्ता छोटा-बड़ा नहीं, सबको मिलता है सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद एवं मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल के समक्ष भाजपा प्रदेश कार्यालय में शनिवार को कांग्रेस नेताओं सहित करीब 280 कार्यकर्ताओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

इस दौरान रायसेन जिले के उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र के बरेली के ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेश उपाध्याय, जिला यूथ कांग्रेस महामंत्री आदित्य स्थापक सहित 280 से अधिक कांग्रेस नेताओं व कार्यकताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर मिस्ड कॉल के माध्यम से पार्टी की सदस्यता दिलाई गई।





### कांग्रेस में कार्यकर्ताओं की परख नहीं होतीः उपाध्याय

बरेली के ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रहे राजेश उपाध्याय ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के बाद कहा कि कांग्रेस में पार्टी के कार्यकर्ताओं की पूछ-परख नहीं होती, इसलिए भारतीय जनता पार्टी में आने का फैसला लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश आगे बढ़ रहा है।

### देश को बढ़ाने का कार्य करते रहेंगे

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि हम सब मिलकर भारतीय जनता पार्टी के परिवार को बढ़ाने के साथ-साथ देश को बढ़ाने का कार्य करेंगे। हमारी पार्टी में जितना मान-सम्मान पार्टी के कार्यकर्ताओं को मिलता है उतना ही सम्मान आपको मिलेगा। भाजपा में कोई कार्यकर्ता छोटा-बड़ा नहीं होता सबको सम्मान मिलता है। किसी भी छोटे से कार्यकर्ता को जिम्मेदारी मिल जाती है और वो उसे ईमानदारी के साथ निभाता है। आप सभी ने दिल से कांग्रेस का कार्य किया होगा, लेकिन कांग्रेस में जमीनी कार्यकर्ताओं का मूल्यांकन नहीं होता। वहां पर सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने वालों का मूल्यांकन होता है और फील्ड में काम करने वालों को नजरअंदाज किया जाता है। इसलिए कांग्रेस का परिवार रोज घट रहा है और भाजपा का परिवार बढ़ रहा है।

### श्रम विभाग के अफसरों एवं निरीक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण

**भोपाल।** श्रम कानूनों को लेकर आयोजित कार्यशाला में विभिन्न श्रम अधिनियमों के प्रवर्तन, ग्रेच्युटी अधिनियम, उपकर निर्धारण एवं औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा से संबंधित विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्स की ओर से सुरक्षा से संबंधित विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। इसका शुभारम्भ सचिव रघुराज राजेन्द्रन तथा श्रमायुक्त रजनी सिंहने किया। अपर सचिव बसंत कुर्रे, अपर श्रमायुक्त प्रभात दुबे एवं श्रम विभाग तथा औद्योगिक स्वास्थ्य सहित बड़ी संख्या में निरीक्षक उपस्थित थे।



**भोपाल।** शनिवार को नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी के साथ सभी नवनियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्षों ने मुलाकात की।

7 प्रतिबंधित नाइट्रावेट की तस्करी, क्राइम ब्रांच ने 3....



8 चीफ इंजीनियर सुरों के साथ बोल पड़े... तेल मालिश...





**कचरा प्रोसेसिंग का काम समझा, कचरा मुक्त बनाने के लिए टिप्स**

## आंध्र प्रदेश के अफसरों ने देखी आदमपुर खंती, भानपुर की सुंदरता को भी निहारा

*सफाई व्यवस्था की मॉनीटरिंग को समझने आई टीम*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

उत्तराखंड के बाद आंध्रप्रदेश की निकायों के कमिश्नर दो दिन से राजधानी में डेरा डाले हुए हैं। पांच सदस्यीय टीम आदमपुर लैंडफिल साइट और भानपुर रेमीडेशन देखने पहुंची। इसी के साथ टीम ने नगर निगम के नवाचारों को देखा।

आंध्र प्रदेश के शहरों को कचरा मुक्त बनाने के लिए अधिकारियों की यह टीम कचरा प्रोसेसिंग के तरीके और निगम की सफाई व्यवस्था की मॉनीटरिंग को समझने भोपाल आई है।

### नगर निगम खुद कर रहा कचरा प्रोसेसिंग

नगर निगम के अपर आयुक्त देवेन्द्र सिंह चौहान का कहना है कि आंध्र प्रदेश से आई टीम को भोपाल नगर निगम की उपलब्धि और आदमपुर लैंडफिल साइट में कचरा प्रोसेसिंग के तरीका बताया गया है। टीम ने आदमपुर छावनी पहुंचकर देखा कि कैसे निगम अपने ही संसाधन और कर्मचारियों से कचरे का प्रोसेसिंग करवा रहा है। जबकि देश के दूसरे शहरों में यह काम अलग-अलग कंपनियां कर रही हैं।



### भोपाल देश का दूसरा स्वच्छ शहर

स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में भोपाल को देश का दूसरा स्वच्छ शहर का तमगा मिला है। नगर निगम भोपाल के किए उपायों को देशभर के शहर भी अपना रहे हैं। इसलिए देश के अलग-अलग शहरों के निकायों की टीमें लगातार भोपाल आ रही हैं। हाल ही में उत्तराखण्ड के शहरों के जनप्रतिनिधि और अधिकारियों की टीम ने नगर निगम के कामकाज को देखा था। अब आंध्रप्रदेश के शहरों की निकायों के कमिश्नर भोपाल आए हैं। नगरीय प्रशासन के स्वच्छ भारत मिशन के अधिकारियों के मुताबिक आंध्र प्रदेश सरकार सभी शहरी इलाकों को कचरा मुक्त बनाने की तैयारी कर रही है। इसलिए निकायों के अधिकारियों की टीम एमपी आई है।

**सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने की कोलार और गोविंदपुरा में स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा**

## काम में लापरवाही करना पड़ा महंगा, दो एएनएम निलंबित



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं और कार्यक्रमों में लापरवाही करने पर सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा ने सख्त एक्शन लेते हुए 15 स्वास्थ्य कर्मचारियों को नोटिस कर निलंबन, वेतन वृद्धि रोकने सहित अन्य अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा ने शनिवार को कोलार और गोविंदपुरा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की। सीएमएचओ ने कोलार सर्किल के वार्ड 51 की दो एएनएम को निलंबित किया है। वहीं वार्ड 82 व 84 की चार एएनएम के वेतन वृद्धि तत्काल प्रभाव से रोकने के आदेश जारी किए हैं।

### मातृत्व सेवाओं में कमी

सुरक्षित मातृत्व सेवाएं देना शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। कर्मचारियों की उदासीनता अथवा लापरवाही के कारण हितग्राहियों को होने वाली परेशानी को देखते हुए ऐसे कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

डॉ. मनीष शर्मा, सीएमएचओ

### इन स्वास्थ्य कर्मियों पर हुई कार्रवाई

- वार्ड 51- सुषमा मंडल, सृष्टि धवाले
- वार्ड 82- कविता सिंह, फूलकली सिंह
- वार्ड 84- प्रीतू पटेल, दिव्या अहिरवार
- वार्ड 12- शांति खबसे, ममता मानकपुरी
- वार्ड 16- राखी राठौर, राजकुमारी कोरी
- वार्ड 64- सारिका भालेकर, संतोष शुक्ला
- वार्ड 66- रीता कौरव, प्रेमलता नागले
- वार्ड 67- उमा भराड़े

**खबर संक्षेप**

### अब 25 प्रतिशत किराया देकर यात्री ले सकेंगे रेलवे की डुप्लीकेट टिकट

**भोपाल।** अगर आपकी ट्रेन की कंफार्म टिकट गुम हो जाए या फिर खराब हो जाए। तो इसके लिए परेशान होने की जरूतर नहीं है। रेलवे ने हाल ही में डुप्लीकेट रेल टिकट के नियमों बदलावा कर दिया है। इसके तहत रेलवे ने दो कैटेगिरी बनाई गई है। जिसके अनुसार यात्रियों को भुगतान किया जाएगा। पहली चार्ट तैयार होने से पहले और दूसरी चार्ट तैयार होने के बाद की श्रेणी। जिसके आधार पर यात्री को डुप्लीकेट टिकट के लिए भुगतान करना होगा। अगर चार्ट तैयार होने के बाद उनकी रिजर्वेशन टिकट गीली या फट जाने से खराब हो जाती है। जिस पर डुप्लीकेट टिकट लेने के लिए यात्री को टिकट किराए का 25 फीसदी भुगतान करना होगा। यह नियम रिजर्वेशन अगेंस्ट कैसिंलेशन (आरएसी) पर भी लागू होगा। अगर आपकी वेटिंग टिकट है और वह खराब हो जाती है। ऐसी स्थिति में डुप्लीकेट टिकट के लिए यात्री को किराए का 50 प्रतिशत किराया देना होगा। वहीं आरएसी वालों को डुप्लीकेट टिकट नहीं दिया जा सकेगा। बता दें कि पिछले दिनों बारिश की वजह से कुछ यात्रियों की टिकट भीगने की वजह से खराब हो गई थी।

**ड्रग्स की तस्करी को लेकर सेंट्रल एजेंसियों के रडार पर राजधानी**

## पुलिस के बीट सिस्टम के कमजोर होने से मुखबिरी फेल, इसका फायदा उठा रहे नशे के 'सौदागर'



**नहीं लग पा रही बड़े मामलों की भनक**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हाल ही में मध्यप्रदेश पुलिस ने नशे से दूरी है जरूरी स्लोगन के साथ व्यापक रूप से अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने नशा मुक्ति को लेकर जनजागरूकता कार्यक्रम भी चलाए। इधर सेंट्रल एजेंसियां लगातार मध्यप्रदेश विशेषकर भोपाल में छापे मार रही है और वहीं बड़े मामले का खुलासा भी कर रही है।

इससे स्थानीय पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहा है कि इतने बड़े स्तर पर चलते वाले ड्रग्स सिडिकेंट की जानकारी पुलिस को क्यों नहीं मिल पा रही। रिटायर्ड पुलिस अफसरों की माने तो पुलिस का बीट सिस्टम प्रभावी नहीं है, इसलिए उसको सूचना नहीं मिल पाती। साथ ही थाना प्रभारी का अपने स्टाफ से समन्वय नहीं है। सेंट्रल एजेंसियां अपने नेटवर्क के माध्यम से ही इस तरह के खुलासे कर पा रही है।

*स्थानीय पुलिस का इंटेलीजेंस फेल साबित हो रहा*

*सेंट्रल एजेंसियों का है एक बड़ा नेटवर्क*



### थाना प्रभारी से सामंजस्य नहीं होना भी एक कारण

रिटायर्ड आईजी आरआर एस परिहार का कहना है कि पहले के समय में पुलिस का बीट सिस्टम मजबूत होता था, इसलिए उसे सूचनाएं मिल जाती थीं। बीट प्रभारी का आम लोगों से भी बेहतर तालमेल रहता था। वहीं थाने के टीआई का अपने स्टाफ से समन्वय रहता था। वर्तमान में कम्युनिकेशन के इतने साधन होने के बाद भी पुलिस को बड़े मामलों की जानकारी नहीं मिल पा रही, यह बड़े हैरत की बात है। इससे पता चलता है कि पुलिस का मुखबिर तंत्र कमजोर है, इसलिए पहले बीट सिस्टम पर फोकस करना होगा। कई बार तो निचले स्टाफ को भनक रहती है, लेकिन टीआई से सामंजस्य न होने के कारण वो इस तरह के मामलों में ध्यान नहीं देते।

### *इस तस्करी का हब बन रहा भोपाल*

*हाल ही में सेंट्रल एजेंसी डीआरआई ने जगदीशपुरा स्थित एक फैक्ट्री पर छापा मारा कर 92 करोड़ की मेफेड्रोन के निर्माण का खुलासा किया। इधर ड्रग्स तक ही मामला सीमित नहीं है। इस फैक्ट्री का अंडरवर्ल्ड कनेक्शन भी मिला। जिसकी जांच की जा रही है। इसके बाद डीआरआई ने भोपाल जंक्शन से दो तस्करों को पकड़कर 24 करोड़ रुपए की अवैध ड्रग्स बरामद की। 10 माह पूर्व कटारा थाना क्षेत्र में इंडिस्ट्रयल एरिया बगरौदा में नेशनल नारकोटिस ब्यूरो एनसीबी ने छापा मारा था। जिसमें 1800 करोड़ की ड्रग्स का खुलासा हुआ था। इस मामले में एनसीबी के छापे के बाद ही कटारा हिल्स पुलिस को मामले की जानकारी मिली। इस तरह के मामलों से पता चल रहा है कि भोपाल ड्रग्स तस्करी का हब बनता जा रहा है। ड्रग्स तस्कर नशा बेंचकर युवाओं का जीवन बर्बाद कर रहे है।*

## नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. महापात्रा ने एम्स में स्वास्थ्य सेवाएं देखीं



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एम्स के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. एके महापात्रा ने संस्थान के ओपीडी, पेशेंट वार्ड का निरीक्षण कर डॉक्टर्स, नर्सिंग अधीक्षक, छात्र संघ प्रतिनिधि के साथ स्वास्थ्य सेवाओं पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने विभागाध्यक्षों और अन्य अधिकारियों के साथ बैठके की और संस्थागत चुनौतियों एवं उनके संभावित समाधानों पर चर्चा की। उन्होंने मरीजों की देखभाल और सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने नव विकसित फुटसाल एरीना का उद्घाटन किया।

**पांढुर्णा में गोटमार मेले में 934 लोग घायल**


## पत्थरबाजी से किसी का सिर फूटा, किसी का पैर फ्रैक्चर, भीड़ में फंस गई एंबुलेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा

पांढुर्णा में शनिवार को गोटमार मेला चला। जाम नदी किनारे बसे पांढुर्णा और सावरगांव की ओर से परंपरा के अनुसार एक-दूसरी तरफ पत्थर मारे जा रहे हैं। दोनों किनारों पर बड़ी संख्या में लोग जुटे हैं। सुबह से दोपहर को 3 बजे तक 934 लोग घायल हो चुके थे। घायलों में से दो को नागपुर रेफर किया गया है। इनमें एक ज्योतिराम उईके का पैर टूट गया है, जबकि निलेश जानराव का कंधा टूटा है।

प्रशासन ने घायलों के इलाज के लिए 6 अस्थायी स्वास्थ्य केंद्र बनाए गए हैं, इनमें 58 डॉक्टर और 200 मेडिकल स्टाफ तैनात है।

**सुरक्षा के लिहाज से 600 पुलिस जवान तैनात**



### 58 डॉक्टर रहे मुस्तैद

सुरक्षा के लिहाज से 600 पुलिस जवान तैनात हैं। कलेक्टर अजय देव शर्मा ने धारा 144 भी लागू कर दी है। जाम नदी में चंडी माता की पूजा की जाती है। सावरगांव के लोग पलाश का पेड़ काटकर लाते हैं और नदी के बीच में लगाते हैं। सावरगांव के लोग पलाश का पेड़ और झंडा नहीं निकालने देते। वे इसे लड़की मानकर रक्षा करते हैं। पांढुर्णा के लोगों को लड़के वाला मानते हैं। अंत में झंडे को तोड़ लेने के बाद दोनों पक्ष मिलकर चंडी माता की पूजा कर गोटमार को खत्म करते हैं।

## छह हजार पेंडिंग केस निपटाने छुट्टी के दिन पहुंचे तहसीलदार

**भोपाल।** तेरह दिन तक काम नहीं करने वाले नायब तहसीलदार और तहसीलदारों के कोर्ट की पेंडेंसी निपटाने में अफसर जुट गए हैं, जिसके तहत शनिवार को छुट्टी होने के बाद भी अफसरों ने दफ्तर पहुंचकर पेंडिंग काम निपटाया। दरअसल लोकसेवा गारंटी वाले प्रकरणों में रोजाना के हिसाब से 250 रुपए जुर्माना लगाया जाता है। जिसको देखते हुए अफसर सबसे पहले लोकसेवा गारंटी के कामों को निपटा रहे हैं, लेकिन उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती पेंडिंग हो चुके 6 हजार केसों को निपटाने की है। मप्र राजस्व अधिकारी (कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा) संघ के अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान का कहना है कि पेंडिंग केसों निपटाने काम चल रहा है।

**मलबे को रीसाइकल करके उपयोग में लेगा नगर निगम**

## कोठी की जमीन से मलबा हटाकर होगी तार फेंसिंग

**शासकीय जमीन के उपयोग को लेकर निर्णय बाद में लिया जाएगा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर के हथाईखेड़ा स्थित अनंतपुरा कोकता में ड्रग्स माफिया शाहवर व यासीन मछली सहित परिवार के अन्य लोगों द्वारा सरकारी जमीन पर कब्जा कर कोठी, वेयर हाउस, फार्म हाउस, मैरिज गार्डन सहित अवैध मदरसे का निर्माण किया था।

तीन मंजिला कोठी को ढहाने पर भारी मात्रा में मलबा निकला है, जिसे नगर निगम को सीएंडडी वेस्ट के रूप में दिया जाएगा। नगर निगम इसे रीसाइकल करके उपयोग में लेगा। इधर मलबा हटने के बाद कोठी के एक एकड़ एरिया की तार फेंसिंग कराई जाएगी।



### कानूनगो ने की अवैध मदरसे को ढहाने की मांग

फेसिंग का जिम्मा प्रशासन ने नगर निगम को सौंपा है। शासकीय जमीन का क्या उपयोग किया जाएगा, इसको लेकर निर्णय बाद में लिया जाएगा। इधर, राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने आरोपी शाहवर मछली और यासीन के परिवार की अवैध कोठी के बगल में सरकारी जमीन पर संचालित अवैध मदरसे को भी ढहाने के लिए मुख्यमंत्री से आग्रह किया है।

### *प्रशासन करवा रहा सर्वे, कोठी के आसपास बने 70 से ज्यादा मकान*

*अनंतपुरा गांव में मछली माफिया के अवैध कब्जे हटाने के बाद अब प्रशासन अन्य जमीनों का भी सर्वे करवा रहा है। बताया जा रहा है कि कोठी के आसपास भी शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे किए गए हैं। इन सभी निर्माण की जांच करवाई जा रही है जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। जांच में अब यह निकलकर सामने आ रहा है कि अनंतपुरा गांव अधिकांश मप्र शासन की जमीन पर बसा हुआ है।*

**हमीदिया अस्पताल के डॉक्टरों की मेहनत से बची मासूम की जान**

## सांप ने तीन साल के मासूम के सिर पर डसा, चार दिन बाद आया होश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बरसात के मौसम में जमीन पर सोना जानलेवा साबित हो सकता है। 12 नंबर बस्ती में रहने तीन साल के मासूम को सांप ने सिर पर डस लिया। मासूम घर में अपनी मां के साथ जमीन पर सो रहा था। तभी जहरीला कॉमन करैत घर में घुस आया और पहले बच्चे को सिर पर और फिर मां के पैर पर काट लिया।

हालत गंभीर होने पर दोनों को हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 10 दिन तक बच्चा वेंटिलेटर पर रहा। हमीदिया अस्पताल के डॉक्टरों की मेहनत और समय पर इलाज से अब मां-बेटे की जिंदगी सुरक्षित है।

**घर में जमीन पर सोने के दौरान मां-बेटे को डसा था सांप ने**



### *ब्लड प्रेशर भी बेहद खतरनाक स्तर पर पहुंचा*

परिजनों ने बताया कि जब चौथे दिन बेटे ने आंखें खोलीं तो हमें उम्मीद की किरण दिखी। शिशु रोग विभाग की डॉ. पूर्वा गोहिया ने बताया कि मासूम का सर्पदंश सिर के पीछे हुआ था, जो बेहद असामान्य है। जहर के असर से बच्चे का ब्लड प्रेशर खतरनाक स्तर तक बढ़ गया था। सामान्य दवाएं असर नहीं कर रही थी, इसलिए विशेष दवाओं और कैल्शियम ग्लूकोनेट इन्फ्यूजन से ब्लड प्रेशर नियंत्रित किया गया।

### मासूम को लगाए 40 वायल एंटी-स्नेक वेनम

शुरूआत में परिजन उन्हें जेपी अस्पताल ले गए, जहां से तत्काल हमीदिया रेफर कर दिया गया। बच्चा अस्पताल पहुंचते ही सांस नहीं ले पा रहा था, इसलिए तुरंत वेंटिलेटर पर रखना पड़ा। शिशु रोग विभाग की डॉ. पूर्वा गोहिया और उनकी टीम ने तुरंत एंटी-स्नेक वेनम देना शुरू किया। शुरूआती असर कम था, इसलिए कुल 40 वायल दवा लगानी पड़ी। चौथे दिन बच्चे ने आंखें खोलीं और धीरे-धीरे स्वास्थ्य में सुधार हुआ।

### गोल्डन ऑवर है सबसे अहम

डॉ. पूर्वा गोहिया के नेतृत्व में डॉ. क्षिप्रा, डॉ. प्रतिभा, डॉ. विनोधिनी, डॉ. सौम्या, डॉ. शिवांशु और डॉ. कृतिका की टीम ने आईसीयू में 24 घंटे बच्चे पर निगरानी रखी। धीरे-धीरे बच्चा सामान्य सांस लेने लगा, बोलने लगा और अब फिजियोथेरेपी से चलने की क्षमता भी लौट रही है। डॉ. गोहिया ने बताया कि यह केस दिखाता है कि समय पर अस्पताल पहुंचना, पर्याप्त एएसवी डोज, आईसीयू केयर और टीमवर्क गंभीर सर्पदंश के मामलों में भी जीवनरक्षक साबित हो सकते हैं।

**देरी पर बताना पड़ेगी वजह**

## अब दोगुना स्पीड से चलेंगी नगर निगम की फाइलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर के विकास के कामों को लेकर जो फाइल चार से पांच महीने में बन पाती थी। अब वह फाइल दो महीने में बनकर तैयार होगी। यदि किसी अधिकारी ने जानबूझकर फाइल को रोका तो वह उसकी वजह बताएगा।

यह बात महापौर मालती राय ने जोन के विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए कही। महापौर ने हर लेवल पर अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। टेंडर से लेकर काम शुरू होने तक के लिए दो माह की समय सीमा तय की है। साथ ही काम शुरू होने से पहले सभी विभागों से एनओसी




लेने की हिदायत दी। महापौर ने आईएसबीटी स्थित महापौर कार्यालय के सभाकक्ष में भोपाल उत्तर, मध्य एवं दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्रों के तहत आने वाले जोनों में विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रचलित कार्यों सहित प्रस्तावित व अन्य कार्यों को मानक स्तर की गुणवत्ता के साथ नियत समयावधि में पूरा करें।

## जैकेट का शेष...

### सड़कों के आधार...

केंद्रीय मंत्री गडकरी का अभिवादन करते हुए आभार माना। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि एक टाइगर सर्किट और टाइगर एक्सप्रेस वे बनाने का सुझाव दिया। मप्र लोक निर्माण विभाग ने लोकपथ एप तैयार किया है, जिसमें गड्ढे की फोटो अपलोड करने पर 7 दिन में इसे ठीक करने का लक्ष्य रखा गया है। मप्र में सड़क निर्माण के लिए पेड़ों की शिफ्टिंग की जा रही है। स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर से स्ट्रांग एमपी की यात्रा तेज गति से चल रही है।

### एक ही रोड से ...

पन्ना और पेंच टाइगर रिजर्व को कनेक्ट करेगी। इससे मप्र के टूरिज्म, आर्थिक विकास और रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी होगी।

### 3 और 4 सितंबर...

देश में वर्तमान में चार स्लैब 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत वाला जीएसटी सिस्टम लागू है।

### जेपीसी में नहीं...

है, जिसमें लोकसभा के 21 और राज्यसभा के 10 सदस्य शामिल होंगे। समिति को संसद के शीतकालीन सत्र में सदन को अपनी रिपोर्ट पेश करनी है।

### मप्र में तस्करों ...

नकद जब्त की है। जांच में पता चला कि गिरोह का मास्टरमाइंड सोशल मीडिया के जरिए बेरोजगार और कॉलेज छोड़ने वाले युवाओं को मोहरा बनाता था। उन्हें मादक पदार्थों की स्मगलिंग के पेशे में धकेल देता था। डीआरआई ने अब तक भोपाल से दो, बेंगलुरु से तीन और दिल्ली से एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा जांच एजेंसियां इस तरह से नजर रखे हुए हैं।

## पेज एक का शेष...

### टीआई : सुसाइड न ....

की नौकरी में कभी नहीं देखा। टीआई रामबाबू यादव ने कहा कि मैंने जिले में कई बड़े आपराधिक मामले उजागर करने का काम किया। टीआई यादव ने रिठौरा थाने में लुटेरों का शॉर्ट एनकाउंटर और जौरा थाने में 50 लाख की डकैती जैसे बड़े मामले गिनाए और कहा कि इन केस को सॉल्व करने में उनकी बड़ी भूमिका रही है। लेकिन एसपी साहब इसका श्रेय दूसरी टीम को दे रहे हैं। एसपी साहब इसे पूरी टीम का काम बता रहे हैं, यह गलत है। इसलिए अच्छा काम करने से कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि मैंने आवेदन पुलिस अधीक्षक की प्रताड़ना और उनके अपमान के कारण दिया है। मेरी जान चली जाए, यह उससे बेहतर है।

### 16 साल की...

उसे मौसी की ननद का लड़का बलदेव (बदला हुआ नाम) और उसका दोस्त आनंद (बदला हुआ नाम) मिला। दोनों उसे स्कूटी से उड़नू की टोरिया इलाके के जंगल ले गए। युवती के मुताबिक जंगल में तीन युवक-करण, हरगोबिंद पाल और पंकज पहले से मौजूद थे। तीनों ने पहले उसके साथ दुष्कर्म किया, इसके बाद बलदेव और आनंद ने भी धमकी देकर उसके साथ गलत काम किया। पीड़िता ने बताया कि इस दौरान एक युवक ने वीडियो बनाया। बाद में आरोपियों ने कहा कि अगर शिकायत की तो वीडियो वायरल कर देंगे। घटना के बाद पीड़ित छात्रा अपने पिता, मां और मौसी के साथ थाने पहुंची। दतिया एसडीओपी आकांक्षा जैन ने बताया कि एक आरोपी हरगोबिंद पाल को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

### रेलवे लाइन पर...

बीच गुरमखेड़ी में यह हादसा हो गया। राहत की बात ये है कि उनकी हालत खतरे से बाहर है और वे सुरक्षित हैं।

### 35 जिलों में भारी...

में 125 मिमी से ज्यादा पानी गिर गया। वहीं, जबलपुर में 65, पचमढ़ी में 50, बालाघाट के मलाजखंड-मंडला के 40, गुना में 35 और नरसिंहपुर में 30 मिली मीटर बारिश दर्ज की गई है।

इसी तरह ग्वालियर, नर्मदापुरम, रतलाम, सिवनी, सीधी, टीकमगढ़, छिंदवाड़ा, इंदौर, शिवपुरी, दमोह, उमरिया, खंडवा, रीवा, दतिया, भोपाल, उज्जैन, रायसेन, सागर, छतरपुर के खजुराहो और नौगांव, बैतूल, मऊगंज, मंदसौर, राजगढ़, बड़वानी, शाजापुर, आगर-मालवा, विदिशा, सीहोर, देवास समेत कई जिलों में बारिश हुई।

# मंदिर को निशाना बनाकर चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, चार लाख का माल बरामद

## मंदिर में चोरी के बाद हाथ लगे रुपए से कपड़े खरीदे, पार्टी कर उड़ा दी बाकी की रकम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



शाहपुरा पुलिस दुर्गा मंदिर में दानपेटी चुराने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार कर उनसे तीन बाइक सहित चार लाख रुपए का माल बरामद किया गया। आरोपियों ने चोरी के दौरान मंदिर से सीसीटीवी कैमरे और डीबीआर भी चुरा लिया था। आरोपियों ने शाहपुरा में दो मंदिर और जगदीशपुर सहित विदिशा के मंदिर में भी चोरी की बात स्वीकारी है। रातीबड़ में सूने मकान का ताला तोड़कर नगदी, ट्रॉली बैग सहित एक्टिवा चुराने की बात स्वीकारी है।

शाहपुरा पुलिस ने बताया कि 4 अगस्त को भागवत प्रसाद गुप्ता (65) रोहित नगर फेस-टू शाहपुरा ने शिकायत करते हुए बताया कि सुबह करीब 6 बजे वह दुर्गा मंदिर में पहुंचे तो लाइट बंद थी, जबकि चेनल गेट एवं मंदिर का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो दान पेटी नहीं थी। साथ ही सीसीटीवी कैमरे और डीबीआर भी नहीं था।

पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक किए। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मुखबिर तंत्र विकसित किया गया। इस दौरान 22 अगस्त को मुखबिर से सूचना मिली कि दुर्गा मंदिर चोरी करने वाले चोरों के फुटेज से मिलते जुलते आरोपी दाना पानी वाली फार्म हाऊस गड्डे वाली झुग्गी के पास खड़े हैं। आरोपी आपस में जेवर का बंटवारा कर रहे हैं। सूचना के बाद हरकत में आई पुलिस ने घेराबंदी करते हुए संदिग्धों को हिरासत में लिया। उन्होंने पूछताछ में अपने नाम रेहान उर्फ सोएब पिता स्व रशीद खान (35) कबीटपुरा, टीलाजमालपुरा, अमीन खान (29) निवासी स्थाई निवासी, बगरोदा, कटारा हिल्स बताया। आरोपियों से दुर्गा मंदिर में चोरी के बारे में पूछताछ की तो उन्होंने 3-4 अगस्त की रात मंदिर से दानपेटी सीसीटीवी कैमरे और डीबीआर चुराने की बात स्वीकार ली।

आरोपियों ने बताया कि दानपेटी में 20 हजार रुपए नगदी मिली थी। जिसमें 15-16 हजार रुपए खर्च कर दिए। उनके पास साढ़े तीन हजार रुपए और 500 रुपए के सिक्के बचे थे। उसे आपस में बांट लिए। 25 जुलाई की रात उन्होंने पल्लवी नगर बावड़िया कलां शाहपुरा में शिव दुर्गा मंदिर के गेट का ताला तोड़कर वहां से चांदी के आभूषण तांबे के नाग एवं दान पेटी तोड़ कर नगदी रुपए पैसे चोरी किए थे। 12 अगस्त को ग्राम जगदीशपुरा के राम जानकी हनुमान मंदिर से चांदी के छत्र एवं चूहा एवं दानपेटी चोरी की। रातीबड़ में 14 अगस्त की रात रातीबड़ क्षेत्र मे मकान का ताला तोड़ा और डीवीआर एक ट्राली बैग नगदी सहित वहां से एक्टिवा चुराई थी। आरोपियों ने विदिशा मे भी भी दुर्गा मंदिर का ताला तोड़कर चांदी का मुकुट दानपेटी एवं पास के मकान पर खड़ी बाइक चोरी की।

# मोटर सुधारते समय करंट लगने से युवक की मौत

**भोपाल।** गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित जेबीएन स्कूल में शनिवार को इलेक्ट्रीशियन अरविंद वर्मा (55) निवासी कृष्णा कांप्लेक्स, ऐशबाग की करंट लगने से मौत हो गई। हादसे के समय वह पानी की मोटर को सुधार रहे थे।


**पश्चिम मध्य रेल**

**खुली ई–निविदा सूचना दिनांकः 21.08.2025**

वरिष्ठ मंडल अभियंता / सम. / पश्चिम मध्य रेल भोपाल, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए उनके समक्ष दर्शाई गई दिनांक को 15:30 बजे तक ई–टेंन्डर आमंत्रित करते है। संपुर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से सम्बधित पूर्ण जानकारी वेबसाईट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है, एवं मण्डल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेल भोपाल के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। इस टेन्डर के लिये कोई मॅन्युअल ऑफर मान्य नहीं है। इस निविदा में कोई आवश्यक संशोधन, यदि जरूरी हो, तो निविदा खुलने के पूर्व वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा, तथा मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर लगाया जायेगा। जिसे टेन्डर खुलने के दिन तक देखा जा सकता है। निविदाकारों से निवेदन है, कि वह जीएसटी कानून 2017 के प्रावधानों के अनुसार अपने दर तथा निविदाए प्रस्तुत करें। **NIT No.:** 25-26-HQ-14-59, **Date:** 12.08.25, **Name of work including Location:** हबीबगंज – डीआरएम कार्यालय में लेखा कार्यालय अनुभाग का नवीनीकरण और डिजिटलीकरण।, **Published cost of tender Rs.:** 3479851.24, **Earnest Money:** 69600, **Completion period:** 06 माह, **Last date for submitting tender:** 04.09.25. **NIT No.:** 25-26-HQ-15-60, Date: 20.08.25, **Name of work including Location:** भाग ए) भोपाल– भोपाल रनिंग रूम के 19 कमरों और 01 हॉल का विभाजन। भाग – बी) निशातपुरा – निशातपुरा रनिंग रूम के 10 कमरों का विभाजन।, **Published cost of tender Rs.:** 1107030.30, **Earnest Money:** 22200, **Completion period:** 02 माह, **Last date for submitting tender:** 12.09.25.

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पमरे, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**पश्चिम मध्य रेल**

**खुली निविदा**

निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता(समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांक–** डी.आर.एम.डब्ल्यू–जे.बी.पी. 122–2025 दिनांक 18.08.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित–** जबलपुर – कटनी – एल.एच.एस. 334 एवं 335 पर जल निकासी में सुधार का कार्य।, **कार्य का अनुमानित मूल्य रूपये–** 1,98,69,711 / –, **बयाना राशि रूपये –** 2,49,400 / –, **समापन अवधि–** 12 माह, **निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय 15:00 बजे–** 12.09.2025, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय 15:15 बजे–** 12.09.2025, **निविदा सूचना क्रमांक–** डी.आर.एम.डब्ल्यू–जे.बी.पी. 123–2025 दिनांक 18.08.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित–** भाग ए– बीना– कटनी – मिशन चौक कटनी आर.यू.बी. संख्या 1235 / 1 पर मानसून में जल भराव से बचने के लिए जल निकासी व्यवस्था का प्रावधान। भाग बी– बीना – कटनी – एल एच एस 112 और 352 पर जल निकासी में सुधार का कार्य।, **कार्य का अनुमानित मूल्य रूपये–** 4,48,91932 / –, **बयाना राशि रूपये –** 3,74,500 / –, **समापन अवधि–** 12 माह, **निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय 15:00 बजे–** 12.09.2025, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय 15:15 बजे–** 12.09.2025, **निविदा सूचना क्रमांक–** डी.आर.एम.डब्ल्यू–जे.बी.पी. 124–2025 दिनांक 20.08.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित–** वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (पश्चिम) जबलपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत बीना– कटनी खंड पर सीटीआर 2.80 किमी. टीआरआर 51.065 किमी और टीएफआर 66.50 किमी।, **कार्य का अनुमानित मूल्य रूपये–** 4,56,81,950 / –, **बयाना राशि रूपये –** 3,78,400 / –, **समापन अवधि–** 12 माह, **निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय 15:00 बजे–** 16.09.2025, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय 15:15 बजे–** 16.09.2025, **निविदा सूचना क्रमांक–** डी.आर.एम.डब्ल्यू–जे.बी.पी. 125–2025 दिनांक 20.08.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित–** वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (पश्चिम) जबलपुर क्षेत्राधिकार के तहत विविध दो कार्य (**i**) पुलों और समपारों पर सेस संरचना का चौड़ीकरण और (**ii**) बीना– कटनी खंड पर विभिन्न ट्रेक नवीनीकरण कार्य के संबध में नाली / नाली सुधार का प्रावधान।, **कार्य का अनुमानित मूल्य रूपये–** 8,01,79,883 / –, **बयाना राशि रूपये –** 5,50,900.00 / –, **समापन अवधि–** 12 माह, **निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय 15:00 बजे–** 16.09.2025, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय 15:15 बजे–** 16.09.2025, उपरोक्त ई–निविदा संपूर्ण जानकारी वेबसाईट **https:www.ireps.gov.in** उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई–निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

(हस्ता)

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर


# टीबी की बीमारी से परेशान मरीज ने अस्पताल के बाथरूम में लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित टीबी अस्पताल के बाथरूम में मरीज ने फांसी लगा ली। उसे एक युवती ने फांसी के फंदे पर लटकता देख बेटे को सूचना दी थी। बेटा बाथरूम में पहुंचा और पिता को फंदे से उतारा। टीबी अस्पताल में डॉक्टर ने उसे प्राथमिक इलाज दिया और हमीदिया अस्पताल भेज दिया। हमीदिया अस्पताल में इलाज के दौरान शुक्रवार शाम मरीज की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। परिजन शव लेकर पन्ना निकल गए।

पुलिस के अनुसार किशोरी वंशकार (55) मूलतः पन्ना के रहने वाले थे और दो साल से टीबी की बीमारी से परेशान थे। पहले उनका निजी अस्पताल में इलाज चला, लेकिन आराम नहीं लगा। उनके बेटे ने उन्हें शाहजहांनाबाद स्थित शासकीय टीबी अस्पताल में भर्ती कराया था। वहां उनका इलाज चल रहा था। 20 अगस्त की सुबह वे बेड से उठकर जा रहे थे।

बेटे ने उनसे पूछा कहां जा रहे है तो उन्होंने कहा कि मैं बाथरूम से होकर आता हूं। बेटे ने साथ चलने का कहा, लेकिन उन्होंने मना कर दिया। वे बाथरूम में पहुंचे और फांसी लगाने लगे। तभी मरीज के साथ एक अटेंडर युवती की नजर पड़ी और उसने किशोरी के बेटे को जाकर बताया कि तुम्हारे पिता बाथरूम में फांसी लगाने का प्रयास कर रहे है। बेटा जब बाथरूम में पहुंचा तो वह फांसी लगा चुके थे। किसी तरह फंसे से उतारकर वह पिता को बेड पर लेकर पहुंचा। टीबी अस्पताल में डॉक्टर ने चेक किया और स्थिति गंभीर बताते हुए हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया। हमीदिया अस्पताल में दो दिन चले इलाज के बाद शुक्रवार शाम किशोरी वंशकार की मौत हो गई।

# पं. मिश्रा के खिलाफ कोर्ट में याचिका दायर, पुलिस को जांच प्रतिवेदन देने के निर्देश

**सीहोर।** सीहोर के नजदीक स्थित कुबरेश्वर धाम में हाल ही में आयोजित हुए कार्यक्रम में सात लोगों की मौत हो गई थी मामले में पुलिस ने समिति पर को ई कार्रवाई नहीं की है



इस बात को लेकर इंदौर के एडवोकेट प्रकाश यादव ने सीहोर आकर पहले मंडी थाना पुलिस में शिकायत पत्र दिया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई जो अब सीहोर जिला न्यायालय में याचिका लगाई, जिसके बाद न्यायालय ने मंडी थाना पुलिस को जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा है अगली सुनवाई 13 सितंबर को है।


**In The Court Of XII Additional District Judge, District Court, Bhopal**

Presiding Officer : जयंत शर्मा

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकारी अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक

(MAJ SUC/0000102/2025)

सिद्दराज सिंह .................... आवेदक

Vs

अपेक्स बैंक .................... अनावेदक

Process Id- /2025

पेशी दिनांक :- 06/10/2025

प्रेषिती- (1) सर्वसाधारण पता - सर्वसाधारण

(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सिद्दराज सिंह पता ने मृतिका स्व. श्रीमती प्रीति सिंह निवासी ए.बी. रोड, उभरी हाउस, नानाखेड़ी, गुना, म.प्र. की बैंक लॉकर क्रमांक सी-782 संबंध में लैटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन (प्रशासक पत्र) जारी राशि / संपत्ति हेतु उत्ताराधिकारी अथवा अभिभावक / संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 06 October 2025 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक / संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समक्षता हो तो पेशी दिनांक 06 October 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाय एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**न्यायाधीश, जयंत शर्मा**

बारहवें जिला न्यायाधीश जिला भोपाल (म.प्र.)


# गायत्री परिवार ज्योति कलश रथ यात्रा ने किया लोगों को जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अखिल विश्व गायत्री परिवार के ज्योति कलश रथ यात्रा कार्यक्रमों में शुक्रवार को रथ का भ्रमण भोपाल के रायसेन रोड स्थित बिजली नगर कार्यालय में संपन्न हुआ। इस रथ यात्रा को शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा संस्था की गुरु माता वंदनीया भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी के अवसर पर एवं अखंड दीप के प्रकट के वर्ष की 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर पूरे देश में चलाया जा रहा है। संस्था के स्थानीय मीडिया प्रभारी रमेश नागर ने बताया कि आगामी वर्ष में होने वाले इस विशाल कार्यक्रम में लोगों को साधना से जोड़ते हुए राष्ट्र निर्माण के लिए अपने कर्तव्यों का बोध कराना है। रथ यात्रा कार्यक्रम का शुभारंभ पूरे बिजली नगर में रथ के भ्रमण के साथ हुआ जिसमें कई स्थानों पर श्रद्धालु लोगों ने रथ में रखे कलश एवं दीपक का पूजन किया।


आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन

हरिभूमि क्लासीफाइड

संपर्क सूत्र : 9407279644

हरिभूमि भोपाल बाजार — विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर

साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोप्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल



**CHANGE OF NAME**

I Fehmida Khan W/o Sharif Khan my date of birth is 01/03/1985 R/o 32 Karbala Road Sajida Nagar, Bhopal, (M.P.) I have changed my name to Fehmeeda Khan and date of birth 01/01/1985 for all furture purpose.



**आवश्यकता**

नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9202613238, 9229187457

R-03-09-2025



**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक



हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें। मो. 9977912473


## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य मिलेगा। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**वृष** — आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है। आय में भी वृद्धि होगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे।

**मिथुन** — आत्मसंयत रहें। आय में वृद्धि होगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भी परिवर्तन होगा। ऑफिस में उच्चाधिकारियों का सहयोग रहेगा।

**सिंह** — मन परेशान रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी पैतृक सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** — परिवार का साथ मिलेगा। कुछ पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी। भाइयों का सहयोग रहगा।

**तुला** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों में अड़चनें आ सकती हैं।

**वृश्चिक** — धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे।


**धनु** — वाणी में मधुरता रहेगी। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यभार में भी वृद्धि होगी। धनलाभ के अवसर मिलेंगे।

**मकर** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। नौकरी में विदेश जाना हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन परेशान हो सकता है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें।

**मीन** — नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। खर्च भी बढ़ेंगे। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु संयत रहें।

## शब्द पहेली - 5967



**बाएँ से दाए-**
1. सफल, उत्तीर्ण-4
5. ओस, रजनीजल-4
7. फरार होना, चंपत होना, पलायन करना-5
9. महीना, मास-2
10. साल का बारहवां भाग-2
13. पुचकारना-4
15. विष्णु, चक्रधारी-4
17. निरुत्तर होना-5
18. अपनत्व-5
20. असम के इस शहर को बादलों का घर कहा जाता हैं-4
23. निकृष्ट, अल्पतर-4
26. अंधकार-2
27. बुरा आदत-2
29. रसायन संबंधी-5
31. ब्राम्हण, सम्राट-4
32. गजानन, गणपति-4

**ऊपर से नीचे**
2. मां, आई, मदर-2
3. बारिश का गिरना-4
4. निर्माता, रचयिता-5
5. लज्जाना -4
6. मुलायम-2
8. उम्मीद-2
9. हार, जयमाल-2
11. हरे रंग का-2
12. वचन, प्रतिज्ञा-2
14. हैंडलूम, इस यंत्र पर धागों से बुनाई होती है-5
16. जनेऊ, उपनयन संस्कार-5
19. विलेन, नायक का विलोम-5
20. बादल-2
21. बुरी आदत-2
22. यम, मृत्यु का देवता-4
23. पानी के बहने की आवाज-2,2
24. वोट, अभिमत-2
28. इस जगह-2
30. कारावास, बंधन-2

**शब्द पहेली -5966 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ल | ह | ■ | म | ■ | प | र | दा | न | शी |
| पू | ■ | क | ल | श | ■ | छ | बी | ल | ■ | त |
| त | ल | ■ | ■ | व | ■ | ता | ■ | ■ | सा | ल |
| ■ | ल | ■ | धा | रा | प्र | वा | ह | ■ | व | ■ |
| म | क | ब | रा | ■ | था | ■ | म | हा | न | ता |
| ■ | ■ | ■ | वा | दा | ■ | मा | स | ■ | ■ | ■ |
| ह | म | रा | ही | ■ | पा | ■ | फ | र | मा | न |
| ■ | यू | ■ | क | हा | नी | का | र | ■ | य | ■ |
| ख | र | ■ | ■ | थी | ■ | र | ■ | ■ | का | न |
| प | ■ | ब | र | खा | ■ | ना | र | द | ■ | य |
| त | र | स | खा | ना | ■ | मा | ■ | म | न | न |

## सूडोकु नवताल - 5977

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | | 5 | | |
| | 1 | | | 8 | | | | 9 |
| 7 | | | | | 4 | | | |
| | | | 9 | | | 1 | | |
| | 3 | | | | | | 6 | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | | 3 | | | | | 8 |
| 5 | | | | 6 | | | 2 | |
| | | 4 | | | | | | 7 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5976 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 8 |
| 5 | 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 2 |
| 4 | 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 9 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 4 |

# इक्विटी फंड ने 5 साल में 4 गुना दिया निवेशकों को मुनाफा

- ऐसे करीब दस फंडों को मिली 4 से 5 स्टार की ऊंची रेटिंग
- निवेशकों ने भी जमकर लगाए पैसे और बन गए करोड़पति
- एसआईपी पर भी 24 से 30% तक का एन्युलाइज्ड रिटर्न दिया
- 5 साल में लंपसम निवेश पर 26 से 37 फीसदी तक रिटर्न दिया

*इक्विटी फंड एक प्रकार का म्यूचुअल फंड है जो मुख्य रूप से शेयर बाजार में निवेश करता है। इसका उद्देश्य निवेशकों को शेयर बाजार में निवेश करने का अवसर प्रदान करना है, जिससे वे अपने निवेश पर अच्छा रिटर्न प्राप्त कर सकें।*

### इक्विटी फंड के प्रकार

- 1. लार्ज-कैप फंड : ये फंड बड़े कैप शेयरों में निवेश करते हैं, जो आमतौर पर अच्छी तरह से स्थापित कंपनियों के शेयर होते हैं।
- 2. मिड-कैप फंड : ये फंड मध्यम आकार की कंपनियों के शेयरों में निवेश करते हैं, जो आमतौर पर तेजी से बढ़ने वाली कंपनियां होती हैं।
- 3. स्मॉल-कैप फंड : ये फंड छोटी कंपनियों के शेयरों में निवेश करते हैं, जो आमतौर पर उच्च जोखिम और उच्च रिटर्न की संभावना के साथ आते हैं।
- 4. सेक्टोरल फंड : ये फंड विशिष्ट क्षेत्रों या उद्योगों में निवेश करते हैं, जैसे कि टेक्नोलॉजी, फार्मास्यूटिकल्स, या ऑटोमोबाइल।

निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

म्यूचुअल फंड्स को लॉन्ग टर्म यानी लंबी अवधि में वेल्थ क्रिएशन के लिए जाना जाता है। इक्विटी फंड्स में इस लॉन्ग टर्म का मतलब कम से कम 3 साल कहा जाता है, लेकिन आमतौर पर 5 साल या उससे ज्यादा समय में और भी बेहतर नतीजे मिलते हैं। हम यहां ऐसे ही टॉप 10 इक्विटी फंड्स की जानकारी दे रहे हैं, जिन्होंने पिछले 5 साल में निवेशकों की पूंजी को कम से कम 4 गुना या उससे भी ज्यादा कर दिया है। इन सभी फंड्स ने सिस्टमैटिक इनवेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) पर भी 24 से 30% तक का एन्युलाइज्ड रिटर्न दिया है। खास बात यह है कि इन 10 में से 6 फंड्स की रेटिंग 5 स्टार और चार की रेटिंग 4 स्टार है। वहीं, निवेशकों ने भी इन फंडों में जमकर निवेश किया और अपनी रकम बढ़ाई। जिन टॉप 10 इक्विटी फंड्स ने पिछले 5 साल में लंपसम निवेश पर सबसे ज्यादा रिटर्न दिया है, उनमें सबसे ज्यादा 5 स्मॉल कैप फंड हैं। इनके अलावा इस लिस्ट में 4 इंफ्रास्ट्रक्चर फंड और एक मिडकैप फंड भी शामिल हैं। इन फंडों ने निवेशकों को मालामाल कर दिया। इस रिपोर्ट में हम आपको ऐसे की कुछ फंडों के बारे में जिन्होंने निवेशकों को अच्छा रिटर्न दिया।

### क्वांट स्मॉल कैप फंड - डायरेक्ट प्लान
- 5 साल का रिटर्न (सीएजीआर) : 37.23%
- 1 लाख के निवेश की 5 साल में फंड वैल्यू : 4,86,659 रुपये
- एसआईपी पर 5 साल का एन्युलाइज्ड रिटर्न : 26.09%
- रेटिंग : 4 स्टार

### आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल इंफ्रास्ट्रक्चर फंड - डायरेक्ट प्लान
- 5 साल का रिटर्न (सीएजीआर): 35.66%
- 1 लाख के निवेश की 5 साल में फंड वैल्यू : 4,59,555 रुपये
- एसआईपी पर 5 साल का एन्युलाइज्ड रिटर्न : 30.03%
- रेटिंग : 5 स्टार

### मोतीलाल ओसवाल मिडकैप फंड - डायरेक्ट प्लान
- 5 साल का रिटर्न (सीएजीआर): 35.14%
- 1 लाख के निवेश की 5 साल में फंड वैल्यू : 4,50,791 रुपये
- एसआईपी पर 5 साल का एन्युलाइज्ड रिटर्न : 30.32%
- रेटिंग : 5 स्टार

### निप्पॉन इंडिया स्मॉल कैप फंड-डायरेक्ट प्लान
- 5 साल का रिटर्न (सीएजीआर): 34.53%
- 1 लाख के निवेश की 5 साल में फंड वैल्यू : 4,40,573 रुपये
- एसआईपी पर 5 साल का एन्युलाइज्ड रिटर्न : 25.48%
- रेटिंग : 5 स्टार



### फ्रैंकलिन बिल्ड इंडिया फंड - डायरेक्ट प्लान
- 5 साल का रिटर्न (सीएजीआर): 33.67%
- 1 लाख के निवेश की 5 साल में फंड वैल्यू : 4,26,807 रुपये
- एसआईपी पर 5 साल का एन्युलाइज्ड रिटर्न : 27.91%
- रेटिंग : 5 स्टार

### बंधन स्मॉल कैप फंड - डायरेक्ट प्लान
- 5 साल का रिटर्न (सीएजीआर): 33.46%
- 1 लाख के निवेश की 5 साल में फंड वैल्यू : 4,23,390 रुपये
- एसआईपी पर 5 साल का एन्युलाइज्ड रिटर्न : 28.80%
- रेटिंग : 5 स्टार

### इनवेस्को इंडिया स्मॉल कैप फंड - डायरेक्ट प्लान
- 5 साल का रिटर्न (सीएजीआर): 33.31%
- 1 लाख के निवेश की 5 साल में फंड वैल्यू : 4,20,955 रुपये
- एसआईपी पर 5 साल का एन्युलाइज्ड रिटर्न : 27.03%
- रेटिंग : 5 स्टार

### एलआईसी इंफ्रास्ट्रक्चर फंड - डायरेक्ट प्लान
- 5 साल का रिटर्न (सीएजीआर): 32.58%
- 1 लाख रुपये के निवेश की 5 साल में फंड वैल्यू : 4,09,697 रुपये
- एसआईपी पर 5 साल का एन्युलाइज्ड रिटर्न : 28.17%
- रेटिंग : 4 स्टार

### टाटा स्मॉल कैप फंड - डायरेक्ट प्लान
- 5 साल का रिटर्न (सीएजीआर): 32.40%
- 1 लाख के निवेश की 5 साल में फंड वैल्यू : 4,06,893 रुपये
- एसआईपी पर 5 साल का एन्युलाइज्ड रिटर्न : 24.21%
- रेटिंग : 4 स्टार

### कैनरा रोबेको इंफ्रास्ट्रक्चर फंड - डायरेक्ट प्लान
- 5 साल का रिटर्न (सीएजीआर): 32.40 %
- 1 लाख के निवेश की 5 साल में फंड वैल्यू : 4,06,846 रुपये
- एसआईपी पर 5 साल का एन्युलाइज्ड रिटर्न : 27.94%
- रेटिंग : 4 स्टार

### हाई रिटर्न के साथ जुड़ा हाईरिस्क
ऊपर जिन टॉप 10 इक्विटी फंड्स का डिटेल दिया गया है, उन सभी में हाई रेटिंग और हाई रिटर्न के साथ ही साथ वेरी हाई रिस्क भी जुड़ा हुआ है। यही वजह है कि इनमें निवेश से जुड़ा कोई भी फैसला करने से पहले अपनी जोखिम बर्दाश्त करने की क्षमता को जरूर परख लेना चाहिए। निवेशकों को हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि म्यूचुअल फंड्स में पिछले रिटर्न के आगे भी जारी रहने की कोई गारंटी नहीं होती। इसलिए निवेश करने से पहले अपनी क्षमता और लक्ष्य तय कर लें। इसके बाद ही निवेश करें। इससे निवेशकों को परेशानी नहीं होगी और आसानी से अपने पैसे को बढ़ा सकेंगे।

# दूसरों को देखकर नहीं चलें, सही आदतें आपको बनाएंगी धनवान

- आपकी एक छोटी सी आदत भविष्य को बचाने में सक्षम
- अनावश्यक खर्च पर रोक लगाएं, सही जगह निवेश करें
- बजट बनाएं, इसके लिए 50/30/20 का नियम फॉलो करें

जानकारी
बिजनेस डेस्क

आज के समय में हर कोई फाइनेंशियली मजबूत और सुरक्षित बनना चाहता है। लेकिन इसके लिए केवल पैसे बचाना ही काफी नहीं है, बल्कि सही आदतें अपनाकर अनुशासित वित्तीय जीवन जीना जरूरी है। ऐसी आदतें आपके भविष्य को आर्थिक रूप से सुरक्षित बनाने में सक्षम हैं। आज के इस दौर में फाइनेंशियल रूप से मजबूत और सेफ महसूस करना हर किसी की चाहत होती है। इसके लिए फाइनेंशियल रिस्पांसिबिलिटी को समझना और उसको निभाना बहुत जरूरी होता है। यह केवल पैसे बचाने या खर्च करने तक सीमित नहीं होता है, बल्कि यह एक सोच है जो आपको एक अनुशासित और आरामदायक जीवन जीने में मदद करती है। तो समझेंगे फाइनेंशियल रूप से मजबूत बनने के लिए किन बातों का ध्यान रखें। बाजार में जाएं तो ऑफर और दूसरों लोगों को देखकर ललचाएं नहीं, बल्की अपने बजट के हिसाब से ही खरीदारी करें। इससे आप अपने अनावश्यक खर्च पर रोक लगा सकते हैं।



### इमरजेंसी फंड को बनाना
लाइफ में कभी भी बिन बुलाए वाली घटनाएं हो सकती हैं, जैसे नौकरी छूटना, अचानक कोई बीमारी आ जाना या घर में कोई बड़ी मरम्मत का काम निकलना आदि। तो ऐसे में, अगर आपके पास एक इमरजेंसी फंड होगा, तो आपको किसी से उधार या फिर लोन लेने या अपनी बचत को हाथ लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। यह फंड आपके 3 से 6 महीने के मासिक खर्चों के बराबर का होना ही चाहिए।

### बजट बनाना और उसका पालन करना
बजट बनाना फाइनेंशियल रिस्पांसिबिलिटी का सबसे अहम कदम माना जाता है.तो इसका मतलब ये है अपनी इनकम और खर्च पर नजर रखना. आप कहां से कमा रहे हैं और कहां खर्च कर रहे हैं, यह जानना बहुत जरूरी होता है। इसके लिए एक फेमस रूल है 50/30/20 का नियम- 50% इनकम आपकी जरूरतों पर खर्च हो, जैसे किराया, बिजली, और भोजन आदि।

### सोच-समझकर इन्वेस्टमेंट करें
केवल पैसे बचाना ही काफी नहीं होता है, इस पैसे को सही जगह पर निवेश करना भी जरूरी होता है, ताकि आपका पैसा बढ़ सके। असल में इन्वेस्टमेंट के कई ऑप्शन होते हैं, जैसे स्टॉक मार्केट, म्यूचुअल फंड, या फिक्स्ड डिपॉजिट. तो अपनी रिस्क क्षमता और अपने टारगेट के आधार पर निवेश करना चाहिए।

### बीमा करवाएं, महत्व समझें
**हेल्थ इंश्योरेंस :** यह आपको मेडिकल इमरजेंसी में फाइनेंशियल संकट से बचाता है। हमेशा एक अच्छी स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी होने से आप अपनी बचत पर अनावश्यक बोझ से बच जाते हैं।

**टर्म लाइफ इंश्योरेंस :** तो अगर आपके परिवार में आप ही एकमात्र कमाने वाले हैं, तो यह बीमा आपकी अनुपस्थिति में आपके परिवार को फाइनेंशियल हेल्प देने का काम करता है।

### दूसरों की देखा-देखी खर्च नहीं करें
अक्सर हम अपने दोस्तों या पड़ोसियों को देखकर फालतू के एस्ट्रा पैसे खर्च करने लगते हैं। इसको लाइफस्टाइल इन्फ्लेशन कहा जाता है। फाइनेंशियल रिस्पांसिबिलिटी का मतलब है अपनी जरूरतों और क्षमताओं के अनुसार जीना, ना कि दूसरों को इंप्रेस करने के लिए खर्च करना। आर्थिक स्थिति और लक्ष्य आपके लिए सबसे जरूरी होने चाहिए।

### अपने फाइनेंशियल टारगेट को समझना
आपके फाइनेंशियल टारगेट साफ होने चाहिए। चाहे वह रिटायरमेंट के लिए बचत करना हो,या एक नई कार खरीदना हो या कर्ज चुकाना हो, हर टारगेट के लिए एक टाइम लिमिट और एक प्लानिंग होनी चाहिए. अपने टारगेट को छोटे, मध्यम और लंबी अवधि में बांटें। फाइनेंशियल रिस्पांसिबिलिटी का मतलब है कि अपने पैसे को सही तरह से प्लान करें।

# बिजनेस शुरू करने के लिए ऐसे बनाएं 'परफेक्ट' बजट, नहीं होगा नुकसान

- बिजनेस शुरू करने से पहले एक मजबूत बजट बनाना बेहद जरूरी
- सही प्लानिंग से खर्चों पर नियंत्रण, मुनाफे की योजना बनाएं
- फ्यूचर के लिए क्लियर रोडमैप तैयार करें, इसके बाद बिजनेस शुरू करें

अगर आप भी अपना कोई बिजनेस शुरू करना चाहते हैं तो कुछ नियम फॉलो करें। इससे आपका बिजनेस आगे बढ़ेगा अब नुकसान होगा। बिजनेस शुरू करने के लिए सबसे पहले 'परफेक्ट' बजट बनाएं। इसके बाद उस पर अमल करें। असल में किसी भी बिजनेस के लिए एक मजबूत बजट बनाना उसकी सफलता के लिए बेहद जरूरी होता है। बजट सिर्फ खर्चों को ट्रैक करने के बारे में नहीं है, बल्कि फ्यूचर के लिए एक साफ फाइनेंशियल रोडमैप तैयार करने के बारे में भी होता है। इस रिपोर्ट में आपको ऐसे ही टिप्स बताएंगे जो आपके बिजनेस के लिए बेहतर होंगे। यदि आप इनका पालन करेंगे तो कारोबार में नुकसान होगा और आपकी पूंजी बढ़ेगी। सही प्लानिंग से खर्चों पर नियंत्रण, मुनाफे की योजना और फ्यूचर के लिए क्लियर रोडमैप तैयार किया जा सकता।

### रेवेन्यू का विश्लेषण करें
सबसे पहले, आपको अपनी सभी रेवेन्यू स्ट्रीम को पहचानना होगा। आप कम से कम पिछले 12 महीनों के डेटा का विश्लेषण जरूर करें। आप यह देखें कि आपके बिजनेस की मासिक इनकम में कैसे उतार-चढ़ाव आते हैं और क्या कोई सीजनल पैटर्न इसमें काम आया है। यह उदाहरण के लिए, अगर छुट्टियों के मौसम में आय बढ़ सकती है, बकि गर्मियों में कम हो सकती है। इसको समझकर ही आप आने वाले महीनों के लिए आय का अनुमान लगा सकते हैं।

तैयारी
बिजनेस डेस्क

### निश्चित लागत घटाएं
इनकम का अनुमान लगाने के बाद, अपने फिक्स कॉस्ट को घटाना चाहिए। ये वो खर्चे हैं जो आपके बिजनेस की एक्टिविटी से नहीं बदलते, जैसे किराया, कर्मचारियों का वेतन, बीमा और संपत्ति लोन। ये खर्चे हर महीने या साल लगभग एक जैसे रहते हैं, इसलिए इन्हें आसानी से घटाया जा सकता है। बजट बनाते समय गैर-ज़रूरी और बदलने वाले खर्चों को घटाएं। ये खर्चे आपके बिजनेस की गतिविधि के साथ बदलते रहते हैं। तो जैसे-जैसे उत्पादन या बिक्री बढ़ती है, ये खर्चे भी बढ़ने लगते हैं। इनमें कच्चे माल की लागत, घंटे के हिसाब से काम करने वाले कर्मचारियों की मजदूरी आदि शामिल हैं। आप चाहें तो पिछले डेटा का उपयोग करके भी इनका अनुमान लगा सकते हैं।

### आपात स्थिति के लिए फंड
बजट बनाते समय, अप्रत्याशित खर्चों के लिए हमेशा कुछ पैसा अलग रखना जरूरी होता है। इसे कंटिजेंसी फंड या इमरजेंसी फंड भी कहते हैं। यह राशि तब काम आती है जब बिजनेस में यूज होने वाला कोई जरूरी चीज अचानक खराब हो जाए या कोई और अप्रत्याशित खर्च आ जाए. ऐसे में एक्सट्रा इमकम को तुरंत खर्च करने की जगह, इस फंड में जमा करना बेस्ट होगा।



### अपने बेनेफिट्स को समझें
बजट बनाते समय आप कुल अनुमानित आय से सभी तय और बदलते खर्च घटाएं। ऐसे में बची हुई राशि आपका शुद्ध लाभ है। अगर यह धनात्मक है तो मुनाफा, और अगर ऋणात्मक है तो घाटा। इस आंकड़े की तुलना पुराने बेनेफिट्ल से करें, ताकि पता चल सके कि अनुमान सही है या फिर नहीं। ऐसा करके आप काम शुरू करेंगे तो आपको कभी भी नुकसान का सामना नहीं करना पड़ेगा। आपका कारोबार दिन दूनी और रात चौगुनी गति से बढ़ेगा। बिजनेस में आपका भविष्य सुरक्षित रहेगा। काम शुरू करने से पहले एक बार अपने प्रोडक्ट का भी देखें और उसका रिव्यू करते रहे।

### बजट का रिव्यू करें
बजट कोई फिक्स डाक्यूमेंट्स नहीं होता है। इसका हर मंथ या तिमाही में रिव्यू करना और जरूरत के अनुसार एडजस्ट करना जरूरी है। जब आपकी इनकम बढ़ती है या खर्चे बदलते हैं, तो आपको अपने बजट में भी चेंज करना होगा। अपने सही प्रदर्शन की तुलना अपने बजट से करें और फिर देखें और समझें कि आप कहां पर अच्छा कर रहे हैं और कहां सुधार की जरूरत फिलहाल है। नियमित रिव्यू करने से आप अपने फाइनेंशियल टारगेट को ट्रैक पर रख सकते हैं।

### मुनाफे की निगरानी व समीक्षा
अपने मुनाफे की निगरानी करें और आवश्यकतानुसार बदलाव करें। अपने मुनाफे की समीक्षा करें और यह सुनिश्चित करें कि वे आपके वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर रहे हैं। अपने व्यवसाय के वित्तीय पहलुओं का प्रबंधन करें, जैसे कि आय, व्यय, और मुनाफा। अपने व्यवसाय के नकदी प्रवाह का प्रबंधन करें, जैसे कि आय और व्यय का समय पर प्रबंधन।

### बाजार अनुसंधान व विश्लेषण
अपने उत्पाद या सेवा के लिए बाजार की मांग और प्रतिस्पर्धा का विश्लेषण करें। अपने ग्राहकों की जरूरतों और पसंदों का विश्लेषण करें। अपने वित्तीय लक्ष्यों और बाजार अनुसंधान के आधार पर व्यवसाय योजना का निर्माण करें।

**अलर्ट** 25, 30 और 35 की उम्र वाले एसआईपी के लिए प्लानिंग करें

# रिटायरमेंट पर चाहिए 10 करोड़ तो उम्र के हिसाब से करें प्लानिंग, भविष्य होगा सुरक्षित

समझदारी
बिजनेस डेस्क

अगर आप 25 साल के हैं और आपसे पूछा जाए कि आपको रिटायरमेंट के समय कितना फंड चाहिए। आज से 35 साल बाद और महंगाई को देखते हुए रिटायरमेंट पर 10 करोड़ फंड आपकी नॉन वर्किंग लाइफ को आसान बना सकते हैं। यही 10 करोड़ का फंड हासिल करने के लिए अगर आप तुरंत सही से प्लानिंग करें तो यह आसान होगा, लेकिन जैसे जैसे देरी करते जाएंगे, यह फंड उतना ही दूर होता जाएगा। इसलिए अपने भविष्य को सुरक्षित करने के लिए समय से प्लानिंग करें।

आप जितनी जल्दी निवेश शुरू करेंगे उतनी जल्दी ही करोड़पति बनेंगे। बस आपको अपना लक्ष्य और रिस्क क्षमता को देखकर निवेश करना होगा। रिटायरमेंट पर दस करोड़ का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं तो आज आपकी जो उम्र है उसके हिसाब से प्लानिंग करें। तभी यह लक्ष्य हासिल कर पाएंगे। 25, 30 और 35 की उम्र वाले एसआईपी के लिए बेहतर प्लानिंग कर सकते हैं। इससे आपका भविष्य सुरक्षित होगा और बच्चों के खर्चों में भी दिक्कत नहीं होगी।

### निवेश में देरी लक्ष्य को बनाएगा मुश्किल
अगर हम निवेश में देरी करते हैं तो लक्ष्य हासिल करना मुश्किल होता जाता है. अगर आप रिटायरमेंट (60 साल) पर 10 करोड़ रुपये का लक्ष्य (**Retirement Corpus**) ध्यान में रखकर निवेश करते हैं और अनुमानित रिटर्न 12 फीसदी सालाना मानते हैं तो 20 साल के निवेशक जहां हर महीने 8,500 रुपये एसआईपी करनी होगी, वहीं 30 साल वालों को करीब 28,500 रुपये. अगर 40 की उम्र में आ गए तो इस लक्ष्य को पाने के लिए हर महीने 1,00,000 रुपये निवेश करना होगा. इसलिए निवेश जितना जल्दी हो सके, शुरू करें।



### 20 की उम्र में निवेश ऐसे करें
- मंथली एसआईपी : 8500 रुपये
- एनुअल रिटर्न: 12%
- ड्यूरेशन : 40 साल
- 40 साल बाद एसआईपी की वैल्यू : 10,10,00,572 रुपये (करीब 10 करोड़ रुपये)
- 40 साल में कुल निवेश : 40,80,000 रुपये (करीब 41 लाख रुपये)

### 25 की उम्र में निवेश
- मंथली एसआईपी : 15,500 रुपये
- एनुअल रिटर्न: 12 फीसदी
- ड्यूरेशन : 35 साल
- 35 साल बाद एसआईपी की वैल्यू : 10,06,76,671 रुपये (करीब 10 करोड़ रुपये)
- 35 साल में कुल निवेश : 65,10,000 रुपये (करीब 65 लाख रुपये)

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार राजू विरमानी आयु वयस्क आत्मज स्वः श्री रोशन लाल विरमानी निवासी मकान नंबर-181, दुर्गेश विहार जे.के. रोड जिला भोपाल (म.प्र.) ने एक किता कृषि भूमि जो खसरा कमांक-114/4 (S) जिसका कुल क्षेत्रफल 0.090 हैक्टेयर अर्थात 0.22 एकड़ जो स्थित ग्राम छापरी पटवारी हल्का 32 तह. हुजूर जिला भोपाल में है। जिसे मेरा पक्षकार विक्रेता मेसर्स दीप इंटर प्राईसेस द्वारा प्रोपराईटर श्री कुलदीप सक्सेना आयु वयस्क आत्मज श्री हरीश चंद्र सक्सेना पता-ए/82, कमला नगर कमला नेहरू विद्यालय के पास जिला भोपाल से दिनांक-14/08/2025 को नोटरी अनुबंध पत्र द्वारा क्रय करने का अनुबंध किया गया है। उक्त कृषि भूमि व उसके किसी भी भाग पर किसी भी प्रकार का हित, स्वामित्व, दखल, कब्जा, ऋणभार, प्रतिभूति, जमानत या बैंक ऋण, कोई शासकीय, अशासकीय, अर्द्धशासकीय, संस्था, आदि या किसी व्यक्ति का बकाया बंधक, हस्तांतरण, विक्रय, गिरवी या अन्य कोई झगड़ा दावा हो एवं मूल विक्रय पत्र किसी को प्राप्त हुई हो तो पहुंचाने वाले को (विशेष ईनाम), मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज एवं सबूत के साथ इस आम सूचना प्रकाशन के 07 (सात) दिन के अंदर सम्पर्क करें। अतः समय सीमा समाप्त होने के बाद मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति का विक्रय पत्र (रजिस्ट्री) का पंजीयन क्रेता पक्षकार के पक्ष में करा देंगे। इसके बाद कोई भी आपत्ति था विरोध मान्य नहीं होगी।

भवदीय **अजीत सिंह** अधिवक्ता
कार्यालय-155-156,
नेहरू मार्केट, बरखेडा पठानी, भोपाल
मोबाईल नं. 6261059809

**प्राचार्य एवं सचिव जनभागीदारी समिति**
**प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शास. नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम**

क्रमांक. 4008/स्था./2025 :: विज्ञापन :: नर्मदापुरम, दिनाँक 23/08/2025

महाविद्यालय में निम्न विषयों / पाठ्यक्रमों हेतु (सत्र 2025-26 हेतु) विजिटिंग फैकल्टी, अतिथि शिक्षक तथा कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर आमंत्रित करने के लिये सभी आवश्यक दस्तावेजों की स्वयं प्रमाणित छायाप्रतियों के साथ सादे कागज पर आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

| विजिटिंग फैकल्टी<br>विषय / पाठ्यक्रम का नाम | अतिथि शिक्षक<br>विषय / पाठ्यक्रम का नाम | कम्प्यूटर ऑपरेटर |
|---|---|---|
| समाजशास्त्र<br>(रिसर्च मेथोडोलॉजी विषय पढ़ाने हेतु) | वाणिज्य (बी.कॉम. रिटेल ऑपरेशन तथा बी.ए. इन. बी.एफ.एस.आई. पढ़ाने हेतु) | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता - एम.एस. ऑफिस, सी.पी.सी.टी. उत्तीर्ण<br>चयन प्रक्रिया - 80 प्रतिशत सी.पी.सी.टी. स्कोर कार्ड तथा 20 प्रतिशत प्रायोगिक परीक्षा के आधार पर |
| इतिहास (टूरिज्म विषय पढ़ाने हेतु) | हिन्दी | |
| बायोटेक्नालॉजी | अंग्रेजी | |
| पर्सनाल्टी डेवलपमेंट | कम्प्यूटर साइंस | |
| वनस्पतिशास्त्र (ऑरनिक फार्मिंग पढ़ाने हेतु) | राजनीति विज्ञान | |
| भूगोल | | |
| संस्कृत | | |
| इलेक्ट्रॉनिक्स | | |
| गणित | | |
| एन.एस.एस. | | |
| एन.सी.सी | | |

शैक्षणिक योग्यता - यूजीसी द्वारा निर्धारित मानदण्ड अनुसार। एनएसएस एवं एनसीसी के लिये यूजीसी मानदण्ड के साथ ही सी सार्टिफिकेट धारक होना अनिवार्य है।

1. सभी आवेदन प्राचार्य सचिव, जनभागीदारी समिति, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम के नाम से संबोधित करते हुए डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 30/08/2025 सायं 05:00 बजे तक है।
2. आवेदन पत्र अपूर्ण होने या उसके साथ आवश्यक दस्तावेजों की फोटो प्रति संलग्न न होने की स्थिति में आवेदन स्वतः निरस्त माना जाएगा, जिसकी कोई सूचना पृथक से अभ्यर्थी को दिया जाना संभव नहीं होगा।
3. अतिथि शिक्षक / विजिटिंग फैकल्टी की चयन प्रक्रिया एवं अधिभार की गणना मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश क्र एफ 1/1/201/2023/38-1 भोपाल दिनांक 05/10/2023 के अनुरूप किया जाएगा।
4. अतिथि शिक्षक / विजिटिंग फैकल्टी / कम्प्यूटर ऑपरेटर किसी भी हैसियत से महाविद्यालय स्थापना के अंतर्गत नहीं माने जायेगें और लोक सेवक की विधि विहित परिभाषा के अंतर्गत लोक सेवक नहीं माने जाएगें।
5. आमंत्रण संबंधी समस्त निर्णय प्राचार्य के अध्याधीन होगें। अधिक जानकारी हेतु महाविद्यालय में संपर्क करें।

डॉ. राम कुमार चौकसे
प्राचार्य / सचिव जनभागीदारी समिति

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के विदेश मंत्री वांग यी की कूटनीतिक मुलाकात को अमेरिका सहित दुनिया के अनेक मुल्कों द्वारा बड़ी हैरतअंगेज दृष्टि से देखा जा रहा है। सबसे बड़ी हैरत की बात है कि चीन के विदेशमंत्री वांग यी द्वारा पहले भारत का कूटनीतिक दौरा किया गया। उसके तत्पश्चात ही वह पाकिस्तान के दौरे पर गए। पाकिस्तान के ऊपर भारत को प्राथमिकता प्रदान करने वाला यह चीन का कूटनीतिक दृष्टिकोण एकदम अनोखा और नया है। यक्ष प्रश्न है कि अमेरिका के साथ अपने कूटनीतिक और रणनीतिक तनाव के नाजुक दौर में भारत द्वारा क्या चीन पर तहेदिल से यकीन किया जा सकता है? आजादी के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के दौर में हिन्दी-चीनी भाई-भाई का नारा बहुत जोर शोर से बुलंद किया गया, किंतु वर्ष 1962 में भारत पर चीन द्वारा आक्रमण अंजाम देने के तत्पश्चात सरहद पर तल्ख विवाद के कारणवश दोनों देशों के मध्य कूटनीति रिश्ते कभी सामान्य और दोस्ताना नहीं हो पाए। अब ट्रंप के एकतरफ टैरिफ के बाद भारत और चन अपनी ट्रेडकूटनीति को आगे बढ़ा रहे हैं। दोनों देश मिलकर जहां ग्लोबल साउथ को मजबूत कर सकते हैं, वहीं एशिया का नेतृत्व भी कर सकते हैं। भारत, चीन व जापान में नई वैश्विक व्यवस्था गढ़ने का दम है। आजकल के ताजा अंक में पेश है भारत व चीन संबंध पर एक विश्लेषण...**

# सहयोग का इतिहास रचेंगे हिंदी-चीनी?



ट्रेडकूटनीति

प्रभात कुमार रॉय

विदेश मामलों के जानकार

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा थोपी गई आक्रामक टैरिफ के कारण क्या भारत और चीन रणनीतिक और कूटनीतिक तौर पर निकट आ रहे हैं? राष्ट्रपति ट्रंप की खुशफहमी है कि भारत इतना अधिक शक्तिशाली नहीं है कि निर्णायक और प्रभावी तौर पर अमेरिका पर चीन की तर्ज ओ तरीके से पलटवार कर सकेगा। 19 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब चीन के विदेशमंत्री से मुलाकात अंजाम दी तो फिर दुनिया भर के जाने-माने डिप्लोमेट्स का नजरिया भारत के प्रति परिवर्तित होने लगा है। समस्त ऐतिहासिक शत्रुताओं के बावजूद भारत-चीन मित्रता विश्वपटल पर नया भविष्य रच सकती है, बशर्ते चीन द्वारा अपनी विस्तारवादी फितरत का परित्याग कर दिया जाए।**



जटिल प्रश्न है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा थोपी गई आक्रामक टैरिफ के कारण क्या भारत और चीन रणनीतिक और कूटनीतिक तौर पर निकट आ रहे हैं? अमेरिका के विदेश मंत्री स्कॉट बेसेंट ने फरमाया कि 27 अगस्त से भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ बाकायदा आयद कर दिया जाएगा। अमेरिका के नीति नियंता भारत को निरंतर धमकियां दे रहे हैं कि रूस से तेल का आयात जारी रखा गया तो फिर भारतीय निर्यात पर टैरिफ दरों को सौ प्रतिशत तक कर दिया जाएगा। यूरोप के कुछ कूटनीतिक विशेषज्ञों का मंतव्य है कि भारत की बहुरेखीय डिप्लोमेटिक रणनीति जबरदस्त तौर पर नाकाम सिद्ध हुई है। बाद में उनकी राय बदली है।

इस कूटनीतिक रणनीति के तहत भारत के लिए सभी देशों का दोस्त बन जाना और सभी के लिए अपरिहार्य बन जाने का उसका मकसद रहा है। लेकिन प्रायः सभी के लिए भारत कहीं अब गैरजरूरी तो नहीं बनता जा रहा है? यहां तक कि ऑपरेशन सिंदूर के काल में अमेरिका और रूस दोनों ने पाकिस्तान और भारत को एक ही तराजू में तोल दिया। चीन से दुश्मनी अंजाम दिए बिना राष्ट्रपति ट्रंप सिर्फ भारत पर ही टैरिफ आक्रमण अंजाम देकर धमकाते और धकियाते रहते हैं, क्योंकि संभावतया राष्ट्रपति ट्रंप इस गलतफहमी के शिकार रहे हैं कि अमेरिका विरुद्ध भारत की खामोशी और ट्रेड समझौता करने की चाहत उसकी कमजोरी है। राष्ट्रपति ट्रंप की खुशफहमी है कि भारत इतना अधिक शक्तिशाली नहीं है कि निर्णायक और प्रभावी तौर पर अमेरिका पर चीन की तर्ज ओ तरीके से पलटवार कर सकेगा। 19 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब चीन के विदेशमंत्री से मुलाकात अंजाम दी तो फिर दुनिया भर के जाने-माने डिप्लोमेट्स का नजरिया भारत के प्रति परिवर्तित होने लगा है।

## भारत की वैश्विक कूटनीति

कुछ जाने-माने विशेषज्ञ तो यहां तक कहने लगे कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अंदर ऐसी विरल रणनीतिक और कूटनीतिक हिम्मत विद्यमान है, जोकि यूरोपीय यूनियन के लीडरों के पास कदाचित मौजूद नहीं रही। तसव्वुर कीजिए, यदि ऐसा ही रणनीतिक अंदाज यूरोपीय यूनियन ने लीडरान द्वारा रूस-यूक्रेन युद्ध के निदान के लिए रूस के साथ कूटनीतिक मुलाकातें करने की खातिर अख्तियार किया होता तो फिर यूरोपीय यूनियन को रूस-यूक्रेन युद्ध में मध्यस्थता करने के लिए राष्ट्रपति ट्रंप की आवश्यकता कदापि नहीं पड़ती। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के विदेश मंत्री वांग यी की कूटनीतिक मुलाकात को अमेरिका सहित दुनिया के अनेक मुल्कों द्वारा बड़ी हैरतअंगेज दृष्टि से देखा जा रहा है। सबसे बड़ी हैरत की बात है कि चीन के विदेशमंत्री वांग यी द्वारा पहले भारत का कूटनीतिक दौरा किया गया। उसके तत्पश्चात ही वह पाकिस्तान के दौरे पर गए। पाकिस्तान के ऊपर भारत को प्राथमिकता प्रदान करने वाला यह चीन का कूटनीतिक दृष्टिकोण एकदम अनोखा और नया है। यक्ष प्रश्न है कि अमेरिका के साथ अपने कूटनीतिक और रणनीतिक तनाव के नाजुक दौर में भारत द्वारा क्या चीन पर तहेदिल से यकीन किया जा सकता है? आजादी के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के दौर में हिन्दी-चीनी भाई-भाई का नारा बहुत जोर शोर से बुलंद किया गया, किंतु सन् 1962 में भारत पर चीन द्वारा आक्रमण अंजाम देने के तत्पश्चात सरहद पर तल्ख विवाद के कारणवश दोनों देशों के मध्य कूटनीति रिश्ते कभी सामान्य और दोस्ताना नहीं हो पाए।

## चीन की बुनियादी फितरत में विस्तारवाद

सन् 1949 में कम्युनिस्ट इंकलाब के बाद से ही चीन की बुनियादी फितरत बाकायदा विस्तारवादी अंदाज में निरंतर कायम बनी रही। सबसे पहले चीन ने 1959 में अनाधिकृत तौर पर तिब्बत पर आधिपत्य स्थापित किया। इसके बाद चीन ने लद्दाख के कुछ क्षेत्रों और अरुणाचलम (नेफा) पर अपने स्वामित्व का दावा पेश किया। 35000 स्क्वायर किलोमीटर क्षेत्र के अक्साई चिन इलाके पर चीन का अनाधिकृत आधिपत्य कायम बना रहा। वर्ष 2020 में गलवान घाटी में रक्तरंजित सैन्य झड़प तत्पश्चात भारत-चीन संबधों में फिर से एक खराब दौर आया, किंतु तभी से दोनों मुल्कों द्वारा परस्पर संबंधों सामान्य स्थिति में लाने की खातिर निरंतर सैन्य और कूटनीतिक वार्ताएं जारी रखी गई हैं। भारत-चीन संबंधों में तल्खी और तनाव का एक कारण क्वाड गठबंधन भी रहा है जिसे चीन अपने विरुद्ध एक अमेरिकन गठजोड़ के तौर पर देखता है। चीन द्वारा अमेरिकन टैरिफ के बरखिलाफ सबसे सशक्त आवाज बुलंद की गई और राष्ट्रपति ट्रंप को उनकी भाषा में सख्त प्रतिउत्तर पेश कर दिया। विदेशमंत्री वांग यी की भारत यात्रा को चीन के मीडिया द्वारा अत्यंत प्रमुखता के साथ पेश किया गया। भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ चीनी विदेश मंत्री द्वारा सीमा विवाद पर महत्वपूर्ण चर्चा अंजाम दी गई।

## रणनीतियों में आएगा बुनियादी बदलाव

चीन के कूटनीतिक हल्कों में जोरदार चर्चा है कि डोनाल्ड ट्रंप की आक्रामक टैरिफ नीतियों के मद्देनजर भारत और चीन वस्तुतः अपनी रणनीतियों में अब बुनियादी बदलाव करना चाहते हैं और वांग यी की भारत यात्रा इसी व्यापक कूटनीतिक पहल का एक महत्वपूर्ण कदम है। चीन के जाने-माने डिप्लोमेट्स गुआंग का भी विचार है कि भारत और चीन के मध्य ताकतवर कूटनीतिक ताल्लुकात यकीनन ग्लोबल साउथ के लिए बहुत फायदेमंद साबित हो सकते हैं। उल्लेखनीय है कि ग्लोबल साउथ टर्म का इस्तेमाल एशिया, अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका के विकासशील देशों के समूह के लिए किया जाता है। आखिर वांग यी की भारत यात्रा से ठोस उपलब्धि क्या हासिल हुई? इसके उत्तर में चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ मिंग ने फरमाया कि चीन और भारत अनेक जटिल विवादित प्रश्नों को लेकर ठोस सहमति पर तकरीबन पहुंच चुके हैं। दोनों देशों के समक्ष सबसे जटिल प्रश्न है कि वैश्विक चुनौतियों का मिलकर सामना कैसे किया जाए और किसी भी मुल्क के धौंस और दबाव की रणनीति का कारगर एवं समुचित विरोध करने के लिए किस तरह एकजुट हुआ जाए। विश्वसनीय कूटनीतिक सूत्र यह भी बयान करते हैं कि सीमा क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए भी दोनों देशों ने अपनी सहमति व्यक्त की है। भारतीय कूटनीति सूत्रों ने दावा पेश किया कि चीन द्वारा भारत के ऊपर आयद किए गए अर्थ निर्यात नियंत्रण समाप्त कर दिए गए हैं। आधिकारिक तौर पर इस तथ्य की हालांकि बाकायदा पुष्टि नहीं हो पाई है।

उल्लेखनीय है कि चीन द्वारा भारत को कुल फर्टिलाइजर्स का लगभग 30 प्रतिशत सप्लाई कराया जाता रहा है। ऑटोमोबाइल कॉम्पोनेंट्स के लिए अर्थ एलिमेंट्स और सड़क और शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए जरूरी टनल बोरिंग मशीन भी चीन द्वारा भारत को निर्यात किए जाते हैं। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ मिंग ने दावा पेश किया कि भारत ने ताइवान को चीन का अभिन्न अंग निरूपित किया है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि ताइवान के साथ आर्थिक, तकनीकी और सांस्कृतिक संबंधों को पहले की तरह जारी रखा जाएगा। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने तिब्बत में यारलुंग सांगपो नदी, जिसे भारत में ब्रह्मपुत्र नदी कहा जाता है, के निचले इलाके पर चीन द्वारा निर्मित किए जा रहे मेगा डैम के निर्माण को लेकर भारत की गहन चिंताओं को चीन के विदेशमंत्री वांग यी के समक्ष पेश किया। वस्तुतः चीन के विदेशमंत्री वांग यी की भारत यात्रा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 31 अगस्त और 1 सितंबर को शंघाई कॉआपरेशन आर्गेनाइजेशन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में भागीदारी की तैयारी के संदर्भ में देखा जा रहा है। सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न है राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया के तकरीबन 100 देशों के विरुद्ध टैरिफ जंग शुरू की है। ट्रंप द्वारा टैरिफ आक्रमण में भारत को बख्शा नहीं गया है। इसके बावजूद कि विगत 25 वर्षों के दौर में भारत बेहद करीबी संबंध अमेरिका के साथ स्थापित कर चुका है। भारत यकीनन अत्यंत विवश होकर अमेरिकन प्रशासन के विरुद्ध सीधे टकराव की स्थिति में आ गया है, क्योंकि भारत द्वारा रूस से तेल खरीदारी खत्म करने से स्पष्ट तौर पर इनकार कर दिया गया है। इस वक्त भारत अपनी रणनीतिक स्वायत्तता के महत्व को बाकायदा समझ रहा है। भारत चीन के साथ संबंध सुधारने की अत्यंत संजीदा कोशिश अंजाम दे रहा है, ताकि विश्व पटल पर भारत को रणनीतिक गुंजाइश और नीतिगत लचीलापन हासिल हो सके। भारत अब अमेरिका द्वारा प्रदान किए गए जबरदस्त झटके के बाद ग्लोबल साउथ के बाजारों की तरफ नजर डाल रहा है, ताकि भारत को निर्यात के लिए अमेरिका के बाजारों पर निर्भर नहीं रहना पड़े।

## ट्रंप से यूरोपीय यूनियन के लीडर भी आहत

इन दिनों तक अमेरिका के आक्रामक व्यवहार से यूरोपीय यूनियन के लीडर भी बहुत आहत हुए, जिनके साथ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इनफीरियर देशों की तरह से व्यवहार किया है और जबरदस्त आर्थिक नुकसान भी पहुंचाया है। उल्लेखनीय है कि विगत अनेक दशक से यूरोप वस्तुतः अमेरिका का पिछलग्गू बना रहा है। यूरोपीय यूनियन के अनेक बड़े लीडर तल्ख एहसास से गुजर रहे हैं कि राष्ट्रपति ट्रंप तो रूस के साथ अपने संबंधों को बेहतर बना रहे हैं किंतु यूरोप ने रूस के साथ अपने संबंधों को बिगाड़ कर अपना बहुत अधिक आर्थिक नुकसान किया है। यूरोपीय यूनियन के लोग गहनता से महसूस करते हैं कि चीन के प्रति भारतीयों के मन में जिस तरह का शत्रु भाव व्याप्त रहा है, इस तरह का शत्रुतापूर्ण भाव यूरोप में रूस के विरुद्ध लेकर कदाचित विद्यमान नहीं रहा है, अर्थात भारत के लिए एक दोस्त के तौर पर चीन के साथ पेश आना, वस्तुत यूरोप की तुलना में राजनीतिक और कूटनीतिक तौर पर कहीं ज्यादा मुश्किल रहा है, किंतु भारत ने यह कूटनीतिक करनामा कर दिखाया है, किंतु यूरोप अभी भी एक तरह से रूस के साथ अपने डिप्लोमेटिक ताल्लुकात को लेकर कन्फ्यूज्ड भाव में डगमगा रहा है।

अब तो अमेरिका प्रशासन ने विश्व पटल पर ऐसे विकट हालात उत्पन्न कर दिए हैं कि भारत और चीन यदि निकट सहयोग नहीं करेंगे तो फिर गहन आर्थिक संकट के दलदल में धंस जाएंगे। डोनाल्ड ट्रंप द्वारा विगत कार्यकाल में चीन के विरुद्ध ट्रेड वॉर का बिगुल बजाया गया था किंतु राष्ट्रपति ट्रंप के वर्तमान कार्यकाल में तो भारत को भी ट्रेड वॉर का निशाना बना दिया गया। समस्त ऐतिहासिक शत्रुताओं के बावजूद भारत-चीन मित्रता विश्वपटल पर नया भविष्य रच सकती है, बशर्ते चीन द्वारा अपनी विस्तारवादी फितरत का परित्याग कर दिया जाए। नए वर्ल्ड ऑर्डर की उम्मीद लगा सकते हैं।

# एससीओ में दिखना चाहिए भारत का प्रभाव



विश्लेषण

सुनील अमर

वरिष्ठ स्तंभकार

चीन के त्यानजिन में 31 अगस्त को होने जा रही शंघाई सहयोग संगठन यानी एससीओ की बैठक, अमेरिकी दखलअंदाजी से बदले हुए अन्तरराष्ट्रीय माहौल के कारण अहम बन गयी है। इसी कारण दुनिया भर के राजनीतिक पर्यवेक्षकों व कूटनीतिज्ञों की निगाहों का केन्द्र बिन्दु बनी हुई है। भारत के प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी भी इस बैठक में भाग लेंगे। पीएम मोदी के इस बैठक में भाग लेने को चीन काफी गम्भीरता से ले रहा है और माहौल को पॉजिटिव बनाने के लिए कई स्तर के प्रयास कर रहा है। नई दिल्ली आये चीनी विदेश मन्त्री ने अपने भारतीय समकक्ष से मुलाकात कर न सिर्फ आशाजनक बयान दिये हैं बल्कि सार्थक क्रियान्वयन करने का एक खाका भी खींच गए हैं। अरसे से स्थगित वीजा और हवाई सेवायें शुरू की जा रही हैं। दोनों तरफ से बने हुए इस खुशनुमा माहौल का क्या नतीजा निकलेगा, यह तो एक सितम्बर के बाद ही पता चलेगा।

चीन द्वारा लगातार पाकिस्तान का समर्थन करने के कारण चीनी प्रभुत्व वाले एससीओ से भारत को कभी भी ज्यादा उम्मीदें नहीं रही हैं। वैसे तो एससीओ का गठन वर्ष 2001 में ही हो गया था लेकिन भारत और पाकिस्तान इसमें वर्ष 2017 में शामिल हुए। असल में सोवियत संघ के विखण्डन के बाद बने देशों में सीमा और अन्य तरह के विवाद हो रहे थे तो उनको एक मंच पर लाकर बात करने के लिए वर्ष 1996 में शंघाई फाइव नाम से एक संगठन बनाया गया जिसमें रूस और चीन के अलावा तत्कालीन सोवियत संघ से आजाद हुए कजाकिस्तान, किर्गिस्तान व ताजिकिस्तान देश शामिल थे। बाद में इसी को विस्तार देते हुए एससीओ बनाया गया जिसमें आज नौ देश शामिल हैं।

## एससीओ से सार्थक उम्मीद नहीं

इस संगठन में चीन का ही प्रभुत्व है। ध्यान देना होगा कि बीते जून माह में एससीओ देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक थी, जिसमें भाग लेने गये भारतीय रक्षा मन्त्री ने वहां जारी साझा बयान को मानने और हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया था। भारत को आपत्ति थी कि एससीओ दोहरा मापदण्ड अपना रहा है। बयान में पाकिस्तान में हुए जाफर एक्सप्रेस आतंकवाद काण्ड की तो निन्दा की गयी थी लेकिन भारत के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जिक्र भी नहीं किया गया था। भारत को इस संगठन से कभी भी कोई सार्थक उम्मीद नहीं रही है क्योंकि यह मुख्य रूप से चीन और रूस के हितों की पूर्ति के लिए बनाया गया है। यही कारण है कि इस संगठन की आधिकारिक भाषा भी रुसी और चाइनीज ही है। भारत ने सुझाव दिया था कि इसमें अंग्रेजी को भी शामिल किया जाय लेकिन चीन नहीं माना।

## ट्रंप के व्यापार युद्ध का असर

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शपथ ग्रहण करते ही मानों व्यापार युद्ध सा छेड़ दिया है। उन्हें शायद लगता है कि वे अमेरिका की हर समस्या को अन्य देशों पर व्यापार कर यानी टैरिफ थोप कर हल कर लेंगे। उनके इस व्यापार युद्ध का ही असर है कि चीन इस बार एससीओ की बैठक के लिए भारत के प्रति दुर्लभ किस्म की विनम्रता




दिखा रहा है। भारत में चीन के राजदूत सू फ्योंग ने जहां कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी का एससीओ बैठक में भाग लेना 'अत्यन्त महत्वपूर्ण' होगा और इसे सफल बनाने के लिए भारत और चीन के अधिकारियों का एक समूह लगातार काम कर रहा है। वहीं, अपने हालिया भारत दौरे पर आये चीनी विदेश मन्त्री वांग यी ने तो भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल व विदेश मन्त्री एस जयशंकर से हुई वार्ता के बाद यहां तक कह दिया है कि दोनों देशों के बीच सीमा आदि के विवाद को सुलझाने के लिए दस सूत्रों पर सहमति बनी है और जिस पर काम करने के लिए दोनों तरफ से दो-दो ग्रुप बनाये जाएंगे, जो विवाद निपटाने व सीमा प्रबन्धन का कार्य देखेंगे।

ध्यान रहे कि चीन के साथ भारत की सबसे बड़ी समस्या दशकों पुराना युद्ध स्तरीय सीमा विवाद ही है। एससीओ में भाग लेने जा रहे प्रधानमन्त्री मोदी के एजेन्डे के लिए यद्यपि राजनीतिक, कूटनीतिक और राजनयिक स्तर पर तैयारियां चल रही हैं फिर भी कुछ खास और जाने-सुने मुद्दे हैं जिन पर वहां उनके बात करने की संभावना बन सकती है। सात वर्षों बाद भारतीय प्रधानमन्त्री की चीन यात्रा का सबसे बड़ा उद्देश्य तो यही होगा कि दोनों देशों के बीच खत्म हो चुके आपसी भरोसे को फिर से बहाल किया जाए। इस दौरान लगभग ढाई दर्जन बार हो चुकी बेनतीजा सीमा सम्बन्धी द्विपक्षीय वार्ताओं को अब किसी सिरे तक पहुंचाने की कोशिशें हों। इसके अलावा रेयर अर्थ यानी दुर्लभ खनिज, उर्वरक, फार्मा व इलेक्ट्रानिक वस्तुएं, सुरंग बनाने की मशीनें, कृषि क्षेत्र व वैकल्पिक ऊर्जा आदि बातचीत के विषय हो सकते हैं।

आतंकवाद व अलगाववाद जैसी समस्या से निपटना एससीओ की स्थापना का घोषित लक्ष्य है। देखना होगा कि इस बार चीन इस पर क्या रवैया अपनाता है। भारत यद्यपि ब्रिक्स व क्वाड जैसे अन्य कई बड़े अंतरराष्ट्रीय संगठनों का सदस्य है, फिर भी चीनी प्रभुत्व के बावजूद एससीओ का उसके लिए महत्वपूर्ण है कि इससे मध्य एशिया की एनर्जी मार्केट में सीधा दखल तथा सुरक्षा सहयोग के अलावा क्षेत्रीय प्रभाव भी बनता है। इसके अलावा एससीओ देशों को मिलाकर लगभग 60 प्रतिशत यूरेशिया बनता है जिसमें तीन अरब से अधिक की विश्व आबादी रहती है। इसमें भारत, चीन, रूस और पाकिस्तान जैसे परमाणु सम्पन्न देश भी हैं। एससीओ में बातचीत का एक महत्वपूर्ण विषय व्यापारिक मार्गों की सुगमता का हो सकता है।

## बेहतर कनेक्टिविटी की चर्चा

इस सम्बन्ध में भारत अन्तरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण ट्रांसपोर्ट कॉरीडोर जिसे संक्षेप में आईएनएसटीसी कहा जाता है पर बेहतर कनेक्टिविटी यानी मार्ग संयोजन की चर्चा कर सकता है। यह लगभग 7200 किमी का समुद्र, सड़क और रेल मार्गों से बनने वाला रास्ता है और जिससे हिन्द महासागर, फारस की खाड़ी, कैस्पियन सागर और यहां से फिर रेल व सड़क मार्ग से रूस के सेंट पीटर्सबर्ग होकर उत्तरी यूरोप जुड़ता है। इस मार्ग से समय व धन की बचत होती है। एससीओ में भारत इस बात को भी प्रमुखता से रख सकता है कि इसे रूस-चीन का सुरक्षा कवच वाला संगठन बनाये रखने के बजाय सदस्य देशों के बृहत्तर उद्देश्यों के लिए विस्तारित किया जाए।

संभावना तो इस बात की ज्यादा है कि चीन घुमा-फिराकर अपने व्यापारिक लाभ की बातों को ही आगे रखेगा फिर भी कुल मिलाकर उम्मीद यही रखनी चाहिए कि भारत ने जो तेवर एससीओ रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन में बयान पर दस्तखत करने से इनकार करके तथा भारतीय विदेश मन्त्री ने 'जो देश आतंकवाद फैलाने में सहायता करेगा उसे इसकी कीमत चुकानी होगी' जैसा बयान देकर भारत की मजबूती को दिखाया है, वही दशा-दिशा और संप्रभुता आगामी एससीओ सम्मेलन में भारत की बनी रहेगी।

# ग्लोबल साउथ का नेतृत्व करे भारत-चीन



विमर्श

शंभू भद्रा

वरिष्ठ पत्रकार

मौजूदा वक्त में दुनिया में अनेक स्तर पर हलचल है। इसके केंद्र में अमेरिका है, खासकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप। उन्होंने सबसे अदावत की ठान रखी है। भारत व चीन समेत 90 से अधिक मुल्कों पर ट्रंप के एकतरफा टैरिफ के ऐलान से वैश्विक रिश्ते रिशेप ले रहे हैं। देश अमेरिका के विकल्प तैयार कर रहे हैं। भारत और चीन तेजी से करीब आ रहे हैं।

यूं तो चीन के साथ रिश्ते सामान्य करने का प्रयास भारत ने ट्रंप 2.0 आने से पहले वर्ष 2024 में ही शुरू कर दिया था, लेकिन ट्रंप के अनुचित टैरिफ के बाद चीन ने भी भारत से ट्रेडकूटनीति को मजबूत करने की कोशिश तेज कर दी है। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर की चीन यात्रा, चीनी विदेश मंत्री वांग यी की भारत यात्रा, इस दौरान दुर्लभ खनिजों की बंद आपूर्ति को शुरू करने के साथ उर्वरक व टनल खुदाई मशीन देने पर सहमति और 31 अगस्त व 1 सितंबर को दो दिवसीय शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में पीएम नरेन्द्र मोदी के भाग लेने व उनकी चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ प्रस्तावित बैठक इन्हीं कोशिशों की कड़ी हैं। भारत एक साथ ब्रिटेन, यूरोपीय संघ, चीन, रूस व ब्राजील से अपने संबंध मजबूत कर रहे हैं। पश्चिम एशिया, खाड़ी देश, अफ्रीकी संघ, लैटिक अमेरिकी देश और आसियान देशों के साथ भी भारत के रिश्ते बेहतर हैं। इसमें सबसे अहम भारत व चीन के उतार-चढ़ाव वाले रिश्ते हैं।

## दूरदृष्टि का दे रहे परिचय

बेशक वांग यी की यात्रा के बाद चीन व भारत के संबंध को लेकर बीजिंग व नई दिल्ली में अलग-अलग विश्लेषण व नजरिया है, लेकिन दोनों मुल्क दूरदृष्टि का परिचय दे रहे हैं। भारत व चीन के संबंध भविष्य में क्या आकार लेंगे, कहना कठिन है, कारण चीन की विस्तारवादी नीतियां, पाकिस्तान के साथ दोस्ती व भारत के साथ सीमा विवाद राह के रोड़े हैं। भारत के साथ सामान्य संबंध चीन के रुख पर निर्भर करेगा, पर अभी ट्रंप टैरिफ की वजह से अगर दोनों देश नजदीक आ रहे हैं तो भी यह बहुध्रुवीय विश्व में नई उम्मीद को मजबूत कर रहे हैं। भारत के लिए अमेरिका का रिप्लेसमेंट चीन नहीं है, लेकिन भारत अपने हितों से कभी समझौता भी नहीं करेगा। भारत को लेकर अमेरिकी प्रशासन की भाषा अपमानजनक सरीखी है, जिसे भारत कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। हाल में भारत ने रूस व चीन के साथ बेहतर तालमेल बढ़ा कर अमेरिका को संदेश दे दिया है कि ट्रंप के तरीके नामंजूर हैं।

## पश्चिम पर निर्भरता कम होगी

भारत को अगर अपने ग्लोबल साउथ के आइडिया को अमलीजामा पहनाा है, तो उसमें चीन, जापान व ब्राजील का साथ जरूरी है। भारत, चीन, ब्राजील व जापान मिलकर ग्लोबल साउथ को नई दिशा दे सकते हैं। ये सभी मुल्क तकनीक, संसाधन और बाजार के साथ सामरिक ताकत से लैस हैं। इससे पश्चिम पर निर्भरता कम होगी। भारत को एशिया की मजबूती और शांति की दिशा में भी काम करना चाहिए। एशिया में देशों के बीच संघर्ष, अविश्वास व दुश्मनी पश्चिमी



हथियार बाजार को खाद-पानी देते हैं। एशियाई देशों में अगर यह समझ विकसित हो जाए कि आपसी टकराव के बजाय सहअस्तित्व व सहयोग से इस साधन संपन्न सबसे बड़े महादेश को शक्तिशाली, आत्मनिर्भर और खुशहाल बनाया जा सकता है, तो हथियार की होड़ रुक सकती है, जिससे पश्चिम का दबदबा खत्म हो सकता है। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के मुताबिक, 2014 से 2024 के बीच भारत के आयात परिदृश्य पर चीन का प्रभुत्व और अधिक बढ़ गया है। इरिथ्रोमाइसिन, सिलिकॉन वेफर्स, फ्लैट पैनल डिस्प्ले, सौर सेल, लिथियम आयन बैटरियां, दुर्लभ खनिज खासकर मैग्नेट के लिए भारत चीन पर निर्भर है। इस कारण चीन संकट के समय भारत के खिलाफ माल आपूर्ति को रोक कर ढाल बनाता है। भारत को इस स्थिति से उबरना है। भारत को चीन पर दबाव भी बनाना होगा कि वह भारतीय उत्पादों के लिए अपना बाजार खोले, व्यापार संतुलन की खाई को पाटे। द्विपक्षीय व्यापार में भारत की हिस्सेदारी दो दशक पहले के 42.3 प्रतिशत से घटकर आज केवल 11.2 प्रतिशत रह गई है। चीनी विदेश मंत्री वांग यी की भारत यात्रा को व्यापक रूप से प्रधानमंत्री मोदी की निर्धारित तियानजिन एससीओ शिखर सम्मेलन यात्रा की तैयारी के रूप में देखा जा सकता है। चीन अगर भारत का भरोसा जीतना चाहता है तो, उसे अधिक पहल करनी होगी। भारत व चीन के बीच सहयोग के कई क्षेत्र हैं। आयुर्वेद, योग और भारतीय शास्त्रीय कलाओं में चीन की रुचि बढ़ रही है।

पर्यटन, तीर्थयात्रा में वृद्धि हो रही है। भारतीय स्टार्टअप्स प्रमुख चीनी फंडिंग को आकर्षित कर रहे हैं। बुनियादी ढांचे और हाई-स्पीड रेल के क्षेत्र में चीन की उन्नत जानकारी भारत के औद्योगिक विकास के लिए लाभकारी है। भारत और चीन ब्रिक्स, एससीओ, जी-20, एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक (एआईआईबी) और न्यू डेवलपमेंट बैंक (एनडीबी) में सहयोग कर वैश्विक दक्षिण एकजुटता, बहुध्रुवीयता और जलवायु कूटनीति को बढ़ावा दे रहे हैं। चीन भारत के अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) का समर्थन करता है। दोनों देश पश्चिमी देशों द्वारा लगाए गए कार्बन टैरिफ और वैश्विक जलवायु शासन में अंतर्निहित असमानताओं के बारे में गहरी चिंताएं साझा करते हैं। भारत-चीन संबंध धीरे-धीरे सीमाई स्थिरता, व्यापार और सामरिक संवाद के माध्यम से रचनात्मक सहभागिता की ओर बढ़ रहे हैं, लेकिन सीमा विवाद, अक्साई चिन के 38,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर अवैध चीनी कब्जा, अरुणाचल प्रदेश के 90,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को 'दक्षिण तिब्बत' बताकर चीनी दावा, देपसांग और चार्डिंग-निंगलुंग नाला जैसे टकराव वाले अनसुलझे बिंदु, डोकलाम गतिरोध (2017) और गलवान घाटी संघर्ष (2020), पीओके से होकर चीन का चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपेक), चीन का ब्रह्मपुत्र और सतलुज जैसी नदियों पर नियंत्रण, चीनी विस्तारवाद, पाकिस्तान के साथ सैन्य सहयोग आदि भारत व चीन के रिश्ते की राह में बाधाएं हैं।

## प्रतिरोधक क्षमता मज़बूत बनाएं

चीन वैश्विक मंचों पर भारत की न्यूक्लियर सप्लायर्स ग्रुप (एनएसजी) सदस्यता और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में स्थायी सीट की आकांक्षाओं में बाधा डालता है। फिर भी विश्वास-निर्माण उपायों, सामरिक स्वायत्तता, क्षेत्रीय सहयोग तथा वैश्विक बहुध्रुवीय सहभागिता के संयोजन से एक स्थिर, सहयोगपूर्ण व भविष्यन्मुखी द्विपक्षीय संबंध की राह प्रशस्त की जा सकती है। भारत को स्मार्ट सीमा अवसंरचना, आईएसआर (खुफिया, निगरानी एवं टोही) तकनीकों तथा पर्वतीय युद्ध की तैयारी में निवेश कर अपनी विश्वसनीय प्रतिरोधक क्षमता को मज़बूत बनाना चाहिए।

## खबर संक्षेप



### चोला धारण करने वालों का किया स्वागत

**औबेदुल्लागंज।** नगर में दशहरे पर्व पर श्री हनुमान जी का चोला धारण करने की परंपरा को निभाने के लिए चोला धारक को 40 दिन कठिन अभ्यास से गुजरना होता है। इसी कड़ी में शनिवार को हिरानिया महावीर सेवा दल के चोला धारण करने वाले महाराज अरुण भिलाला उर्फ (अन्नू) एवं पूर्व चोला धारण करने वाले कपिल कपूर, अजय कहार, बजरंग अखाड़े के उस्ताद राजकुमार पहलवान नर्मदा स्नान के बाद घाट पर वचन लोधी, धर्मेंद्र चौरसिया, इंग्लिश यादव एवं मित्र मंडल ने शॉल और तिलक लगाकर स्वागत किया।

### हिंउस अध्यक्ष और सदस्यों का किया स्वागत



**औबेदुल्लागंज।** बस स्टैंड परिसर में सामाजिक कार्यकर्ता सिमरनजीत सिंह के साथियों ने हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष सोनू चौकसे, कार्यकारी अध्यक्ष एवं पार्षद सुजीत यादव, कार्यकारी अध्यक्ष एवं व्यापार संघ उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल, पार्षद सुनील सेरिया एवं हिंदू उत्सव समिति के सदस्यों का सम्मान किया। सभी संगठित होकर गणेश उत्सव एवं दशहरा पर्व बड़े जोर-शोर से एवं ऐतिहासिक रूप से मनाए जाने की कामना की।

### उत्कृष्ट कार्य करने पर खुशीलाल सम्मानित

**नजीराबाद।** भोपाल जिला अंतर्गत वन परिक्षेत्र नजीराबाद में पदस्थ सहायक वनपाल खुशीलाल कुशवाहा को कार्यालयीन कार्य एवं वानिकी कार्य संबंधी शासकीय दायित्वों के निर्वहन में किए गए उत्कृष्ट प्रयासों के लिए कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक मध्य प्रदेश द्वारा प्रदेश स्तरीय समारोह में शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



### नव विवाहिता ने जहर खाकर दी जान

**भोपाल।** जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित सब्बन चौराहा पर रहने वाली महिला ने जहर खा लिया। उल्टियां करने पर परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। मामला नव विवाहिता से जुड़ा होने के कारण मर्ग डायरी एसीपी जहांगीराबाद को सौंपी गई है। अनम पति आसिफ (23) सब्बन चौराहा, जहांगीराबाद में रहती थी। मायके पक्ष ने पति और ससुराल पक्ष पर प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं।

### सरपंच नेतराम धाकड़ का निधन, दी श्रद्धांजलि

**औबेदुल्लागंज।** धाकड़ समाज के प्रभावी नेता पारखेड़ी सरपंच नेतराम धाकड़ का शनिवार सुबह निधन हो गया। उनका दाह संस्कार आमली घाट नर्मदा पर किया गया।



उनके निधन पर डॉ. नंदू नागर, धाकड़ समाज अध्यक्ष मोहन पटेल पारखेड़ी, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, व्यापार संघ के राजू भाई पटेल, कैलाश डब्बू नागर, रामेश्वर नागर, कुंवर सिंह नागर्र, नरेंद्र नागर, महेंद्र धाकड़, विनोद नागर, ऋषभ जैन, आदि लोगों ने दुख व्यक्त कर श्रद्धांजलि दी।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1736 | | |
| दिन: | 347 | 43 | 148 |
| रात: | 579 | 17 | 124 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 800 | 87 | 133 |
| रात: | 233 | 89 | 360 |

## बेरहमी से मारपीट का वीडियो वायरल, कार चढ़ाने का प्रयास करते हुए नजर आए आरोपी

# थार कार के लेनदेन का विवाद, छात्र पर पीछे से बीयर की बोतल से हमला, जमकर पीटा, कार चढ़ाने का किया प्रयास

**दोस्त का विवाद होता देख युवक ने बचाया, दोस्त ने ही कर दिया आरोपियों के साथ मिलकर हमला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित भेल संगम चौराहा पर चाय की दुकान पर अपने दोस्त के साथ विवाद होता देख छात्र ने विवाद शांत हो जाए यह सोचकर अपने दोस्त को कार में बैठाकर कुछ दूर ले गया था, तभी आरोपी अन्य गाड़ियों से पहुंचे और विवाद शुरू कर दिया। विवाद बढ़ने पर जिस छात्र को बचाया था उसने ही छात्र पर बीयर की बोतल से हमला कर दिया, जबकि अन्य आरोपियों द्वारा डंडे और लात घूंसों से मारपीट करते हुए कार चढ़ाने का प्रयास किया गया है। छात्र का गंभीर अवस्था में हबीबगंज स्थित निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

पुलिस के अनुसार ग्राम अरजनी, थाना सुल्तानपुर जिला रायसेन निवासी सचिन मीणा (22) 12 नंबर स्टॉप के पास हबीबगंज में रहता है। वह खेती-किसानी के अलावा पढ़ाई करता है। 21 अगस्त की रात पौने 12 बजे वह अपने दोस्त कार्तिक व आयुष के साथ कार से चाय पीने भेल संगम चौराहा स्थित कैफे पहुंचा। वहां कैफे पर सचिन का दोस्त शेखर मिला। इसी बीच सफेद रंग की एक कार से निखिल पटेल, अभिषेक द्विवेदी, हार्दिक व उनके अन्य दोस्त वहां पहुंचे। उन्होंने शेखर से विवाद शुरू कर दिया। इस पर सचिन मीणा और उसके दोस्त शेखर को अपनी गाड़ी में बैठाकर भेल संगम चौराहा से थोड़े आगे पहुंचे। वहां शेखर ने बताया कि थार कार का लेनदेन का विवाद है। तभी दो अलग-अलग कार से निखिल, अभिषेक, हार्दिक व अन्य दोस्त वहां आ गए और गाली-गलौज करने लगे। वे सचिन मीणा और उसके दोस्तों से कहने लगे कि शेखर को अपनी कार में बैठाकर क्यों ले जा रहा है। सचिन ने कहा कि शेखर कार में बैठा है, उसको ले जाओ। इतना सुनते ही शेखर ने बीयर की बोतल से सचिन के सिर पर पीछे की तरफ हमला कर दिया। उसके सिर से खून बहने लगा। शेखर कहने लगा कि सचिन मीणा मुझे जबरन कार में बैठाकर ले जा रहा है। इस पर निखिल, अभिषेक, हार्दिक व अन्य दोस्तों ने सचिन व उसके दोस्तों के साथ लात-मुक्कों व डंडों से मारपीट करने लगे। उन लोगों ने सचिन को कार के आगे जमीन पर पटक दिया और कार के आगे के टायर से उसे घसीटते हुए कुछ दूर तक ले गए। कुछ दूर जाने के बाद सचिन को छोड़ दिया। सभी बदमाश अपनी गाड़ियों में सवार होकर भाग निकले। पुलिस ने बताया कि घटना में सचिन मीणा के सिर में पीछे की ओर, पेट, दोनों हाथ-पैरों में गंभीर चोटें आई हैं। कार्तिक व नंद के सिर व अन्य जगह चोट लगी है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस गंभीर रूप से घायल सचिन, कार्तिक व नंदन को एम्स अस्पताल लेकर पहुंची। वहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल नर्मदा अस्पताल आ गए।

### थार गाड़ी बेचने के लेनदेन का था विवाद

पुलिस ने बताया कि आरोपी निखिल पटेल और शेखर के बीच थार गाड़ी की खरीद-फरोख्त को लेकर लेनदेन का विवाद चल रहा है। इसी बात को लेकर घटना के समय आरोपियों का शेखर से विवाद हुआ था। शेखर को बचाने की नीयत ने सचिन उसे अपनी कार में बिठाकर ले गया था। आरोपियों का कहना था कि उनका शेखर से लेनदेन का विवाद है। तुम उसे लेकर क्यों आ गए। हद तो उस समय हो गई कि सचिन मीणा ने शेखर को बचाने का प्रयास किया और शेखर ने ही सचिन के सिर पर बीयर की बोतल से हमला कर दिया। शेखर आरोपी निखिल, अभिषेक और हार्दिक मेवाड़ा के साथ मिल गया, जबकि पहले शेखर का उनसे विवाद हो रहा था और सचिन शेखर को बचाने के लिए कार में लेकर गया था।




## क्राइम ब्रांच की कार्रवाई, जेल में तस्कर ने दूसरे आरोपी को दिया दवा बेचने का आइडिया

# प्रतिबंधित नाइट्राववेट की तस्करी, क्राइम ब्रांच ने 3 तस्करों को किया गिरफ्तार, मेडिकल स्टोर सील

**पुलिस ने तीनों आरोपियों से प्रतिबंधित नाइट्रावेट-10 की कुल 510 गोलियां बरामद की, जिसकी कुल कीमत 25 हजार रुपए बताई जा रही है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

क्राइम ब्रांच ने प्रतिबंधित दवा नाइट्रावेट-10 की तस्करी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे 510 प्रतिबंधित नाइट्रोवेट-10 की गोलियां बरामद की हैं। इनमें एक दवा विक्रेता भी शामिल है, जो दूसरे के लाइसेंस पर मेडिकल स्टोर चला रहा था। आरोपी मेडिकल स्टोर से नाइट्रावेट गोलियां की सप्लाई कर रहा था। पुलिस ने मेडिकल स्टोर सील कर दिया है। आरोपी सस्ते दाम में दवा खरीदकर महंगे दाम में बेचते थे। तीनों आरोपियों के खिलाफ मप्र ड्रग कंट्रोल अधिनियम और एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।








### मेडिकल स्टोर किया सील, बिना पर्चे के बेच रहा था नाइट्रावेट

पूछताछ में विशाल ने प्रतिबंधित दवाएं बरखेड़ी जहांगीराबाद निवासी रवि साहू (35) से दो हजार रुपए में खरीदना बताया। रवि साहू का बरखेड़ी में मां मेडिकल के नाम से मेडिकल स्टोर है। विशाल से जानकारी मिलते ही पुलिस बरखेड़ी पहुंची और रवि साहू के मेडिकल स्टोर से नाइट्रावेट-10 की सात पत्तियां बरामद कीं। पुलिस ने रवि साहू के खिलाफ भी मप्र ड्रग कंट्रोल अधिनियम की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। इस प्रकार पुलिस ने तीनों आरोपियों से प्रतिबंधित नाइट्रावेट-10 की कुल 510 गोलियां बरामद की हैं। इसकी कीमत 25 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि आरोपी अनस अब्दुल के खिलाफ कमलानगर समेत विभिन्न थानों में कुल 19 और आरोपी विशाल के खिलाफ 11 अपराध दर्ज हैं।

### पूछताछ में आरोपी ने किया खुलासा

क्राइम के अनुसार मुखबिर की सूचना पर टीटी नगर के आंबेडकर ग्राउंड टीन शेड के पास से एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया। उसने अपना नाम अनस अब्दुल उर्फ कल्लू (22) निवासी आंबेडकर नगर थाना कमलानगर का होना बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक पॉलीथिन में रखी प्रतिबंधित दवा नाइट्रावेट की 15 स्ट्रिप (पत्तियां) बरामद हुईं। हर स्ट्रिप में 10-10 गोलियां थीं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मप्र ड्रग कंट्रोल अधिनियम की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि जेल में उसकी पहचान अन्ना नगर निवासी विशाल उर्फ रफ्तार बिटोरे से हुई थी। वो नशे की गोलियां सप्लाई करता है। विशाल ने अनस से जेल से छूटने के बाद नशे की गोलियां बेचने की बात कही थी। अनस ने बताया कि जो गोलियां उसके पास से बरामद हुई हैं वो उसने विशाल से तीन हजार रुपए उधार पर ली थीं। गोलियां बेचकर वह उधारी के पैसे लौटाने वाला था। अनस को लेकर पुलिस कस्तूरबा अस्पताल के पास गोविंदपुरा पहुंची और वहां से विशाल उर्फ रफ्तार बिटोरे (24) निवासी अन्ना नगर सी-सेक्टर, को हिरासत में ले लिया। तलाशी में उसके पास से नाइट्रावेट-10 की पांच पत्तियां बरामद हुईं। हर पत्ती में 30-30 गोलियां थीं।

## प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि स्वीकृत कराने मांगी घूस

# लोकायुक्त ने सहायक सचिव को 11 हजार की रिश्वत लेते किया ट्रैप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उज्जैन लोकायुक्त पुलिस की टीम ने आगर मालवा जिले में ग्राम पंचायत के एक सहायक सचिव को 11 हजार की रिश्वत लेते हुए ट्रैप किया है। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

विगत 19 अगस्त को राजेश दांगी निवासी ग्राम कंवराखेड़ी तहसील सुसनेर जिला आगर मालवा उज्जैन द्वारा पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त उज्जैन में आनंद कुमार यादव को शिकायत की थी कि उसके भाई बालचंद डांगी के नाम से प्रधानमंत्री आवास योजना में आवास स्वीकृत हुआ था, जिसकी एक किस्त 25000 प्राप्त हो चुकी थी। अगली किस्त जारी करने के एवज में 15 हजार रुपए की मांग कर रहा है, जिसमें से सहायक सचिव ने 4000 शिकायत सत्यापन के दिन ले लिए। लोकायुक्त की टीम ने ट्रैप प्लान तैयार किया और भगवान सिंह सोंधिया सहायक सचिव ग्राम पंचायत कंवराखेड़ी तहसील सुसनेर जिला आगर मालवा को आवेदक से 11,000 रुपए रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों शनि मंदिर उज्जैन से पकड़ लिया। रिश्वत राशि आरोपी की पेंट की जेब से बरामद की गई है।

## धार्मिक आयोजनों के साथ निकलेगी शोभायात्रा

# 40 दिनी झूलेलाल महोत्सव का आज होगा समापन, निकलेगी शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

पिछले 40 दिनों से चले आ रहे उपवास भगवान झूलेलाल चालीहा समारोह का समापन रविवार को कई धार्मिक आयोजनों के साथ होगा, इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकलेगी। झूलेलाल चालीहा साहिब मंदिर समिति के चन्द्रभान एवं शेरु रीझवानी ने बताया कि झूलेलाल चालीहा मंदिर समिति संत हिरदाराम नगर साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश के सहयोग हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान झूलेलाल के 40 दिन वृत समापन्न समारोह रविवार सुबह 10 बजे सिंधु समाज भवन संत हिरदाराम नगर में उत्सव बडे धूमधाम से मनाया जाएगा।

कार्यक्रम में भगवान झूलेलाल के लोकगीत, संगीत, भजन, नृत्य, छेज, अखो साहिब एवं बहिराणे साहिब का आयोजन सिंधु समाज स्कूल भवन संत हिरदाराम नगर में किया गया है। बहिराणे साहिब के विसर्जन के लिए शोभायात्रा दोपहर 2 बजे झूलेलाल चालीहा साहिब मंदिर से शुरू होकर मेन रोड से झूलेलाल विसर्जन घाट पहुंचेगी, वहां झूलेलाल की आरती कर ज्योत विसर्जन की जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक भगवानदास सबनानी रहेंगे।

## बच्चों और युवाओं ने दी भक्तिमय प्रस्तुतियां

# युवा संतों ने अंग्रेजी भाषा में दिया मानवता का संदेश



**संतनगर।** सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के पावन आशीर्वाद से निरंकारी मिशन के जोन भोपाल 24 ए की ब्रांच बैरागढ़ में जोन स्तरीय इंग्लिश मीडियम संत समागम गुरुग्राम से पधारी बहन रश्मि राघव की हुजूरी में शनिवार को बैरागढ़ स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में संपन्न हुआ।

इस दौरान उन्होंने सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज का संदेश अंग्रेजी भाषा में आमजन तक पहुंचाया। समागम में भोपाल जोन की सभी ब्रांचों के संतों द्वारा मानवता का संदेश अंग्रेजी भाषा में देते हुए विभिन्न प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर संत बहन द्वारा प्रांगण में निरंकारी मिशन का इतिहास दर्शाती आकर्षक प्रदर्शनी का भी अवलोकन कर सराहना की। समागम में बच्चों और युवाओं द्वारा आकर्षक भक्तिमय प्रस्तुतियां दी गई।

# दिन में कई बार लगता है जाम, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर के मुख्य चौराहे से स्टेट बैंक तक शनिवार को लंबा जाम लगने से वाहन चालक घंटों परेशान होते रहे। वहीं रजिस्टार ऑफिस के पास रोड़ पर पर कारें खड़ी करने से बड़े वाहन और स्कूल बस नहीं निकल पाती और जाम लग जाता है। मुख्य चौराहे से स्टेट बैंक तक दिन में कई बार जाम की स्थिति बन जाती है।

गत दिनों समीक्षा बैठक में विधायक सुरेंद्र पटवा, एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव ने औबेदुल्लागंज में जाम को लेकर चर्चा कर एसडीओपी शीला सुराणा एवं टीआई बीपी सिंह को स्थिति सुधारने के निर्देश दिए थे।



स्थानीय व्यापारियों और नागरिक ने बताया कि नगर में ट्रैफिक पुलिस नहीं दिखती, जिसके कारण नगर में रोजाना जाम लगता है।

### ट्रांसपोर्ट मालिक ने रास्ते में उतरवाया सामान, आने-जाने में हो रही दिक्कत

औबेदुल्लागंज-गौहरगंज रोड वार्ड 5 की गली में आने-जाने के रास्ते में ट्रांसपोर्ट मालिक ने रास्ते में सामान उदरावा कर पूरा रास्ता बंद कर दिया, जिससे दुकानदारों को आने-जाने का रासता बंद हो गया। वहीं वार्ड के रहवासियों ने बताया कि ट्रांसपोर्ट मालिक हमेशा ही रास्ते पर सामान रख पूरा रास्ता बंद कर देता है, जिससे रहवासियों को खाफी परेशानी होती है। इसके साथ ही जाम भी लग जाता है। शनिवार को कुछ दुकानदारों ने इसका विरोध किया तो कहा सुनी हो गई। इसके बाद ट्रांसपोर्ट मलिक के खिलाफ थाने में शिकायत लेकर पहुंचे।






# सड़क पर बैठे मवेशी वाहन चालकों के लिए बने मुसीबत, हो रहे हादसे

**औबेदुल्लागंज।** नगर के मुख्य चौराहे से लेकर बरखेड़ा रोड पर आवारा मवेशी बीच रोड पर बैठे रहते हैं, जिसके कारण वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। वहीं मवेशियों के रोड पर बैठे होने से जाम भी लग रहा है। नगर में करीब साढ़े तीन सौ आवारा मवेशी रोड़ों पर एवं वार्डों की गलियों में घूमते रहते हैं। इस पर न तो नगर परिषद ध्यान दे रहा है और ना पुलिस विभाग। ज्ञातव्य हो कि आवारा मवेशियों के लिए अस्थाई गोशाला बन गई है, जिसमें नगर में घूम रहे आवारा मवेशियों को रखने की व्यवस्था की गई है, पर निगम के कर्मचारी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

## गोसंरक्षण एवं गोसुरक्षा का संकल्प अभियान जारी

# विधायक पटवा ने किया भोजपुर विस क्षेत्र की गोशालाओं का निरीक्षण, आवश्यक व्यवस्था बनाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

विधायक सुरेंद्र पटवा ने एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव, जनपद सीईओ निखिलेश कटारे सहित अन्य अधिकारी शनिवार को दीवाटिया गोशाला पहुंचे। गोशाला की व्यवस्था देखकर आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद महोली ग्राम पहुंचे, वहा के गोशाला का निरीक्षण किया। उसके बाद बिनेका मे उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर नव निर्माण स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था देखी और अधिकारियों को निर्देश दिए। औबेदुल्लागंज के ऑडिटोरियम नवनिर्माण भवन का भी विधायक पटवा ने ओचक निरीक्षण किया। वहां मिल कमियों को देखकर स्वयं सहायता समूह के संचालक, सचिव, जनपद सीईओ एवं सहायक यंत्री को आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए निर्देश दिए हैं। गोसंरक्षण एवं गोसुरक्षा के लिए विधायक पटवा का संकल्प है कि गोशालाओं के विस्तार और सुधार के लिए जारी अभियान निरंतर चलेगा। पटवा ने बताया कि गोसंरक्षण एवं गोसुरक्षा के संकल्प के साथ क्षेत्र की विभिन्न गोशालाओं का निरीक्षण कर वहां मिली कमियों को दूर करने का निर्देश दिया है।




**गोशाला का विस्तार कर 500 गोवंश के लिए कार्ययोजना तैयार करें**

आवंटित गोशाला भूमि का सीमांकन कराने के लिए तहसीलदार को भी निर्देशित किया। गोशाला का विस्तार कर 500 गोवंश के लिए कार्ययोजना तैयार करने को कहा है। वर्तमान गोशाला में बिजली, प्रकाश व्यवस्था, शेड के बाहर साफ-सफाई एवं चूरी की उपलब्धता दो दिन में करने के निर्देश दिए हैं। ग्रामवासियों की ओर से बताई गई नाली सफाई व पेयजल समस्या के निराकरण के लिए एसडीएम गौहरगंज को निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, पार्षद दीपू परमार, मनोज चौरसिया, संजय प्रजापति, पवनजोत सिंह, जीतू नंदवंशी, जनपद के अधिकारी मौजूद रहे।



# तामोट में विधायक पटवा ने गोसंरक्षण एवं गोसुरक्षा की दिलाई शपथ

**तामोट।** तामोट में विधायक पटवा ने कहा कि गोवंश की सुरक्षा के लिए हम सदैव प्रयासरत रहेंगे। विधायक पटवा, एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव ने गोसंरक्षण एवं सुरक्षा की शपथ दिलवाई। इस अवसर पर जनपद सदस्य सुलेखा चौहान, रामपाल सिंह, संजीव चौहान, रामकिशोर चौहान, बाबूलाल लक्ष्मी प्रजापति सहित अन्य किसान मौजूद थे।

## डॉक्टर्स और इंजीनियर्स ने गीत गुंजन में बिखेरी सुरों की बहार

# चीफ इंजीनियर सुरों के साथ बोल पड़े... तेल मालिश... तेल मालिश...

### रविंद्र भवन में 'गीत गुंजन' से सजी संध्या में 30 गानों से सजी महफिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**एक अनोखी शाम थी गुंजन की**

यह एक अनोखी शाम थी.....गुंजन फाउंडेशन की इस शाम में भोपाल विकास प्राधिकरण के चीफ इंजीनियर रह चुके राजीव जैन सुरों की तेल मालिश करने निकल पड़े तो सामने बैठे तमाम सुरीले श्रोताओं को उनका यह अंदाज इतना पसंद आया कि वे भी सुरों में सुर मिलाकर बोल पड़े तेल मालिश....... तेल मालिश..... यह सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा था.... सच ही है संगीत में जादू ही कुछ ऐसा है कि डाक्टर हो या फिर इंजीनियर.... बिजनेस मैन हो या फिर प्रोफेशनल्स... सब एक दिन के लिए अपना सारा कामकाज छोड़कर बस संगीत की महफिल के मंच पर अवतरित हो गए थे। इसके लिए उन्होंने साल भर भरपूर तैयारी भी की थी और उनके सुरों को तराशने वाले थे मध्यप्रदेश के प्रसिद्ध सूफी गायक और पदमश्री अनूप जलोटा के शिष्य कैलाश यादव।

रविंद्र भवन में शाम 5 बजे शुरू हुई संगीत की यह महफिल रात 10 बजे तक थमने का नाम नहीं ले रही थी।



उद्घोषक वद्र वास्ती एक एक करके गायकों को पुकारते जा रहे थे और विक्रम सिरमोलिया, राजकुमार सक्सेना, संजीव झा, संदीप, आनंद अनिल ओझा जैसे गुणी संगतकारों के सानिध्य में मनोज खरे के बेहतरीन ध्वनि संयोजन में एक दो नहीं पूरे 30 गानों के बाद ही इस महफिल को विराम मिल सका।

### इन्होंने गाए गीत

#### लबों से जो शब्द निकले वह थे जीना यहां मरना यहां...



प्रभाकांत कटारे

इसी क्रम में मध्यप्रदेश के इंजीनियर इन चीफ यानी सीएनसी रह चुके प्रभाकांत कटारे भी जोश में आ गए.... उनका अंदाज निराला था उनके लबों से जो शब्द निकले वह थे जीना यहां मरना यहां इसके सिवा जाना कहां...। वहीं भोपाल के प्रसिद्ध गेस्ट्रोइंटोलॉजिस्ट डॉ संजय कुमार कहां पीछे रहने वाले थे... वह भी रफी साहब के नगमे ... आसमान से आया फरिश्ता के साथ मंच लूटकर चले गए। प्रसिद्ध आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. शशांक अग्रवाल, रफी साहब की आवाज में पुकारता चला हूं मैं नगमा सुनाया तो बिजनेसमैन रंजीव साहनी का गीत फूल तुम्हें भेजा है, खत में खूब पसंद किया गया।

#### संध्या गद्रे ने जब दीप जले आना गीत गाकर मोहा सबका मन



मुरलीधन मोरंदानी

शहर के एक और बिजनेसमैन मुरलीधन मोरंदानी ने मुकेश के गीत किसी की मुस्कुराहटों पे हो निसार गाकर माहौल को रोमांटिक बना दिया। भोपाल की सीनियर गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. संध्या गद्रे ने जब दीप जले आना गीत गाकर सबका मन मोह लिया। हमेशा की तरह लउनि के रिटायर्ड सीजीएम राकेश तिवारी ने अपनी आवाज में रफी साहब का गीत लिखे जो खत तुझे गाया तो हॉल में उपस्थित श्रोता उनकी आवाज में खो गए। अब बारी थी युगल गीत की... और इस कसौटी पर खरे उतरे अजय और संगीता अग्रवाल... इन्होंने आज तुझको पुकारे मेरे गीत गाकर रसिक श्रोताओं का दिल जीत लिया।

#### मस्त बहारो का मैं आशिक...

एक और गीत जो सबको बहुत भाया वह था जा रे जा ओ हरजाई....... इसे पेश किया हाउसिंग बोर्ड की रिटायर्ड आकीर्टेक्ट स्मिता निगम ने। इसके अलावा चीफ इंजीनियर दीपक असाई ने मस्त बहारो का मैं आशिक गीत गाया तो रीटा देराश्री ने हंसता हुआ नूरानी चेहरा गाकर एक बार फिर श्रोताओं में जोश भर दिया। पीएचई के रिटायर्ड चीफ इंजीनियर अश्वनि कुमार उपमन्यु ने बदन पे सितारे लपेटे हुए गाकर यह अहसास दिला दिया कि वे भले ही नौकरी से रिटायर्ड हो गए हों लेकिन दिल अब भी जवान है। इस दौरान राकेश तिवारी ने भी शानदार गीतों की प्रस्तुति देकर लोगों का मन मोह लिया।



राकेश तिवारी

---

### रविंद्र भवन की ललित कला आर्ट गैलरी में कला चित्र प्रदर्शनी में 65 कलाकारों की 150 चित्रों को किया एग्जीबिट

# तन पर भस्मी, सिर पर जटाएं लिए 'अघोरियों' के साथ देखने को मिली पक्षी की चहक से इंसान के मजबूत इरादे दर्शाती पेंटिंग्स



- अघोरी शिव के उपासक माने जाते हैं, जो मुख्यत: संसार और दुनियादारी से दूर एकांत में जीवन यापन करते हैं
- शहर के करीब 65 कलाकारों की 150 से ज्यादा आर्ट वर्क को एग्जीबिट किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अघोरी नाम सुनते ही लगता है कि एक ऐसा व्यक्ति जो दुनियादारी और समाज से दूर विरक्ति का जीवन बिताता है, जिसके शरीर पर भस्मी रमी हो और सिर पर जटाएं, मौन रूप में अघोरी शिव के उपासक माने जाते हैं, जो मुख्यत: संसार और दुनियादारी से दूर एकांत में जीवन यापन करते हैं। अघोरियों के इसी रूप को अपने चित्रों में प्रदर्शित किया प्रशांत कुमार ने।

प्रशांत की 'अघोरियों' पर आधारित चित्रों से सजी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। रविंद्र भवन के ललित कला आर्ट गैलरी में आयोजित कलाज्ञ आर्ट एग्जीबिशन में, जिसमें शहर के करीब 65 कलाकारों की 150 से ज्यादा आर्ट वर्क को एग्जीबिट किया, जिसमें कहीं देवी देवताओं के चित्रों को कैनवास पर उकेरा गया तो कहीं जीवन की सीख देते पक्षी की चहक से सजे चित्रों ने दर्शकों का मन मोहा।

#### भगवान गणेश पेंटिंग के साथ ऑयल पेंटिंग्स को किया एग्जीबिट

इस एग्जीबिशन में अदिति जोशी के पांच आर्ट वर्क डिस्प्ले किए गए हैं, जिसमें अदिति ने भगवान गणेश के विभिन्न रूपों के साथ-साथ ऑयल पेंटिंग में जनरल फॉर्म आर्टवर्क को डिस्प्ले किया। इसके साथ ही अदिति ने लिप्पन आर्ट, कोन पेंटिंग्स के साथ साथ होम डेकोरेटिव आर्ट पीसेज की ढेरों वैरायटी को एग्जीबिट किया।



#### एक तरफ विनाश तो दूसरी ओर जीवन की सीख



इस पेंटिंग एग्जीबिशन में जाहिरा कागजी के दो आर्ट वर्क डिस्प्ले किए गए हैं। एब्स्ट्रेक्ट फॉर्म में बनी जाहिरा की इन पेंटिंग्स में जीवन जीने की सीख को दर्शाया गया। जाहिरा ने बताया कि मेरे इन आर्ट वर्क्स में मैंने एक तरफ विनाश को दिखाया तो वहीं दूसरी ओर पक्षी की चहक से जीवन के पीछे छिपे पॉजिटिव सीख देते इंसान के मजबूत इरादों को दिखाया गया।

*स्कंदमाता, मां कात्यायनी के साथ शिल्प गुरु को दर्शाते चित्र*



देश के इस्टर्न पार्ट से आए डॉ. शुभांकर प्रमाणिक ने मां दुर्गा के विभिन्न रूपों को प्रदर्शित किया है। तीन आर्टवर्क प्रदर्शित करने वाले शुभांकर की पहली पेंटिंग स्कंदमाता की है, जिनकी गोद में कार्तिकेय विराजित हैं। वहीं उनकी दूसरी पेंटिंग में विराट स्वरूप जिए मां कात्यायनी की आकर्षक पेंटिंग भी सभी को मनभावन लगी, जिसमें मां के हाथों के त्रिशूल पर महिषासुर का शीश लटका है। उनकी तीसरी पेंटिंग में देव शिल्पी विश्वकर्मा को दर्शाया गया है।

#### महादेव की आराधना के साथ लैंडस्केप पेंटिंग रही खास

आर्टिस्ट पूनम सिंह ने अपने चार आर्ट वर्क्स में कहीं महादेव की आराधना को दिखाया तो वहीं लैंडस्केप फार्म पेंटिंग में उन्होंने सुंदर सा घर और चारों ओर हरी भरी हरियाली से सजा उद्यान दिखाया। पूनम कहती हैं कि मुझे बचपन से ही पेंटिंग करने का बेहद शौक है। 19 साल जॉब के बाद अब पेंटिंग में मुझे जीवन का सुकून मिलता है।





---

### बेगम्स ऑफ भोपाल

## सेतु द ब्रिज की ओर आगाज विमेंस हैरिटेज कार रैली आज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बेगम्स ऑफ भोपाल और सेतु द ब्रिज की ओर से रविवार को आगाज विमेंस हैरिटेज कार रैली का आयोजन किया जा रहा है। ब्लू कलर के साथ नशा मुक्त भोपाल और मोबाइल एडिक्शन की थीम पर आयोजित इस रैली का यह चौथा सीजन है। यह जानकारी शनिवार को बेगम्स ऑफ भोपाल की अध्यक्ष रखशां शमीम जाहिद, बीनू धीर, मीता वाधवा और सेहबा फरहत ने दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष रैली में 40 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। इनमें जिप्सी, आर्मी व्हीकल और ई-व्हीकल भी शामिल होंगे। खास बात यह है कि इस रैली में जर्मनी और दुबई से आईं विदेशी प्रतिभागी भी हिस्सा लेंगी।

*जर्मनी और दुबई से आईं विदेशी प्रतिभागियों के साथ 40 महिलाएं लेंगी भाग*

#### वॉटर बॉडीज को प्रमुखता से कवर किया जाएगा

हैरिटेज कार रैली का मुख्य उद्देश्य शहर की ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षित करने और नागरिकों को उनसे परिचित कराने के साथ-साथ सामाजिक संदेश देना भी है। इस वर्ष रैली के दौरान शहर की वॉटर बॉडीज को प्रमुखता से कवर किया जाएगा। लगभग 20 किलोमीटर की इस रैली का फ्लैग ऑफ सुबह 9.30 बजे श्यामला हिल्स स्थित एमपीटी रेसिडेंसी ड्राइव-इन सिनेमा से होगा, जबकि समापन दोपहर 12.30 बजे उसी स्थान पर होगा। रैली को परवेज शरीफ और उनकी टीम के सदस्य पूजा, सविता भाटिया और नेहा शरीफ ने नेविगेट किया है।

## आंचलिक विज्ञान केंद्र में अंतरिक्ष दिवस सेलिब्रेशन

**भारत विकासशील राष्ट्र नहीं, बल्कि पुनः विकासशील है...**

**भोपाल** । आंचलिक विज्ञान केन्द्र, भोपाल में द्वितीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस 2025 का मुख्य आयोजन उत्साह और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। प्रदर्शनी भारत में अंतरिक्ष विरासत: प्राचीन आकाश से आधुनिक क्षितिज तक का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रो. गोवर्धन दास, निदेशक आईसर भोपाल द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि भारत विकासशील राष्ट्र नहीं है, बल्कि पुनः विकासशील है, जिसकी हजारों वर्षों की गौरवशाली उपलब्धियां विज्ञान और ज्ञान के क्षेत्र में रही हैं।



---

### होटल पलाश में शाटिका ग्रंथ ने किया 'नवरंग 4.0' एग्जीबिशन का शुभारंभ

## किसी ने भागलपुर सिल्क साड़ी तो किसी ने महेश्वरी साड़ी को किया एग्जीबिट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

होटल पलाश में शाटिका ग्रंथ के द्वारा 'नवरंग 4.0' एग्जीबिशन का शुभारंभ शनिवार शाम किया गया, दो दिवसीय इस एग्जीबिशन की आयोजक शालिनी गुप्ता ने बताया कि हम प्रत्येक वर्ष महिला आंत्रप्रिन्योर को एक मंच प्रदान करने के लिए नवरंग एग्जीबिशन आयोजित करते हैं, जिसमें शहर की महिला उद्यमी अपने अपने स्टॉल पर हैंडलूम साड़ी, ट्रेडिशनल अटायर के साथ-साथ लाइफस्टाइल प्रोडक्ट और होम डेकोरेटिव आयटम्स की ढेरों वैरायटी को एग्जीबिट करती हैं जिसे शहरवासियों के द्वारा काफी सराहा भी जाता है।



#### भागलपुर सिल्क पर मधुबनी आर्ट से डिजाइन साड़ी है खास

इस एग्जीबिशन में मधुबनी आर्ट से सजी हुई साड़ियों की डिफरेंट वैराइटी को लेकर आई वाग्मित्रा कहती हैं कि मैं बिहार पटना से हूं इसलिए भागलपुर सिल्क पर मधुबनी आर्ट से डिजाइन साड़ी को एग्जीबिट किया है, जिसमें सबसे महंगी साड़ी की कीमत नौ हजार रुपए है। उन्होंने कहा कि इसके डिजाइन मैं खुद बनाती हूं।



#### टिशु के साथ सिल्क का एक-एक धागा बुनकर बनी महेश्वरी साड़ी

एग्जीबिशन में प्रियंका तिवारी साड़ियों की डिफरेंट वैराइटी को लेकर आई हैं, जिसमें उनके स्टाल पर महेश्वरी साड़ियों की एक से बढ़कर एक वैराइटी मौजूद है। प्रियंका कहती है कि मेरे इस स्टॉल पर करीब नौ हजार रुपए की सबसे महंगी महेश्वरी साड़ी मौजूद है, जिस पर टिशु के साथ सिल्क का एक-एक धागा बुनकर तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि क्योंकि यह साड़ी में हम सीधे बुनकरों से लेकर आए है इसलिए इसकी कीमत काफी कम है।

---

### राज्यमंत्री राधा सिंह ने किया दो दिवसीय आजीविका फ्रेश मेले का उद्घाटन

# भोपाल हाट में बेडई, भुट्टे का कीस, कोदो की खीर, हर्बल पेय, सहित विभिन्न क्षेत्रों के व्यंजनों का स्वाद एवं मनोरंजन भी

### स्व-सहायता समूहों के स्टॉल पर मिल रहे हैं रसायन रहित कृषि उत्पाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्व-सहायता समूहों का दो दिवसीय आजीविका फ्रेश मेला भोपाल हाट में 23 एवं 24 अगस्त को आयोजित किया जा रहा है। मेले का शुभारंभ शनिवार को पंचायत एवं ग्रामीण विकासराज्यमंत्री राधा सिंह ने किया। मेले में विभिन्न जिलों से आई स्व-सहायता समूहों की दीदियों ने रसायन रहित एवं जैविक तरीके से उगाए हुए कृषि उत्पादों, दुग्ध उत्पादों सहित अन्य उत्पादों का विक्रय सह प्रदर्शन किया।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की राज्यमंत्री सिंह ने मेला भ्रमण कर समूहों की दीदियों से चर्चा की। उन्होंने उत्पाद देखे तथा कला प्रदर्शन करने वाली दीदियों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने व्यंजनों का स्वाद भी चखा। इसके पूर्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन हर्षिका सिंह ने मेले के संबंध में जानकारी दी। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के तहत मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्व-सहायता समूहों के उत्पादों को वृहद बाजारों से जोड़ने के लिए अनेक प्रयास आजीविका मिशन की ओर से किए जा रहे हैं। इसी क्रम में स्व-सहायता समूहों का दो दिवसीय आजीविका फ्रेश मेला अरेरा हिल्स पर स्थित भोपाल हाट परिसर में आयोजित किया गया है। मेला सुबह 11 बजे से रात 9.30 बजे तक चलेगा।

**24 अगस्त को भी रहेगा मेला**



#### महुआ कुकीज, लड्डू, नमकीन महुआ भी मेले में

इनमें मुख्य रूप से अनाज,दलहन, तिलहन, सब्जियां एवं फल दुग्ध आधारित उत्पादों में देशी गाय एवं गिर गाय का घी, पनीर, सोयाबीन उत्पादों में टोफू, सोयाबडी, मशरूम आधारित उत्पादोंमेंसूखा मशरूम, अचार, पाउडर, कुकीज, जंगल की शुद्ध शहद, महुआ उत्पादों में महुआ कुकीज, लड्डू , नमकीन महुआ, लघु वनोपज में आंवला कैंडी, मुरब्बा, मिलेट उत्पादों में कोदो, कुटकी, चावल कुकीज, लड्डू, खीर, सहित जैविक खाद,जैविक कीटनाशक, गौ आधारित उत्पादों में गोवर की मूर्ति, दीये, कंडे आदि शामिल हैं।

#### ग्रामीण स्व-सहायता समूहों की दीदियों ने स्टॉल लगाए

मेले में विभिन्न जिलों से आई ग्रामीण स्व-सहायता समूहों की दीदियों ने स्टॉल लगाए। समूहों से जुडे परिवारों को कम लागत में अधिक उपज हेतु कृषि एवं पशुपालन की उन्नत तकनीकि अपनाने के लिए कृषि सखियों व पशुपालन सखियों की ओर से सहयोग दिया जा रहा है। विशेष रूप से प्राकृतिक पद्धति से रसायन रहित जैविक उत्पाद तैयार करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इन प्रयासों के फलस्वरूप समूहों की ओर से रसायन रहित उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं जिन्हें इस मेले में खास तौर से लाया गया है।



#### पारंपरिक कलाओं का प्रदर्शन

कला में रुचि रखने वालों के लिए यहां पारंपरिक कलाओं का प्रदर्शन देखने एवं सीखने का अवसर भी मिल रहा है। यहां धार जिले के सुप्रसिद्ध बाग प्रिंट, जरी-जरदोजी, सहित पिथौरा पेंटिंग आदि गोंडी आर्ट को सीखने का मौका भी मिल रहा है। भोपाल शहर एवं आस-पास के क्षेत्रों से मेले में खरीददारी के लिए आने वाले परिवारों के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी व्यवस्था की गई है।

#### नरसिंहपुर जिले की तुअर दाल एवं गुड खरीदे

क्षेत्रीय प्रसिद्ध कृषि उत्पादों में नरसिंहपुर जिले की तुअर (अरहर) दाल एवं गुड, बालाघाट जिले का चिनौरी चावल, सिवनी जिले का जीरा शंकर चावल की खरीददारी तथा क्षेत्रीय खान-पान में मालवा, निमाड, चंबल-ग्वालियर, विंध्य, बुंदेल खण्ड, बघेल खण्ड आदि क्षेत्रों के प्रसिद्ध खान-पान व्यंजनों तथा हर्वल पेय का आनंद इस मेले में लिया जा रहा है। मेले के पहले दिन आद सैलानियों ने दालवाटी-चूरमा, मंगोडे, चटपटी बेडई, भुट्टे का कीस, कोदो-कुटकी की खीर सहित मिलेट के अनेकों व्यंजनों का स्वाद चखा।

---



## बदलते सामाजिक यथार्थ का मार्मिक चित्रण कराता नाटक 'टूटते परिवेश'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

- भारत भवन में आयोजित मध्यप्रदेश रंगोत्सव समारोह में नाटक टूटते परिवेश का मंचन किया

बेटा मुझे बूढ़ा मानता है, बेटी कहती है मैं पुराने ख्यालों वाला हूं... पत्नी मुझे पति नहीं बस बच्चों का पिता मानती है... यह घर जिसे मैंने अपनी कमीज फाड़कर तैयार किया था अब वह मुझे ही नहीं पूछता है...। कुछ इसी तरह के संवेदनशील और मार्मिक संवादों से गूंज उठा भारत भवन का अंतरंग सभागार। मौका था बहुकला केंद्र में आयोजित मध्यप्रदेश रंगोत्सव नाट्य समारोह के अंतर्गत शनिवार को खेले गए नाटक टूटते परिवेश का। प्रख्यात साहित्यकार विष्णु प्रभाकर द्वारा लिखित इस नाटक का निर्देशन सरोज शर्मा ने किया जिसकी प्रस्तुति भोपाल के कोशिश नाट्य संस्था के कलाकारों ने दी।

#### क्या हम अपने संबंधों और परंपराओं को पीछे छोड़ रहे हैं?

मंचित नाटक केवल एक नाट्य प्रस्तुति नहीं, बल्कि बदलते समाज का आईना है। यह नाटक हमें सोचने पर मजबूर करता है कि क्या सचमुच आधुनिकता की दौड़ में हम अपने संबंधों और परंपराओं को पीछे छोड़ रहे हैं? सरोज शर्मा के निर्देशन और कलाकारों के दमदार अभिनय ने इस प्रश्न को बड़ी संवेदनशीलता के साथ उठाया।

## उपराष्ट्रपति पद के इंडी प्रत्याशी सुदर्शन का शाह को जवाब

# पहले 40 पन्नों का जजमेंट पढ़ें, मेरा नहीं अदालत का था फैसला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सलवा जुडूम फैसले को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष की ओर से उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सुदर्शन रेड्डी पर नक्सलवाद का समर्थन करने का आरोप लगाया था। इसके जवाब में उन्होंने कहा कि हर नागरिक के जीवन, स्वतंत्रता और संपत्ति की रक्षा करना उनका कर्तव्य है। रेड्डी ने कहा कि मैं भारत के माननीय गृह मंत्री के साथ सीधे तौर पर इस मुद्दे पर नहीं जुड़ना चाहता।

उनका संवैधानिक कर्तव्य और दायित्व वैचारिक मतभेदों के बावजूद, प्रत्येक नागरिक के जीवन, स्वतंत्रता और संपत्ति की रक्षा करना है। दूसरी बात, मैंने फैसला लिखा है। यह फैसला मेरा नहीं है, यह फैसला सर्वोच्च न्यायालय का है। रेड्डी ने कहा कि उनकी इच्छा है कि अमित शाह 40 पन्नों का फैसला पढ़ें। उन्होंने कहा कि अगर उन्होंने फैसला पढ़ा होता तो शायद वह यह टिप्पणी नहीं करते। मैं बस इतना ही कहना चाहता हूं और यहीं खत्म करता हूं। बहस में शालीनता होनी चाहिए।

इंडिया गठबंधन के उपराष्ट्रपति प्रत्याशी रेड्डी ने कहा कि उनका संवैधानिक कर्तव्य और दायित्व वैचारिक मतभेदों के बावजूद, प्रत्येक नागरिक के जीवन, स्वतंत्रता और संपत्ति की रक्षा करना है।

वह फैसला मेरा नहीं बल्कि सर्वोच्च न्यायालय का था



### शाह ने उन पर नक्सलवाद का समर्थन करने का लगाया था आरोप

#### शाह ने कहा था- वामपंथी उग्रवाद को मदद करने वाला फैसला दिया

केंद्रीय गृह मंत्री ने रेड्डी पर हमला करते हुए कहा था कि विपक्ष के प्रत्याशी सुर्दशन रेड्डी वही हैं, जिन्होंने वामपंथी उग्रवाद को मदद करने के लिए सलवा जुडूम का जजमेंट दिया था और अगर ये जजमेंट न दिया गया होता तो वामपंथी नक्सलवाद 2020 तक खत्म हो गया होता। यही सज्जन हैं, जिन्होंने विचारधारा से प्ररित होकर सलवा जूडुम का जजमेंट दिया था। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी, वामपंथी दलों के दबाव में एक ऐसे उम्मीदवार को मैदान में उतार रही है जिसने नक्सलवाद का समर्थन किया और सुप्रीम कोर्ट जैसे पवित्र मंच का इस्तेमाल किया।

**मैं संघ की विचार धारा से असहमत राधाकृष्णन से नहीं**

रेड्डी ने कहा कि यह लड़ाई नहीं है, यह विचारों का टकराव है। दूसरा पक्ष प्रचार कर रहे थे कि यहां एक व्यक्ति है, जो जीवन भर आरएसएस का एक पूर्ण सदस्य रहा है, तो मैं उस विचारधारा से असहमत हूं। सीपी राधाकृष्णन से नहीं। राधाकृष्णन और मेरे बीच कुछ भी व्यक्तिगत नहीं है। हम एक-दूसरे से कभी मिले भी नहीं हैं। इसलिए मैं चाहता था कि यह एक सभ्य प्रतियोगिता हो, व्यक्तियों के बीच नहीं बल्कि दो अलग-अलग विचारधाराओं के बीच।



### सलवा जुडूम पर यह कहा

उपराष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष के उम्मीदवार सुदर्शन रेड्डी का नक्सल फैसले पर बयान आया है। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री के साथ इस मुद्दे पर बहस में शामिल नहीं होना चाहता। उन्होंने कहा कि बहस में शालीनता होनी चाहिए। गौरतलब है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा सुदर्शन रेड्डी के सलवा जुडूम फैसले की आलोचना की गई थी। इस पर सुदर्शन रेड्डी ने कहा कि सलवा जुडूम पर फैसला सुप्रीम कोर्ट का था, मेरा नहीं।

### सामाजिक-आर्थिक नीतियां बनाने के लिए हो जाति सर्वेक्षण

जाति सर्वेक्षण को लेकर सुदर्शन रेड्डी ने कहा कि यह सर्वेक्षण सामाजिक-आर्थिक नीतियां बनाने के लिए किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान की रक्षा करने का प्रयास करेंगे जो निस्संदेह चुनौती का सामना कर रहा है। विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सुदर्शन रेड्डी ने कहा कि लोकतंत्र कुछ और नहीं बल्कि संवाद है।

### लोकतंत्र दबाव में चल रहा

सुदर्शन रेड्डी ने से कहा कि लोकतंत्र में एक कमी है। हम अब भी संवैधानिक लोकतंत्र हैं, लेकिन दबाव में हैं। उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति चुनाव दो व्यक्तियों के बीच नहीं, बल्कि दो अलग विचारधाराओं के बीच मुकाबला है। रेड्डी ने कहा कि मेरी सर्वसम्मत उम्मीदवारी विविधता, सर्वसम्मत पसंद, 64 फीसदी से अधिक आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाली मतदान शक्ति का प्रतिनिधित्व करती है।

---

## खबर संक्षेप

### संसद भवन के पास फिर दिखा संदिग्ध



**नई दिल्ली।** दीवार के सहारे संसद भवन में संदिग्ध युवक के घुसने के अगले ही दिन सुबह के समय संसद भवन के पास रेल भवन गोलचक्कर क्षेत्र में सुरक्षा एजेंसियों ने संदिग्ध गतिविधि के चलते एक व्यक्ति को हिरासत में लिया। सीआईएसएफ कर्मियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उसे पकड़कर पुलिस के हवाले किया।

### बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी पर केस



**पटना।** प्रधानमंत्री के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने पर बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री राजद नेता तेजस्वी यादव के खिलाफ तालबेहट कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। यह मुकदमा भाजपा जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने दर्ज कराया है। शिकायतकर्ता ने पोस्ट की कॉपी को मुकदमे में सबूत के तौर पर पेश किया है।

### होशियारपुर में ब्लास्ट से 4 लोगों की मौत



**होशियारपुर।** पंजाब के होशियारपुर में सब्जी से भरी पिकअप की टक्कर से एलपीजी टैंकर में हुए ब्लास्ट में अब तक एक महिला समेत 4 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें से 3 की ही पहचान हो पाई है। ब्लास्ट के बाद करीब 200 मीटर के दायरे में आते 25 दुकानों और 10 घरों को नुकसान हुआ है। पुलिस जांच में जुटी है।

### एसबीके सिंह डीजी कारागार नियुक्त



**नई दिल्ली।** भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी एसबीके सिंह को दिल्ली का महानिदेशक (कारागार) नियुक्त किया गया है। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार एजीएमयूटी कैडर के 1988 बैच के आईपीएस अधिकारी सिंह महानिदेशक (होमगार्ड) का प्रभार संभाल रहे थे।

---

## राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर अपने संबोधन में बोले प्रधानमंत्री मोदी

# भारत जल्द अपने स्पेस स्टेशन पर झंडा फहराएगा अंतरिक्ष यात्रियों का हम एक समूह भी बनाएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में भारत मंडपम में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पीएम ने कहा कि इस बार के अंतरिक्ष दिवस की थीम आर्यभट्ट से गगनयान तक है। इसमें अतीत का आत्मविश्वास भी है और भविष्य का संकल्प भी। आज हम देख रहे हैं कि इतने कम समय में ही राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस हमारे युवाओं के बीच उत्साह और आकर्षण का विषय बन गया है। यह देश के लिए गौरव की बात है। पीएम ने कहा कि 'अंतरिक्ष क्षेत्र में एक के बाद एक नई उपलब्धि हासिल करना, ये भारत और भारत के वैज्ञानिकों का स्वभाव बन गया है। दो साल पहले ही भारत ऐसा पहला देश बना था जिसने चंद्रमा में अपने झंडे गाड़े। इस दौरान भारतीय अंतरिक्षयात्री शुभांशु शुक्ला के साथ गगनयान मिशन पर जाने वाले अन्य अंतरिक्षयात्री भी मौजूद रहे। केंद्रीय विज्ञान और तकनीक मंत्री जितेंद्र सिंह और इसरो के चेयरमैन वी नारायणन भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। इस कार्यक्रम को प्रधानमंत्री मोदी ने वर्चुअली संबोधित किया। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने देशवासियों को दूसरे राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस की बधाई दी।

पीएम मोदी ने कहा कि इस बार के अंतरिक्ष दिवस की थीम आर्यभट्ट से गगनयान तक है। इसमें अतीत का आत्मविश्वास भी है और भविष्य का संकल्प भी।

### देशवासियों को दूसरे राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस की बधाई दी

**खास बातें**

- अंतरिक्ष क्षेत्र में एक के बाद एक नई उपलब्धि हासिल कर रहा भारत
- भारत मंडपम में किया गया विशेष आयोजन
- प्रधानमंत्री ने देश के युवाओं से की विशेष अपील



#### देश सेमी क्रायोजेनिक इंजन व इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन तकनीक पर आगे बढ़ रहा

आज भारत सेमी क्रायोजेनिक इंजन और इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन जैसी अहम तकनीक की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। जल्द ही अपने वैज्ञानिकों की मेहनत से गगनयान भी सफलता की उड़ान भरेगा और आने वाले समय में भारत अपना स्पेस स्टेशन भी बनाएगा। प्रधानमंत्री ने निजी क्षेत्र से यह प्रश्न किया कि क्या अगले पांच वर्षों में पांच स्टार्टअप यूनिकॉर्न बन सकते हैं। उन्होंने अंतरिक्ष वैज्ञानिकों और इंजीनियरों से कहा कि मैं चाहूंगा कि निजी क्षेत्र आगे आएं। क्या हम उस मुकाम तक पहुंच सकते हैं जहां हम हर साल 50 रॉकेट प्रक्षेपित कर सकें?

#### अंतरिक्ष तकनीक से प्रशासन में मिल रही मदद

प्रधानमंत्री ने कहा कि मैंने लाल किले से कहा था कि हमारा रास्ता रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म का रास्ता है। बीते 11 वर्षों में देश ने स्पेस सेक्टर एक के बाद एक लगातार बड़े सुधार किए हैं। आज अंतरिक्ष तकनीक भारत में प्रशासन का हिस्सा भी बन रही है। फसल बीमा योजना में सैटेलाइट की मदद से आकलन हो रहा है। मछुआरों को सैटेलाइट्स की मदद से जानकारी,सुरक्षा मिल रही है। पीएम गति शक्ति आदि में भी इस तकनीक का इस्तेमाल हो रहा।

#### युवा गहन अंतरिक्ष अन्वेषण मिशन की तैयारी करें

पीएम मोदी ने शनिवार को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर वीडियो संबोधन में बड़ा ऐलान किया। उन्होंने घोषणा की कि भारत भविष्य के मिशनों के लिए अंतरिक्ष यात्रियों का एक समूह बनाने की तैयारी कर रहा है। उन्होंने युवाओं से इस समूह का हिस्सा बनने का आग्रह किया।

#### अब हम अंतरिक्ष में झांकेंगे

अब हमें गहरे अंतरिक्ष में झांकना है, जहां मानवता के भविष्य के लिए लाभकारी कई रहस्य छिपे हुए हैं। मोदी ने कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र में एक के बाद दूसरी उपलब्धि हासिल करना अब भारत और उसके वैज्ञानिकों की स्वाभाविक विशेषता बन गई है। प्रधानमंत्री ने देश भर के अंतरिक्ष वैज्ञानिकों, छात्रों और नीति निर्माताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा क्षितिज आकाशगंगाओं से भी परे है।

#### रक्षामंत्री ने कहा-यह उपलब्धि पीढ़ियों को प्रभावित करेगी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस की बधाई दी। सिंह ने एक्स पर लिखा कि राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर हम चंद्रयान-3 के माध्यम से चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर भारत की ऐतिहासिक उपलब्धि का उत्सव मना रहे हैं, जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगी।

#### शुभांशु शुक्ला ने योजनाओं को उत्साहजनक बताया



ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने कहा कि हम जो कुछ कर रहे हैं या जिसकी योजना बना रहे हैं इसे देख मैं काफी उत्साहित हूं। दो साल पहले हमारे पास जश्न का मौका नहीं था। एक साल के भीतर, यह मुमकिन है। हमारे पास आगे बढ़ने के लिए गगनयान, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन और चंद्रमा पर उतरने को लेकर कई मिशन हैं। बस जरूरत है जोश की। यहां बैठे हरेक बच्चे से यही उम्मीद है कि वो इस दिशा में आगे बढ़ेगा।

**6जी पर भी तेजी से काम कर रही सरकार**

#### जल्द बाजार में आएगा 'मेड इन इंडिया' चिप

पीएम मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत में भी सेमीकंडक्टर की फैक्ट्रियां लगनी शुरू हो गई हैं। इस साल के अंत तक भारतीय चिप बाजार में आ जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। राष्ट्रीय राजधानी में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हम 'मेड इन इंडिया 6जी' पर तेजी से काम कर रहे हैं। हम सब जानते हैं कि भारत में सेमीकंडक्टर का निर्माण 50-60 साल पहले शुरू हो सकता था, लेकिन हम वह अवसर चूक गए और यह सिलसिला लंबे समय तक चलता रहा। लेकिन आज हमने यह स्थिति बदल दी है। अब भारत में सेमीकंडक्टर की फैक्ट्रियां बन रही हैं और इस साल के अंत तक पहले मेड इन इंडिया चिप बाजार में आएगा। आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई बढ़ी अर्थव्यवस्था है। हम जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे हैं। विशेषज्ञ कह रहे हैं कि आने वाले समय में भारत का वैश्विक विकास में योगदान लगभग 20 फीसदी हो जाएगा।

---

## 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' पर चौहान ने वैज्ञानिकों को महर्षि बताया

### खेती में प्रौद्योगिकी और विज्ञान की भूमिका महत्वपूर्ण हमें इसे और आगे बढ़ाना

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' के अवसर पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली, पूसा में आयोजित कार्यक्रम को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। इस कार्यक्रम का विषय 'कृषि परिवर्तन के लिए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में अनुसंधान और विकास' था। इस अवसर पर आईसीएआर के महानिदेशक डॉ. एमएल जाट सहित वरिष्ठ वैज्ञानिक उपस्थित रहें। चौहान ने कहा कि मेरी अत्यधिक इच्छा थी कि 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' का कार्यक्रम आईसीएआर में भी मनाया जाए। अंतरिक्ष विज्ञान के माध्यम से आज हम देश और दुनिया में बदलाव ला रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सब जानते हैं कि खेती में प्रौद्योगिकी और विज्ञान कितना महत्वपूर्ण है। हमें इसे और आगे बढ़ाना होगा।

#### खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की

चौहान ने कहा कि वैज्ञानिक आधुनिक महर्षि हैं। हमने खेती बदली है, खेती की दिशा बदली है, किसान की जिंदगी बदली है। जनता के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की है। हमने अनाज उत्पादन के नए रिकॉर्ड बनाए हैं और इसमें हमारे अंतरिक्ष विज्ञान का अतुलनीय योगदान है। आज कृषि के क्षेत्र में किसानों की मदद करने में अंतरिक्ष कार्यक्रम का महत्व उभरकर सामने आया है। क्रॉप एवरेज प्रोडक्शन एस्टिमेशन का सवाल हो, फसल प्रणाली हो, गेहूं, धान, सरसों, कपास, गन्ना इत्यादि का उत्पादन, क्षेत्रफल का सटीक रूप से अनुमान लगाना या मौसम की जानकारी सभी में अंतरिक्ष विज्ञान की अहम भूमिका है।

#### देश ने कई तकनीक विकसित की

चौहान ने कहा कि हमने कई तकनीक विकसित करने की कोशिश की है। किसान द्वारा खींची गई फोटो के माध्यम से ही कीट का पता लगाने, बुवाई-कटाई क्षेत्रफल इत्यादि विषयों में अब सटीक अनुमान लग रहा है। क्षेत्रफल मामले में कृषि मंत्रालय के आंकड़े और राष्ट्रीय रिमोट सेंसिंग सेंटर प्रांगण के आंकड़े मेल खाते हैं।

---

## गाजियाबाद में कुत्ते को खाना खिलाया

# डॉग लवर महिला पर युवक ने सरेआम बरसाए थप्पड़

एजेंसी ▶▶ गाजियाबाद

यहां के विजय नगर थाना क्षेत्र के तहत आने वाले सिद्धार्थ विहार के ब्रह्मपुत्र एनक्लेव सोसाइटी में आवारा कुत्ते को खाना खिलाने को लेकर एक शख्स ऐसा भड़का कि उसने एक महिला को सरेआम थप्पड़ बरसा दिए। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो को संज्ञान में लेकर कारवाई की और सुसंगत धाराओं में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।



#### युवक ने महिला को रोकने की कोशिश की

यह घटना उस वक्त घटी जब एक डॉग लवर महिला सोसाइटी में आवारा कुत्तों को खाना खिला रही थी। इसी दौरान युवक ने महिला को रोकने की कोशिश की। महिला से उसकी बहस हो गई। फिर युवक महिला पर भड़क गया।

---

## हमले को लेकर सीएम रेखा गुप्ता ने कहा

# मुझे तूफानों से जूझने की आदत है, आसुरी शक्ति से नहीं डरती

### श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स कॉलेज में छात्रों को किया संबोधित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने कहा है कि तूफानों से जूझना उनकी आदत है और वह किसी भी आसुरी शक्ति से नहीं डरती हैं। गुप्ता पर जनसुनवाई के दौरान हमला हुआ था। इस घटना की मीडिया और राजनीतिक गलियारों में बड़े पैमाने पर चर्चा हुई थी। आरोपी राजेश खिमजी को गिरफ्तार कर लिया गया था। गुप्ता एक कार्यक्रम में उन दिनों के बारे में बता रही थीं, जब वह दिल्ली विश्वविद्यालय में पढ़ती थीं और छात्र संघ की अध्यक्ष थीं।

#### ...तब तो मेरा चेहरा जल गया था



रेखा ने कहा जब मैं डूसू की प्रेसीडेंट थी, तब एक प्रदर्शन के दौरान पुतला जलाया जाना था। मिट्टी का तेल न मिलने पर तब किसी ने पुतले में पेट्रोल डाल दिया। जैसे ही मैंने तीली जलाई, आग लग गई और मेरा चेहरा जल गया। एक महीने तक मैं उस दर्द को सहती रही। मैं यही मानती थी कि रुकना नहीं है, चलते रहना है। सीएम ने कहा कि वे किसी भी असुरी शक्ति से डरने वाली नहीं हैं।

**छात्र जीवन को किया याद**

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शनिवार को दिल्ली यूनिवर्सिटी के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी) के वार्षिक समारोह में पहुंचीं। वहां छोत्रों को संबोधित करते हुए पुरानी यादों में खो गईं।

---

## मुंबई-कुशीनगर एक्सप्रेस का मामला

# ट्रेन के टॉयलेट में मिला 5 साल के बच्चे का शव



एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई-कुशीनगर एक्सप्रेस के एसी कोच बी-2 के बाथरूम में कूड़ेदान के अंदर 5 साल के बच्चे का शव मिलने से ट्रेन में सवार यात्रियों में हड़कंप मच गया। रेलवे अधिकारियों और पुलिस तुरंत मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की।

#### अपहरण की कहानी आ रही सामने

शुरुआती छानबीन में यह पता चला कि बच्चे का अपहरण उसके ही रिश्तेदार ने किया था और इस मामले में मौसेरे भाई भी शामिल था। पुलिस ने घटनास्थल पर यात्रियों और कर्मचारियों के बयान दर्ज कर पूरे मामले की गंभीरता से पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस अपहरण और हत्या दोनों पहलुओं पर गहन जांच कर रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि बच्चे का अपहरण क्यों किया गया और उसकी हत्या किन परिस्थितियों में हुई।

---

## पीलीभीत में कार और टेंपो की भिड़ंत

### जहानाबाद क्षेत्र के पास हादसा

# दर्दनाक हादसे में 5 लोगों की मौके पर मौत व 5 गंभीर रूप से घायल

एजेंसी ▶▶ पीलीभीत

उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले के थाना जहानाबाद क्षेत्र के विशेन गांव के पास शनिवार को एक भीषण सड़क हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 5 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर कार और टेंपो की आमने-सामने टक्कर के कारण हुआ। टेंपो सवारियों को लेकर अमरिया जा रहा था, जो बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर खाई में जा गिरा। वहीं हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। पुलिस ने



शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए मोर्चुरी भेजा और घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया. ।घायलों में दो बच्चे, एक महिला और पुरुष शामिल हैं, जिनमें से 2 की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया।

#### कार का ड्राइवर मौके से फरार, जांच शुरू

कार की तेज रफ्तार और चालक की लापरवाही की वजह से यह हादसा हुआ है। चश्मदीदों की मानें तो टक्कर इतनी जोरदार थी कि टेंपो के परखच्चे उड़ गए और हादसे के बाद कार का ड्राइवर मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। वहीं हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने भी रेस्क्यू में सहायता की। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह और सीएमओ ने सभी घायलों को उपचार कराने में कराने में जुटे है। वहीं पुलिस पूरे मामले की कार्रवाई में जुटी है।

---

## कर्नाटक के कांग्रेस विधायक को ईडी ने किया गिरफ्तार

# 12 करोड़ नकद, 6 करोड़ के गहने और 10 किलो चांदी जब्त

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बताया कि कर्नाटक के कांग्रेस विधायक केसी वीरेंद्र कुमार उर्फ 'पप्पी' को अवैध ऑनलाइन और ऑफलाइन सट्टेबाजी मामले में शनिवार को सिक्किम से धन शोधन निरोधक कानून के तहत गिरफ्तार किया गया। संघीय जांच एजेंसी ने यह भी बताया कि उसने शुक्रवार को कई राज्यों में की गई छापेमारी के बाद 12 करोड़ रुपए नकद (लगभग एक करोड़ की विदेशी मुद्रा सहित), 6 करोड़ रुपए के सोने के आभूषण, लगभग 10 किलोग्राम चांदी और 4 वाहन जब्त किए।

### वीरेंद्र पर अवैध ऑनलाइन और ऑफलाइन सट्टेबाजी मामले में कार्रवाई

#### भाई और बेटे से जुड़ी संपत्ति भी जब्त की



ईडी ने बताया कि चित्रदुर्ग के 50 साल के विधायक को शुक्रवार को सिक्किम की राजधानी गंगटोक में एक नामित मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया और बेंगलुरु की न्यायिक अदालत में पेश करने के लिए ट्रांजिट रिमांड हासिल की गई। ईडी का बेंगलुरु जोन मामले की जांच कर रहा है। वीरेंद्र के भाई केसी नागराज और उनके बेटे पृथ्वी एन राज के ठिकानों से संपत्ति से जुड़े कई दस्तावेज भी जब्त किए गए। ईडी ने कहा कि उनके अन्य सहयोगी, जैसे कि एक और भाई केसी थिप्पेस्वामी, दुबई से ऑनलाइन गेमिंग का संचालन संभाल रहे हैं।'

**30 ठिकानों पर की छापेमारी**

विधायक की गिरफ्तारी गंगटोक से हुई है। बताया जा रहा है कि विधायक अपने कुछ साथियों के साथ गंगटोक में कसीनो के लिए एक जमीन लीज पर लेने के लिए गए थे। ईडी ने वीरेंद्र के 30 ठिकानों पर छापेमारी की थी।

#### कसीनो के पट्टे के लिए वे बागडोगरा होते हुए गंगटोक गए

ईडी ने बताया कि उनके अन्य सहयोगी, भाई थिप्पेस्वामी,और राज, दुबई से ऑनलाइन गेमिंग का संचालन संभाल रहे हैं। यह पता चला कि वीरेंद्र, सहयोगी एक जमीनी कसीनो को पट्टे पर लेने के लिए व्यावसायिक यात्रा पर बागडोगरा होते हुए गंगटोक गए थे। तलाशी के दौरान जब्त की गई आपत्तिजनक सामग्री से नकदी और अन्य धनराशि के जटिल स्तरीकरण का संकेत मिलता है। अपराध की आगे की जांच के लिए वीरेंद्र को गंगटोक से गिरफ्तार किया गया और न्यायिक मजिस्ट्रेट, गंगटोक, सिक्किम के समक्ष पेश किया गया और उन्हें बैंगलोर स्थित न्यायिक न्यायालय में पेश करने के लिए ट्रांजिट रिमांड प्राप्त किया गया।

इसरो ने जारी किया विजन 2040 का रोडमैप

# चंद्रयान-4 से लेकर चंद्रमा सैंपल रिटर्न मिशन प्रोजेक्ट शामिल

इसरो स्पेस रोडमैप 2040 न केवल भारत की अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं को रेखांकित करती है बल्कि देश को आने वाले वर्षों में वैश्विक स्तर पर अग्रणी अंतरिक्ष शक्तियों की कतार में खड़ा करने का संकल्प भी दिखाता है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में नई उड़ान भरते हुए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) एक महत्वाकांक्षी रोडमैप 'इसरो स्पेस रोडमैप 2040' जारी किया है। इसरो ने ऐलान किया कि भारत वर्ष 2035 तक अपना खुद का भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (भारतीय अंतरिक्ष केंद्र-बीएएस) स्थापित करेगा, जो देश की वैज्ञानिक और तकनीकी क्षमता को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। इसके साथ ही, 2040 तक भारत चंद्रमा से सैंपल लाने का भी लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी और इसरो प्रमुख वी. नारायणन ने शनिवार को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर इस मिशन विज़न को साझा किया।

**2040 में भारत चंद्रमा पर उतरेगा और नमूने लेकर आएगा**

**दुनिया के अंतरिक्ष कार्यक्रमों की बराबरी कर लेगा भारत**



केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह और इसरो अध्यक्ष वी. नारायण ने अंतरिक्ष प्रदर्शनी का अवलोकन किया

### शुक्रयान ऑर्बिटर मिशन शामिल

इसरो के रोडमैप में चंद्रयान-4, शुक्रयान, डीप स्पेस मिशन और नेक्स्ट जेनरेशन लॉन्चर (एनजीएल) जैसी योजनाएं शामिल हैं। यह घोषणा न केवल भारत की अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं को रेखांकित करती है, बल्कि देश को आने वाले वर्षों में वैश्विक स्तर पर अग्रणी अंतरिक्ष शक्तियों की कतार में खड़ा करने का संकल्प भी दिखाती है।

### एजीएल योजना को मंजूरी मिली

वी. नारायणन ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी ने नेक्स्ट जेनरेशन लॉन्चर (एनजीएल) पर काम के लिए मंजूरी दे दी है। 2040 तक भारत न केवल चंद्रमा पर उतरेगा, बल्कि वहां से मिट्टी और पत्थरों के नमूने भी लेकर वापस आएगा। नारायणन के अनुसार, उस समय भारत की अंतरिक्ष क्षमताएं दुनिया की अग्रणी अंतरिक्ष एजेंसियों के बराबर होंगी।

### इसरो ने भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन के मॉडल का किया अनावरण

*इसरो ने शनिवार को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर दिल्ली में भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (बीएएस) के मॉडल का अनावरण किया। इसरो का लक्ष्य 2028 तक परियोजना का पहला मॉड्यूल लॉन्च करना है और 2035 तक पूरा स्टेशन चालू हो जाने की उम्मीद है। बीएएस स्वदेशी अनुसंधान के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बनने के लिए तैयार है, जिसमें माइक्रोग्रैविटी अध्ययन और लंबी अवधि के मानव अंतरिक्ष मिशनों के लिए प्रौद्योगिकियों का परीक्षण शामिल है। भारत की अपनी स्वयं की कक्षीय प्रयोगशाला स्थापित करने की यात्रा, उसके अंतरिक्ष कार्यक्रम में एक बड़ी छलांग है। यह अंतरिक्ष अन्वेषण में ग्लोबल लीडर के रूप में उसकी स्थिति को मजबूत करती है।*




### चंद्रयान-4 की तैयारी

इसरो प्रमुख वी. नारायणन ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी के विज़न के आधार पर भारत आने वाले वर्षों में कई ऐतिहासिक मिशनों को अंजाम देगा। उन्होंने कहा कि हम जल्द ही चंद्रयान-4 और एक शुक्रयान ऑर्बिटर मिशन लॉन्च करेंगे। हम 2035 तक बीएएस नामक एक अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने जा रहे हैं, तथा इसका पहला मॉड्यूल 2028 तक प्रक्षेपित कर दिया जाएगा।

---

## खबर संक्षेप

### बीएसएफ ने बॉर्डर पर सर्वल कैट को बचाया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के नदिया जिले में भारत-बांग्लादेश



सीमा पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने तस्करी की जा रही एक दुर्लभ जंगली बिल्ली अफ्रीकन सर्वल कैट को बचाया। इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 3 हजार डॉलर (2.5 लाख रुपए) से लेकर 10 हजार डॉलर (8.5 लाख रुपए) तक होती है। जब जवानों को बिल्ली मिली तो वह लकड़ी के एक डिब्बे में बंद थी। यह घटना 22 अगस्त की सुबह तड़के हुई। तस्कर घनी झाड़ियों का फायदा उठाकर बांग्लादेश की ओर भाग गए।

### सर्जियो गोर भारत में अमेरिका के नए राजदूत

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने करीबी



सर्जियो गोर (38 वर्षीय) को भारत में अमेरिका का नया राजदूत नियुक्त किया है। सर्जियो गोर अभी व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति निजी कार्यालय के निदेशक पद पर तैनात हैं। वे दक्षिण और मध्य एशिया मामलों के भी विशेष प्रतिनिधि होंगे। भारतीय राजदूत के रूप में नियुक्ति पर सर्जियो गोर ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का आभार जताया। गोर ने एक्स पर लिखा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बहुत आभारी हूं। उन्होंने मुझे भारत में अपना अगला अमेरिकी राजदूत नियुक्त किया।

---

### टैरिफ विवाद के बीच भारत सरकार का फैसला, 25 अगस्त से डाक खेप स्वीकारना बंद

# 29 अगस्त से अमेरिका जाने वाले सभी पार्सल की आवाजाही रोकेगा डाक विभाग

यूएस ने 800 डॉलर तक के मूल्य वाले सामानों के लिए छूट वापस ली

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका की ओर से टैरिफ शुल्क से जुड़े नियमों में बदलाव के बाद भारतीय डाक विभाग 29 अगस्त से विभाग अमेरिका जाने वाले पार्सल की आवाजाही अस्थायी रूप निलंबित करेगा। डाक विभाग ने घोषणा की है कि वह 25 अगस्त से अमेरिका के लिए अधिकांश डाक खेपों को अस्थायी रूप से स्वीकार करना बंद कर देगा। ऐसा इस महीने के अंत में लागू होने वाले अमेरिकी शुल्क नियमों में बदलावों के बाद होगा। अमेरिका ने 30 जुलाई को एक आदेश जारी कर 800 अमेरिकी डॉलर तक के मूल्य वाले सामानों के लिए शुल्क-मुक्त छूट वापस ले ली।

29 अगस्त से, अमेरिका को भेजे जाने वाले सभी डाक सामान, चाहे उनका मूल्य कुछ भी हो, अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्ति अधिनियम (आईईईपीए) टैरिफ ढांचे के तहत सीमा शुल्क आकर्षित करेंगे। केवल 100 अमेरिकी डॉलर तक की उपहार वाली वस्तुएं ही शुल्क मुक्त रहेंगी। आदेश के अनुसार, केवल अंतरराष्ट्रीय वाहक और अमेरिकी सीमा शुल्क की ओर से अनुमोदित अन्य 'योग्य पक्ष' ही डाक शिपमेंट पर शुल्क वसूल और भुगतान कर सकते हैं। लेकिन चूंकि इन पक्षों को मंजूरी देने और शुल्क वसूली की प्रक्रिया अभी स्पष्ट नहीं है, इसलिए एयरलाइनों ने कहा है कि वे 25 अगस्त के बाद अमेरिका जाने वाले डाक पार्सल नहीं ले जा पाएंगी।

### एयरलाइनों ने 25 अगस्त के बाद डाक पार्सल ले जाने से कर दिया मना




### सिर्फ 100 डॉलर तक के उपहारों को छूट

*इसे देखते हुए, भारतीय डाक 25 अगस्त से अमेरिका के लिए सभी प्रकार की वस्तुओं की बुकिंग निलंबित कर देगा। हालांकि पत्रों, दस्तावेजों और 100 अमेरिकी डॉलर तक के उपहारों को इससे छूट मिलेगी। डाक विभाग ने कहा कि जिन ग्राहकों ने पहले से ही पार्सल बुक कर लिया है और उन्हें भेजा नहीं जा सकता, वे डाक शुल्क वापसी का दावा कर सकते हैं।*

### सीबीपी से स्पष्टीकरण के बाद लेंगे फैसला

संचार मंत्रालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, डाक विभाग ने 25 अगस्त, 2025 से अमेरिका जाने वाली सभी प्रकार की डाक वस्तुओं की बुकिंग अस्थायी रूप से निलंबित करने का निर्णय लिया है। सिवाय उन पत्रों/दस्तावेजों और उपहार वस्तुओं के जिनका मूल्य 100 अमेरिकी डॉलर तक है।

### जयशंकर बोले

### 'व्यापार समझौते' पर बातचीत जारी लेकिन कुछ मुद्दों पर 'लक्ष्मण रेखा'

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा है कि भारत अमेरिका के साथ चल रही व्यापार वार्ता में कुछ 'रेड लाइंस' तय किए हुए हैं। रेड लाइंस मतलब लक्ष्मण रेखा, एक ऐसी सीमा, जिसके पार कोई समझौता नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों व छोटे उत्पादकों के हितों से किसी भी हाल में समझौता नहीं करेगी। यह हमारे लिए न सिर्फ आर्थिक, बल्कि सामाजिक सरोकारों से जुड़ा मुद्दा है और यही वार्ता में भारत की मूल प्राथमिकता है। भारत-अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर बातचीत चल रही है।



**उन्हें पसंद नहीं तो न खरीदें**

जयशंकर ने कहा कि अमेरिका या किसी अन्य देश को भारतीय तेल या पेट्रोलियम उत्पाद पसंद नहीं, तो वे खरीदें ही नहीं। उन्होंने कहा कि भारत किसी को खरीदने के लिए मजबूर नहीं करता, लेकिन अमेरिका और यूरोप खुद खरीदते हैं। जयशंकर ने इस धारणा को भी खारिज किया कि अमेरिका से तनाव के बीच भारत-चीन संबंध बेहतर हो रहे हैं।

**ट्रंप की नीति से दुनिया प्रभावित हो रही**

जयशंकर ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कार्यशैली पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि ट्रंप जिस तरह से विदेश नीति को सार्वजनिक तौर पर चलाते हैं, वह पहले कभी नहीं देखा गया। यह परंपरागत अमेरिकी नीति से बड़ा बदलाव है और पूरी दुनिया इससे प्रभावित हो रही है।

---

### उत्तराखंड के चमोली में फटा बादल

# थराली क्षेत्र मलबे की चपेट में आया एक युवती का शव मिला, 11 घायल आईटीबीपी जवानों ने संभाला मोर्चा



एजेंसी ▶▶ चमोली

उत्तराखंड में एक बार भारी बारिश ने कहर बरपाया है। चमोली के थराली तहसील में देर रात बादल फटने से क्षेत्र में काफी नुकसान हुआ है। बादल फटने से काफी मलबा आया है, जिससे एसडीएम आवास समेत कई मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। चमोली के डीएम संदीप तिवारी ने यह जानकारी दी है। जनपद चमोली में अतिवृष्टि से थराली एवं आसपास के क्षेत्रों में भारी मात्रा में मलबा आने के कारण कई भवन और वाहन इसकी चपेट में आ गए।

एसडीआरएफ की टीमें मौके पर राहत एवं बचाव कार्य करते हुए प्रभावित भवनों और वाहनों में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा रही हैं। रास्ते तहस-नहस हो जाने से भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रेस्क्यू में भी जवानों को परेशानी उठानी पड़ रही है। तीनों विकासखंडों थराली, देवाल और नारायणबगड़ के सभी स्कूलों में भारी बारिश को देखते हुए अवकाश घोषित कर दिया गया है।

**प्रभावितों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया**

*थराली में आई आपदा के बाद प्रशासन प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों में पहुंचाने में लगे हुए है। प्रशासन द्वारा तहसील परिसर, कुलसारी पॉलिटेक्निक आदि सुरक्षित स्थानों पर लोगों के रहने और खाने की व्यवस्था की जा रही है। वाहनों से प्रभावित लोगों को अलग-अलग स्थानों पर ले जाया जा रहा है। चमोली आपदा में सगवाड़ा में लापता हुई युवती का शव बरामद कर लिया गया है। 11 लोग घायल हैं जबकि एक लापता है। गांव में बिजली, पानी बाधित है। चमोली जनपद के थराली में आई आपदा में आईटीबीपी के जवानों ने भी मोर्चा संभाल दिया है। आईटीबीपी के जवान मलबे में दबे पेड़ों को कटाकर हटाने का प्रयास कर रहे है। साथ ही एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, डीडीआरएफ भी राहत बचाव कार्य मे जुटी हुई है।*

### सीएम धामी ने दुख जताया

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने चमोली जनपद के जनप्रतिनिधियों से फोन पर वार्ता कर बादल फटने से हुए नुकसान की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने आपदा पर गहरा दुख जताते हुए सभी जनप्रतिनिधियों से राहत और बचाव कार्यों में जिला प्रशासन का सहयोग करने का अनुरोध किया है। धामी ने कहा कि जिला प्रशासन, एनडीआरएफ, पुलिस मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्यों में जुटी है. स्थानीय प्रशासन के संपर्क में हूं और खुद स्थिति की गहन निगरानी कर रहा हूं।

---

## ग्रीस में आईएनएस तमाल का भ्रमण पूरा



**नई दिल्ली।** भारतीय युद्धपोत आईएनएस तमाल ने 22 अगस्त 2025 को ग्रीस के सौदा खाड़ी में बंदरगाह भ्रमण संपन्न किया। जहाज की गतिविधियाँ भारत और ग्रीस के बीच सहयोग और सहभागिता को बढ़ाने पर केंद्रित रहीं। प्रस्थान के समय आईएनएस ने हेलेनीक नेवी की रूसेन श्रेणी की गश्ती नौका एचएस रित्सोस के साथ एक मार्ग अभ्यास में भाग लिया, जिसका उद्देश्य दोनों नौसेनाओं के बीच अंतर-संचालन क्षमता का सत्यापन करना था। सौदा खाड़ी में भारत और ग्रीस के पदाधिकारियों ने द्विपक्षीय चर्चाएं और व्यावसायिक आदान-प्रदान किए।

### न्यूयॉर्क में टूरिस्ट बस पलटी

## 5 की मौत, बस में भारतीय भी थे ड्राइवर के कंट्रोल खोने से हादसा

एजेंसी ▶▶ अल्बानी

न्यूयॉर्क में नायग्रा फॉल्स से न्यूयॉर्क सिटी जा रही एक टूरिस्ट बस पलट गई, जिससे 5 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। न्यूयॉर्क स्टेट पुलिस के मेजर आंद्रे रे ने बताया कि बस के ड्राइवर ने कंट्रोल खो दिया जिससे बस पलट गई। यह हादसा स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 12:30 बजे हुआ। बस में 54 यात्री सवार थे। ज्यादातर यात्रियों ने सीट बेल्ट नहीं लगाई थी, जिससे हादसे के समय खिड़कियां टूटने से कई यात्री बस से बाहर गिर गए। बस



नायग्रा फॉल्स से न्यूयॉर्क सिटी जा रही थी। हादसे के बाद बचावकर्मी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने रोड को बंद कर दिया। बचाव दल ने घायलों का मौके पर ही प्राइमरी इलाज किया। बाद में एंबुलेंस और हैलिकॉप्टर से अस्पताल भेजा। बस में अधिकांश यात्री भारत, चीन और फिलिपींस मूल के थे।

### बांग्लादेश में यूनुस सरकार ने मीडिया पर कसा शिकंजा

## हसीना के बयानों को प्रसारित न करने की चेतावनी, उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने शुक्रवार को मीडिया संस्थानों को अवामी लीग की नेता व अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के किसी भी बयान का प्रसारण या प्रकाशन न करने की चेतावनी दी है। आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के प्रेस विंग ने कहा, हम हसीना की बातों और बयानों को फैलाने वाले और भविष्य में ऐसा करने की मंशा रखने वाले मीडिया को चेता रहे हैं कि हम उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे।

**हसीना भगोड़ा अपराधी**



यूनुस ने कहा कि टेलीविजन चैनलों, समाचार और ऑनलाइन पोर्टलों पर हसीना के ऑडियो चलाना आतंकवाद विरोधी कानून 2009 का उल्लंघन है। इसमें हसीना को एक दोषी अपराधी व सामूहिक हत्याओं और मानवता के खिलाफ अपराधों का भगोड़ा आरोपी बताया गया है।

**पाक विदेश मंत्री पहुंचे बांग्लादेश**

पाक के विदेश मंत्री इशाक डार तीन दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को बांग्लादेश पहुंचे हैं। यह 13 साल के बाद किसी वरिष्ठ पाकिस्तानी अधिकारी का पहला ढाका दौरा है। पाकिस्तान के वाणिज्य मंत्री जम कमाल खान इशाक डार से पहले बुधवार को ढाका पहुंचे थे।

---

### गुजरात में बीएसएफ ने की बड़ी कार्रवाई

## नाव में बैठकर आए 15 पाक घुसपैठिए गिरफ्तार

कच्छ के कोरी क्रीक इलाके से पकड़े गए

एजेंसी ▶▶ कच्छ

गुजरात के कच्छ जिले में सीमा सुरक्षा बल बीएसएफ ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए कोरी क्रीक इलाके से 15 पाकिस्तानी घुसपैठियों को पकड़ लिया। मिली जानकारी के अनुसार बीएसएफ की गश्ती टीम को क्रीक क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों का पता चला था। इसी दौरान जवानों ने पाकिस्तानी नाव को पकड़ा। नाव पर मौजूद कुछ लोग बीएसएफ को देखते ही फरार हो गए लेकिन 15 घुसपैठियों को जवानों ने दबोच लिया।

बीएसएफ अधिकारियों ने बताया कि पकड़े गए घुसपैठियों से पूछताछ की जा रही है और उनके पास से मिले



सामान की भी जांच की जा रही है। शुरुआती जानकारी में सामने आया है कि ये लोग अवैध रूप से भारतीय सीमा में घुसने की कोशिश कर रहे थे। पकड़े गए सामान में खाने-पीने की चीजें मोबाइल फोन और अन्य सामग्री मिली है। क्रीक क्षेत्र भारत-पाकिस्तान सीमा का संवेदनशील इलाका माना जाता है। यहां समुद्री रास्तों के जरिए घुसपैठ की आशंका हमेशा बनी रहती है।

### भारत ने रक्षा क्षेत्र में अमेरिका को दिया बड़ा झटका, जीई कंपनी संग नहीं हुआ करार

स्वदेशी फाइटर जेट और इंजन निर्माण में महत्वपूर्ण सफलता मिलेगी

## फ्रांस की सेवरन कंपनी और डीआरडीओ मिलकर करेंगे 'जेट इंजन' का विकास

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टैरिफ विवाद के बीच भारत ने अमेरिका को बड़ा झटका दिया है। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) और फ्रांस की कंपनी सेफरन मिलकर भारत में 120 केएन क्षमता वाला पावरफुल जेट इंजन विकसित करेंगे। इस प्रोजेक्ट के तहत भारत को 100% टेक्नोलॉजी ट्रांसफर मिलेगा और इंजन की डिजाइन, विकास, टेस्टिंग, सर्टिफिकेशन और प्रोडक्शन पूरी तरह भारत में होगी।

इस कदम से भारत का आत्मनिर्भर विमान निर्माण मजबूत होगा, जबकि अमेरिका के ट्रंप प्रशासन की उम्मीदें इस प्रोजेक्ट पर टिकी थीं, जिससे उन्हें तगड़ा झटका लगा। रक्षा मंत्री राजनाथ



पांचवी पीढ़ी के फाइटर जेट में 120 केएन क्षमता के इंजन लगेंगे

सिंह ने गुरुवार को इस डील की पुष्टि करते हुए बताया कि भारत ने पांचवीं पीढ़ी के फाइटर जेट और स्वदेशी इंजन निर्माण में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा लिया है। उन्होंने कहा कि शुरुआती एएमसीए यूनिट्स फिलहाल जीई-414 इंजन से उड़ान भरेंगी।

**परियोजना लागत 7 अरब डॉलर**

इस डील से भारत और फ्रांस के बीच तकनीकी और राजनीतिक साझेदारी भी और मजबूत होगी। डीआरडीओ के अनुसार, इस परियोजना की लागत लगभग 7 अरब डॉलर होगी। शुरुआती एमसीएम यूनिट्स फिलहाल जीई-414 इंजन से उड़ान भरेंगी, लेकिन भविष्य में नए इंजन का उत्पादन पूरी तरह भारत में ही होगा। इस परियोजना में अमेरिका की जीई और ब्रिटेन की रॉल्स रायस जैसी दिग्गज कंपनियां भी दावेदार थीं। फ्रांस के साथ यह समझौता भारत की एयरोस्पेस और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है।

### भारत को 100% टेक्नोलॉजी ट्रांसफर मिलेगा

भारत ने अपने पांचवीं पीढ़ी के स्वदेशी स्टील्थ फाइटर जेट (एएमसीए) के लिए बड़ा कदम उठाया है। इस प्रोजेक्ट के तहत भारत में 120 केएन क्षमता वाला पावरफुल जेट इंजन विकसित किया जाएगा, जिसमें भारत को 100% टेक्नोलॉजी ट्रांसफर मिलेगा। इसका मतलब है कि इंजन का डिजाइन, विकास, टेस्टिंग, सर्टिफिकेशन और प्रोडक्शन पूरी तरह भारत में किया जाएगा, जिससे भारत का एयरोस्पेस क्षेत्र आत्मनिर्भर बनेगा।

### भविष्य में इंजनों का निर्माण भारत में होगा

भविष्य में नए 120 केएन क्षमता वाले इंजन का उत्पादन पूरी तरह भारत में होगा। भारत ने अपने स्वदेशी फाइटर जेट और इंजन निर्माण में महत्वपूर्ण रणनीतिक सफलता हासिल की है।

# किराक हैदराबाद ने रोहतक रौडीज को हराकर प्रो पंजा लीग सीजन 2 का खिताब जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

17 दिनों की लगातार पंजा कार्रवाई के बाद किराक हैदराबाद ने ग्वालियर में 21 अगस्त को फाइनल में रोहतक रौडीज़ को 30-18 से हराकर आखिरकार प्रो पंजा लीग सीज़न 2 चैंपियन का खिताब हासिल कर लिया है। विजेता टीम को प्रो पंजा लीग की ओर से 20 लाख रुपए का इनाम भी मिला है। रोहतक रौडीज़ की निर्मल देवी को 'प्लेयर ऑफ द डे' का पुरस्कार दिया गया। किराक हैदराबाद के सतनाम सिंह को 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' घोषित किया गया। स्टीव थॉमस ने 'बादशाहों का बादशाह' का खिताब जीता। किराक के स्टीव थॉमस ने दीपांकर मेच को सिर्फ 0.09 सेकंड में पिन करके प्रो पंजा लीग का रिकॉर्ड तोड़ दिया, जो सचिन गोयल के 0.10 सेकंड के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ता है।

### फाइनल मुकाबले का रोमांच

फाइनल में, दोनों टीमों ने कुल 10 मैच खेले, अंडरकार्ड में चार और मेन कार्ड में छह, प्रतिष्ठित मुकुट के लिए लड़ने के लिए अब तक लीग में देखी गई हर श्रेणी में एक खिलाड़ी भेजा। अंडरकार्ड पूरी तरह से किराक हैदराबाद का रहा, क्योंकि उन्होंने प्रतियोगिता की शुरुआत में रोहतक रौडीज़ के खिलाफ क्लीन स्वीप का आनंद लिया। अविलिये जुयी ने 90 किग्रा मुकाबले में अर्शदीप सिंह पर 2-0 से शानदार जीत के साथ टोन सेट किया। नवीन एमवी ने 60 किग्रा श्रेणी में निखिल सिंह को 2-0 से हराकर बढ़त को दोगुना कर दिया, इससे पहले रचना जाटव ने 55 किग्रा प्रतियोगिता में कराबी सोनोवाल के खिलाफ एक और साफ 2-0 जीत के साथ फायदा बढ़ाया और अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा। रौडीज़ के बिल्ला ताजामुल ने अपनी टीम को जीवित रखने के लिए कड़ी लड़ाई लड़ी, लेकिन अनुभवी कप्तान आस्कर अली ने मेन कार्ड मैचों से पहले अपनी टीम को आरामदायक स्थिति में रखने के लिए 80 किग्रा मुकाबले में 2-0 से जीत हासिल की।

## स्टीव थॉमस ने 0.09 सेकंड में टूर्नामेंट का सबसे तेज पिन लगाकर जीत दर्ज की




मेन कार्ड में, विशेष रूप से सक्षम मैच में विश्व चैंपियन श्रीनिवास बीवी ने रोहतक रौडीज़ के लिए शुरुआती अंक हासिल किए, क्योंकि उन्होंने किराक हैदराबाद के चंदन कुमार बेहरा को 5-0 से हराया। निर्मल देवी ने रोहतक रौडीज़ के लिए गति बनाए रखी, क्योंकि उन्होंने चैलेंजर राउंड को सक्रिय किया और 65+ किग्रा श्रेणी में जिंसी जोस के खिलाफ 10-0 की निर्दोष जीत हासिल की। 18 वर्षीय आभास राणा ने 100+ किग्रा डिवीजन में अमित चौधरी को 5-0 से हराकर एक रोमांचक मुकाबले में किराक हैदराबाद की ओर रुख वापस कर दिया। किराक हैदराबाद की माधुरा केएन ने 65 किग्रा मुकाबले में रिबासुक लिंगदोह को 5-0 से हराया। माधुरा ने पहले दो राउंड में दो फ्लैशपिन के साथ अपना दबदबा स्थापित किया। रिबासुक ने तीसरे राउंड में अपने प्रतिद्वंद्वी को रोकने की कोशिश की, लेकिन अपने प्रतिद्वंद्वी को रोक नहीं सके, किराक हैदराबाद को महत्वपूर्ण अंक दे दिए।

### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम में प्रो पंजा लीग के सह-संस्थापक परविन दबास और प्रीति झांगियानी उपस्थित थे। आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रबल प्रताप सिंह तोमर, हॉकी इंडिया के एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट देवेंद्र प्रताप सिंह तोमर, अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के सदस्य डॉ. नरिंदर ध्रुव बत्रा, पेशेवर पहलवान सौरव गुर्जर और पूर्व कबड्डी खिलाड़ी राहुल चौधरी भी उपस्थित थे। ओलंपिक पदक विजेता और पूर्व मुक्केबाज विजेंदर सिंह टीम एंबेसडर के रूप में रोहतक रौडीज़ का समर्थन करने के लिए उपस्थित थे।

### दांव पर लगी ट्रॉफी तो खिलाड़ियों ने किया दमदार प्रदर्शन

ट्रॉफी दांव पर लगने के साथ, हैदराबाद के स्टीव थॉमस ने 70 किग्रा मुकाबले में दीपांकर मेच के खिलाफ 10-0 से जीतकर सीज़न का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिया। स्टीव ने चैलेंजर राउंड को शानदार अंदाज में जीता, अपने प्रतिद्वंद्वी को सिर्फ 0.09 सेकंड में पिन करके एक मैच शेष रहते ही किराक हैदराबाद के लिए खिताब का दावा किया। खिताब से चूकने के बावजूद, रोहतक रौडीज़ के दारा सिंह ने अपना उत्साह नहीं खोया और रात का समापन करने के लिए 100 किग्रा श्रेणी में किराक हैदराबाद के जगदीश बरुआ को 3-2 से हराया। हाई-ऑक्टेन, एड्रेनालिन से भरपूर सीज़न एक शानदार नोट पर अपने अंत तक पहुंचा, जब किराक हैदराबाद ने प्रतिष्ठित प्रो पंजा लीग सीज़न 2 ट्रॉफी उठाकर अपने शानदार अभियान को समाप्त किया।

---

## खबर संक्षेप



### हिल्स ओपन : अवनि स्नेहा की अच्छी शुरुआत

**गोटेनबर्ग।** भारत की अवनि प्रशांत ने हिल्स ओपन गोल्फ के पहले दिन एक ओवर 72 के स्कोर के साथ संयुक्त 21वां स्थान हासिल कर लिया। स्नेहा सिंह भी संयुक्त 21वें स्थान पर हैं। न्यूजीलैंड की मोमोका कोबोरी पहले दौर के बाद शीर्ष पर है, जिन्होंने चार अंडर पार स्कोर किया। भारत की हिताशी बख्शी संयुक्त 48वें और प्रणवि उर्स संयुक्त 71वें स्थान पर है। अमनदीप द्राल संयुक्त 86वें , त्वेसा मलिक संयुक्त 107वें और वाणी कपूर संयुक्त 123 वें स्थान पर हैं।

### सिंक्यूफील्ड कप : गुकेश बाल-बाल बचे हार से प्रज्ञानानंदा ने खेला ड्रा




**सेंट लुइस।** ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंदा ने सिनक्यूफील्ड कप शतरंज के पांचवें दौर में फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव से ड्रॉ खेला जबकि विश्व चैंपियन डी. गुकेश हार से बाल बाल बचे और पोलैंड के डुडा जान क्रिस्टोफ के साथ अंक बांटे । पांचवें दौर में सभी मुकाबले ड्रॉ रहे। अमेरिका के फेबियानो कारुआना ने 3.5 अंक के साथ एकल बढ़त बना ली है। उन्होंने हमवतन वेसली सो से ड्रॉ खेला। दूसरे मुकाबलों में अमेरिका के सैमुअल सेवियान ने उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से ड्रॉ खेला जबकि लेवोन आरोनियन और फ्रांस के अलीरजा फिरोजा का मुकाबला भी बराबरी पर छूटा। प्रज्ञानानंदा दूसरे और आरोनियन तीसरे स्थान पर हैं जबकि गुकेश, फिरोजा, वेसली, सेवियान और वाचियेर लाग्रेव 2.5 अंक लेकर संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। ग्रैंड शतरंज टूर से शीर्ष चार खिलाड़ी इस साल के आखिर में होने वाले फाइनल में जगह बनाएंगे।

### एआईएफएफ-एफएसडीएल खत्म करें विवादः सुको

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) और फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड (एफएसडीएल) से मास्टर राइट्स समझौते के नवीनीकरण से संबंधित मुद्दे को सुलझाने को कहा है क्योंकि इससे ही इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) का आगामी सत्र शुरू नहीं हो सका है। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए एआईएफएफ और एफएसडीएल को इस मुद्दे पर चर्चा करने और अगली सुनवाई की तारीख 28 अगस्त तक समाधान निकालने का निर्देश दिया। उच्चतम न्यायालय 18 अगस्त को राष्ट्रीय महासंघ और टूर्नामेंट के आयोजकों के साथ अपने अनुबंधों का नवीनीकरण नहीं होने के कारण 11 आईएसएल क्लबों के भाग्य को लेकर एआईएफएफ और एफएसडीएल के बीच विवाद से जुड़े मामले की सुनवाई के लिए सहमत हो गई थी।



## गुयाना वॉरियर्स ने बनाए 211 रन, एंटीगुआ की टीम 128 में सिमटी

# सीपीएल 2025 : टी20 में 5 विकेट लेने वाले सबसे उम्रदराज कप्तान बने ताहिर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कैरेबियन प्रीमियर लीग 2025 में एंटीगुआ और बारबुमा फाल्कन्स की टीम और गुयाना अमेजन वॉरियर्स की टीम के खिलाफ मैच खेला गया। इसमें गुयाना की टीम ने 83 रनों से जीत दर्ज की। टीम की जीत में 46 साल के कप्तान इमरान ताहिर ने अहम योगदान दिया और उन्होंने 4 ओवर में 21 रन देकर पांच विकेट झटके। गुयाना वॉरियर्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 211 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया। इसके बाद एंटीगुआ और बारबुमा फाल्कन्स की टीम सिर्फ 128 रनों पर ही सिमट गई।

### ताहिर ने तोड़ा मोअज्जम अली बेग का वर्ल्ड रिकॉर्ड

इमरान ताहिर ने मैच में 4 ओवर में 21 रन देकर पांच विकेट हासिल किए। उनकी गेंदों को विरोधी टीम के बल्लेबाज समझ नहीं पाए और बुरी तरह से फ्लॉप साबित हुए। उन्होंने 46 साल और 148 दिन की उम्र में पांच विकेट हॉल हासिल किया है। वह टी20 क्रिकेट के इतिहास में पांच विकेट हॉल लेने वाले सबसे उम्रदराज कप्तान बन गए हैं। उन्होंने मलावी के कप्तान मोअज्जम अली बेग के वर्ल्ड रिकॉर्ड को तोड़ा है। मोअज्जम ने 39 साल की उम्र में मलावी की टीम से खेलते हुए कैमरून के खिलाफ पांच विकेट हॉल लिया था। अब इमरान ने कप्तान रहते हुए उनका रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया है।



### इमरान ने टी20 क्रिकेट में किया कमाल

इमरान ताहिर टी20 क्रिकेट में पहले ऐसे कप्तान भी बन गए हैं, जिन्होंने टी20 क्रिकेट में 40 साल की उम्र से ज्यादा रहते हुए पांच विकेट हॉल हासिल किया है। इमरान से पहले कोई भी कप्तान टी20 क्रिकेट में 40 की उम्र पार करने के बाद पांच विकेट हॉल नहीं ले पाया है।

### मलिंगा की कर ली बराबरी


इमरान ताहिर टी20 क्रिकेट में दूसरे सबसे ज्यादा पांच विकेट हॉल लेने वाले प्लेयर बन गए हैं। वह टी20 क्रिकेट में अभी तक पांच बार पांच विकेट हॉल ले चुके हैं। उन्होंने शाहीन अफरीदी, लासिथ मालिंगा, भुवनेश्वर कुमार, शाकिब अल हसन की बराबरी कर ली है। इन गेंदबाजों ने टी20 क्रिकेट में पांच-पांच बार पांच विकेट हॉल लिया था। टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा 7 बार पांच विकेट हॉल लेने का रिकॉर्ड डेविड वीसे के नाम है।

### 419 पारियों में इमरान ने हासिल किए 554 विकेट

इमरान ताहिर टी20 इतिहास के चौथे सबसे सफल गेंदबाज हैं। 2006 में अपना करियर शुरू करने वाले ताहिर ने अंतर्राष्ट्रीय और लीग क्रिकेट मिलाकर कुल 436 मैच खेले हैं, जिसकी 419 पारियों में गेंदबाजी करते हुए कुल 554 विकेट हासिल किए हैं। राशिद खान पहले, ड्वेन ब्रावो दूसरे और सुनील नरेन तीसरे स्थान पर हैं। टी20 में एक पारी में 5 विकेट लेने की उपलब्धि इमरान ताहिर पांच बार हासिल कर चुके हैं। इस फॉर्मेट में सर्वाधिक बार 5 विकेट लेने वालों की सूची में वह शाहीन अफरीदी, लसिथ मलिंगा, भुवनेश्वर कुमार, और शाकिब अल हसन के साथ दूसरे स्थान पर हैं। डेविड विजा 7 बार पांच विकेट लेकर सूची में पहले स्थान पर हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह चुके पाकिस्तान मूल के इमरान ताहिर ने दक्षिण अफ्रीका के लिए 20 टेस्ट में 57, 107 वनडे में 173 और 38 टी20 में 63 विकेट लिए हैं।

## एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप

# अर्जुन-इलावेनिल की जोड़ी ने जीता गोल्ड



एजेंसी ▶▶| शिमकेंट (कजाखस्तान)

भारत के अर्जुन बाबूता और इलावेनिल वालारिवन ने 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

■ 10 मीटर एयर राइफल में चीन के डिंगके लू और शिनलु पेंग को 17-11 से हराया

भारतीय जोड़ी ने चीन के डिंगके लू और शिनलु पेंग को 17-11 से हराया। चीनी जोड़ी शुरुआती दौर में आगे थी लेकिन भारतीय जोड़ी ने 9-5 और 10-1 के स्कोर से उबरते हुए शानदार वापसी करके स्वर्ण जीता। इलावेनिल इससे पहले महिला वर्ग में 10 मीटर एयर राइफल स्वर्ण जीत चुकी हैं।

### जूनियर वर्ग में शांभवी-नारायण की जोड़ी ने जीता स्वर्ण

बाबूता ने रुद्रांक्ष पाटिल और किरण जाधव के साथ पुरुष 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में पीला तमगा जीता है। भारत की शांभवी श्रवण और नारायण प्रणव की जोड़ी ने 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम जूनियर वर्ग में स्वर्ण जीता। उन्होंने चीन को 16-12 से हराया। भारतीय टीम क्वालीफिकेशन में दो चीनी टीमों के पीछे थी लेकिन एक देश से एक ही टीम भाग ले सकती है तो चीन के तांग हुइकी और हान यिनान क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रहने के कारण फाइनल में पहुंचे। भारतीय टीम ने 629-5 स्कोर किया जबकि चीन 2 का स्कोर 632-5 और चीन 1 का स्कोर 630 था। शांभवी ने 105- 4, 105-2 और 104-4 स्कोर किया जबकि प्रणव ने 103-7, 105-7 और 105-1 स्कोर किया। भारत की ईशा टकसाले और हिमांशु क्वालीफिकेशन में 628-6 स्कोर करके चौथे स्थान पर रहे।

## महिला विश्व कप

# युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का शानदार मिश्रण भारतीय टीम



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पूर्व हरफनमौला रीमा मल्होत्रा ने भारतीय महिला टीम में अनुभव और युवा खिलाड़ियों के मिश्रण को शानदार करार देते हुए कहा कि यह विश्व कप में अब तक की सबसे मजबूत और घरेलू परिस्थितियों में चैंपियन बनने की दावेदार टीम है। भारत और श्रीलंका की मेजबानी में आईसीसी महिला वनडे विश्व कप का आयोजन 30 सितंबर से 2 नवंबर तक होगा। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारतीय टीम अपने अभियान का आगाज शुरुआती दिन गुवाहाटी में श्रीलंका के खिलाफ करेगी। भारत की 15 सदस्यीय टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों के शानदार मिश्रण का जिक्र करते हुए रीमा ने कहा, ' यह किसी भी महिला विश्व कप को देखे तो भारत की सबसे मजबूत टीम है। भारतीय टीम में हरमनप्रीत (कौर), स्मृति मंधाना, जैमी (जेमिमा रोड्रिग्स), दीप्ति (शर्मा) जैसी अनुभवी खिलाड़ी है तो वहीं अमनजोत कौर, क्रांति गौड़, श्री चरणी और ऋचा घोष जैसे दमखम वाले युवा भी है।' रीमा ने कहा, ' टीम में जोश और होश का अच्छा मिश्रण है। मुझे नहीं लगता कि आपको विश्व कप के लिए इससे अच्छी टीम मिलेगी।' आक्रामक बल्लेबाज शेफाली वर्मा टीम में जगह बनाने में नाकाम रही लेकिन रीमा ने उनकी जगह प्रतिका रावल के चयन को सही करार देते हुए कहा कि दिल्ली की इस बल्लेबाज के प्रदर्शन में निरंतरता रही है।



■ 30 सितंबर से 2 नवंबर तक होगी स्पर्धा, भारत का पहला मैच श्रीलंका के खिलाफ

प्रतिका ने भारत के लिए 14 एकदिवसीय में 54.07 के औसत से 754 रन (एक शतक और पांच अर्धशतक) रन बनाए हैं। शेफाली के नाम 29 एकदिवसीय में लगभग 23 के औसत से 644 रन (चार अर्धशतक) है। इस दौरान शेफाली का स्ट्राइक रेट 83.20 का रहा है तो वहीं प्रतिका ने इस मामले में भी बेहतर करते हुए 87.43 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं।

### सीपीकेसी ओपनः अदिति ने हासिल किया कट

**मिसिसॉगा (कनाडा)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने एलपीजीए टूर पर सीपीकेसी महिला ओपन के दूसरे दौर में दो अंडर 69 का कार्ड खेलकर कट में जगह बनाई। अदिति ने पहले दौर में 71 का कार्ड बनाया था, जिससे दो दौर में उनका कुल स्कोर दो अंडर का है, जिससे वह संयुक्त 21वें स्थान पर बनी हुई हैं। वह शीर्ष पर काबिज अकी इवाई (64, 69) से सात शॉट पीछे हैं। अदिति ने दूसरे दौर में पांच बर्डी लगाईं जबकि दो बोगी कर बैठी। वहीं भारतीय मूल की अमेरिकी गोल्फर गुरलीन कौर ने भी कट हासिल कर लिया है। वह 74 और 68 के कार्ड खेलकर संयुक्त 45वें स्थान पर हैं। लेकिन सवानाह ग्रेवाल कट से चूक गईं।



## अम्मार उर रहमान ने स्टेट राइफल शूटिंग चैम्पियनशिप में गोल्ड पर साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

शहर के कक्षा ग्याहरवी में अध्ययनरत छात्र अम्मार उर रहमान ने हाल ही में जबलपुर मध्यप्रदेश में आयोजित शी मध्यप्रदेश स्टेट वेवन गन फॉर ग्लोरी प्रतियोगिता 2025 में राइफल शूटिंग के सब जूनियर वर्ग की कैटेगरी में भाग लिया एवं ओपन साईट 10 मी. राइफल शूटिंग इवेंट मेंगोल्ड पर निशाना साध कर इस स्टेट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन मध्यप्रदेश स्टेट राइफल एसोसिएशन द्वारा किया गया था। अम्मार ने अपने इन स्वर्णिम प्रदर्शन की बदौलत स्वर्ण पदक के साथ सार्टिफिकेट ऑफ मेरिट भी हासिल किया। इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर के विभिन्नआयु वर्ग के लगभग 1000 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। प्राचार्य डॉ.फादर अथनस लकड़ा एसजे, उप प्राचार्य मनोज मिंज एसजे, शारीरिक शिक्षा विभाग के एचओडी जोंसी कोशी एवं संजय मिश्रा ने स्टेट लेवल पर अम्मार उर रहमान के इस शानदार प्रदर्शन एवंस्वर्णिम उपलब्धि पर बहुत प्रसंन्नता व्यक्त की एवं उसको हार्दिक बधाईयां एवं शुभकामनाएं दी। इन सभी ने उसके आगामी प्रतियोगितामें अच्छे प्रदर्शन करने के लिए कामना की।



### डीपीएल : नई दिल्ली टाइगर्स ने आउटर दिल्ली को हराया

**नई दिल्ली।** कप्तान हिम्मत सिंह (38 गेंद में 58 रन) और शिवम गुप्ता (43 गेंद में 59 रन) की अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी के दम पर नई दिल्ली टाइगर्स ने दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) मैच में आउटर दिल्ली वॉरियर्स को 28 गेंद शेष रहते सात विकेट से हराया। आउटर दिल्ली ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर सात विकेट पर 142 रन बनाए। नई दिल्ली ने हिम्मत और शिवम की 74 गेंद में 113 रन की साझेदारी के बूते महज 15.2 ओवर में आसानी से इस लक्ष्य को हासिल कर लिया। टीम आठ मैचों में तीसरी जीत के बाद तालिका में पांचवें स्थान पर आ गई है जबकि नौ मैचों में छठी हार के बाद आउटर दिल्ली आठ टीमों की तालिका में सातवें स्थान पर है। इससे पहले नई दिल्ली टाइगर्स के गेंदबाजों ने भी अनुशासित प्रदर्शन कर आउटर दिल्ली के बल्लेबाजों को हाथ खोलने का मौका नहीं दिया। प्रद्युम्न सनन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार ओवरों में 16 रन देकर एक विकेट जबकि आत्रेय त्रिपाठी ने चार ओवरों में 19 रन देकर दो विकेट लिए।




## विश्व चैंपियन टीम केरल में खेलेगी फीफा मैत्री मैच

# इंतजार हुआ खत्म, अर्जेंटीना की टीम आएगी भारत

एजेंसी ▶▶| कोच्चि

तमाम अटकलों पर विराम लगाते हुए विश्व चैंपियन अर्जेंटीना ने पुष्टि कर दी है कि वह नवंबर में केरल में अज्ञात प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ फीफा का एक दोस्ताना मैच खेलेगी। मैच 10 से 18 नवंबर के बीच कोच्चि या तिरुवनंतपुरम में खेला जा सकता है।

अर्जेंटीना फुटबॉल संघ ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडिल पर लिखा,'लियोनेल स्कालोनी की अर्जेंटीना फुटबॉल टीम 2025 में दो फीफा दोस्ताना मैच खेलेगी। पहला 6 से 14 अक्टूबर के बीच अमेरिका में खेला जाएगा। दूसरा 10 से 18 नवंबर के बीच अंगोला के लुआंडा और भारत के केरल (प्रतिद्वंद्वी अभी तय नहीं) में होगा।' केरल के खेलमंत्री वी. अब्दुरहमान ने भी अपने सोशल मीडिया हैंडिल पर इसकी पुष्टि की कि कप्तान लियोनेल मेस्सी समेत विश्व कप विजेता अर्जेंटीना फुटबॉल टीम नवंबर में केरल आएगी। उन्होंने लिखा,'अर्जेंटीना की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम ने ऐलान किया है कि टीम नवंबर में फीफा विंडो में केरल में खेलेगी। लियोनेल मेस्सी की कप्तानी में विश्व कप जीतने वाली पूरी टीम यहां आएगी।' उन्होंने कहा,'हम अर्जेंटीना फुटबॉल संघ को इसके लिए धन्यवाद देते हैं । यह केरल फुटबॉल और पूरे खेल सेक्टर के लिए ऐतिहासिक पल है।' एएफए के बयान में हालांकि मेस्सी का जिक्र नहीं है और न ही राष्ट्रीय टीम का ब्यौरा है।



### अर्जेंटीना टीम इससे पहले 2011 में आई थी कोलकाता

अर्जेंटीना फुटबॉल संघ ने 2022 फीफा विश्व कप में खिताब जीतने के बाद केरल से मिले समर्थन के लिए भी धन्यवाद दिया था। अर्जेंटीना ने फ्रांस को पेनल्टी शूट आउट में हराकर खिताब जीता था। इससे पहले अर्जेंटीना टीम की यात्रा को लेकर संशय था क्योंकि दौरे की पुष्टि नहीं हुई थी और केरल सरकार के अधिकारियों को अनुबंध करने में नाकाम रहने के लिए दोषी ठहराया गया था।

### 2024 में शुरू हुआ अर्जेंटीना टीम को केरल लाने का अभियान

*मेस्सी की अगुवाई वाली अर्जेंटीना टीम को केरल लाने के अभियान ने सितंबर 2024 में तेजी पकड़ी जब अब्दुरहमान ने स्पेन जाकर अर्जेंटीना फुटबॉल संघ के अधिकारियों से मुलाकात की थी। एएफए के मुख्य वाणिज्यिक और विपणन अधिकारी लिएंड्रो पीटरसन ने हालांकि 8 अगस्त को कहा था कि टीम का केरल दौरा अभी तय नहीं है। लेकिन अब्दुरहमान ने इसे खारिज करते हुए कहा था,'पीटरसन एएफए के महत्वपूर्ण अधिकारी हैं लेकिन सिर्फ मार्केटिंग में। यह अनुबंध एएफए प्रमुख क्लाउडियो टापिया के साथ हुआ है।' अब्दुरहमान की स्पेन यात्रा सरकारी खर्च पर हुई थी, जिस पर 13 लाख चार हजार रुपए खर्च हुए थे। इससे विवाद भी हुआ था लेकिन उन्होंने यह कहकर बचाव किया था कि इस यात्रा से स्पेन, आस्ट्रेलिया और क्यूबा जैसे अहम देशों से खेल करार किए गए हैं।*

# भगवान गणपति के प्रसिद्ध-भव्य मंदिर



विशेषः गणेश चतुर्थी
27 अगस्त

आवरण कथा
रजनी अरोड़ा

भारतीय धार्मिक परंपराओं में भगवान गणेश का स्थान सभी देवताओं में सर्वप्रथम पूज्यनीय माना जाता है। प्रतिवर्ष भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को गणेशोत्सव मनाया जाता है। इस अवसर पर देश के अलग-अलग राज्यों में स्थित भगवान गणेश के मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित होते हैं। इनमें से कुछ भव्य-प्रसिद्ध मंदिरों के बारे में यहां बता रहे हैं।





## श्री सिद्धिविनायक मंदिर (मुंबई) महाराष्ट्र

**यह भारत** में गणेश जी के सबसे प्रसिद्ध मंदिरों में से एक है। इस मंदिर का निर्माण 1801 में लक्ष्मण विठु और देउबाई पाटिल ने कराया था। इस मंदिर में गणपति बप्पा की प्रतिमा को काले पत्थर पर तराश कर बनाया गया है और गणपति जी अपनी दोनों पत्नी रिद्धि-सिद्धि के साथ यहां विराजमान हैं। पहले सिद्धिविनायक मंदिर की मूल संरचना काफी छोटी थी, लेकिन बाद में इस मंदिर का पुनर्निर्माण कराया गया। आज यह मंदिर पांच मंजिला बन चुका है। यहां गणेश जी को सिद्धिविनायक कहा जाता है, क्योंकि उनकी मूर्ति की सूंड़ दाईं ओर मुड़ी हुई है और सीधी पेट से जुड़ी हुई है। गणेशजी को नवसाचा गणपति भी कहा जाता है, जिसका अर्थ है कि अगर आप सच्चे मन से कुछ मांगते हैं, तो वह अवश्य प्राप्त होता है। यहां रोजाना लाखों की संख्या में भक्त गणपति बप्पा के दर्शन के लिए आते हैं। मंदिर प्रांगण में एक अस्पताल भी है, जहां लोगों का मुफ्त इलाज किया जाता है। इसके अलावा मंदिर में रसोईघर, प्रवचन मंडप और गणेश संग्रहालय भी हैं। *



## उच्ची पिल्लैयार मंदिर तमिलनाडु

**तिरुचिरापल्ली के** रॉकफोट के शिखर पर यह मंदिर स्थित है। पल्लवों द्वारा चट्टान को काटकर निर्मित कराए गए इस मंदिर की शैल वास्तुकला अद्भुत है। इस मंदिर की कहानी रामायण काल से जुड़ी हुई है। रावण को पराजित करने के बाद भगवान राम ने विष्णु जी की एक मूर्ति विभीषण को लंका ले जाने के लिए दी थी। देवी-देवता ऐसा नहीं चाहते थे। इसलिए गणेश जी ने एक ग्वाले का रूप लिया और विभीषण को मूर्ति लंका ले जाने से रोका। विभीषण ने क्रोधित होकर उस ग्वाले के सिर पर वार किया, जिससे उसके सिर पर एक निशान पड़ गया। उसके बाद गणेश जी अपने असली रूप में आए। विभीषण ने उनसे माफी मांगी। आज भी इस मंदिर में स्थापित प्रतिमा के सिर पर एक निशान है। इस मंदिर तक पहुंचने के लिए 417 सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं। यहां रोजाना भगवान गणेश की 6 आरतियां की जाती हैं। 10 दिन का गणेश चतुर्थी उत्सव यहां बेहद धूमधाम से मनाया जाता है। *

## कनिपक्कम विनायक मंदिर आंध्र प्रदेश

**चित्तूर में** स्थित कनिपक्कम विनायक, गणपति का एक विशेष मंदिर है। यह मंदिर नदी के बीचों-बीच स्थित है। इस मंदिर को 11वीं सदी में चोल राजा कोलोत्तुम चोल प्रथम ने बनवाया था। बाद में 14वीं सदी के प्रारंभ में विजयनगर साम्राज्य के शासकों ने इस मंदिर का विस्तार कराया। यह मंदिर अपनी प्राचीन शिल्प कला और खूबसूरत डिजाइन के लिए विख्यात है। यहां गणेश जी की मूर्ति स्वयंभू (स्वतः प्रकट) है। लेकिन पिछले कई सालों से चमत्कार स्वरूप इस मंदिर में भगवान गणेश की मूर्ति के पेट और घुटने का आकार लगातार बढ़ रहा है। यहां ब्रह्मोत्सवम और गणेश चतुर्थी का उत्सव 21 दिनों तक चलता है। इस मंदिर को पानी के देवता का मंदिर भी कहा जाता है। तिरुपति मंदिर से 75 किलोमीटर दूर स्थित इस मंदिर में भक्त प्रथम पूज्य गणेश के दर्शन के लिए जरूर आते हैं। मान्यता है कि यहां पवित्र जल में डुबकी लगाने से सभी समस्याओं का समाधान हो जाता है। *





## रणथंभौर त्रिनेत्र गणेश मंदिर राजस्थान

**यह मंदिर** राजस्थान प्रांत में सवाई माधोपुर जिले में स्थित है, जिसे 10वीं सदी में रणथंभौर के राजा हमीर ने बनवाया था। यह विश्व धरोहर में शामिल रणथंभौर दुर्ग के भीतर बना है। यहां गणेश जी को रणतभंवर रणक भंवर नाम से भी जाना जाता है। पूरी दुनिया में यह ऐसा अनूठा मंदिर है, जहां गणेश जी की मूर्ति का रंग नारंगी है और अपने पिता शिवजी के समान तीन नेत्रों को धारण करके विराजमान हैं। इसकी एक और खासियत है कि यहां भगवान गणेश के पूरे परिवार को स्थापित किया गया है। इसमें गणेश जी अपनी दोनों पत्नियों रिद्धि-सिद्धि और पुत्रों शुभ-लाभ के साथ शोभायमान हैं। पौराणिक मान्यता है कि हजारों साल पहले भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मणि के विवाह का निमंत्रण-पत्र इस मंदिर में भेजा गया था। तब से यह मंदिर भगवान को निमंत्रण-पत्र भेजने के लिए मशहूर है। स्थानीय लोगों के घर जब कभी शादी-ब्याह जैसा कोई मंगल कार्य होता है, तो वो सबसे पहले गणेश जी के नाम कार्ड भेजना नहीं भूलते, यानी अपना न्यौता रणथंभौर के गणेश मंदिर में देते हैं। गणेश चतुर्थी के मौके पर यहां हर साल भव्य गणेश मेला भी लगता है। *




## बड़े गणेश जी का मंदिर म.प्र.



**मध्य प्रदेश** के उज्जैन में प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर के पास स्थित बड़े गणेश जी का यह भव्य मंदिर है। इस मंदिर में स्थापित गणपति जी की प्रतिमा विश्वभर में स्थापित विशाल मूर्तियों में से एक है, जिसका निर्माण महर्षि गुरु महाराज सिद्धांत वागेश पं. नारायण जी व्यास ने करवाया था। गणपति बप्पा की इस मूर्ति में सीमेंट के बजाय गुड़ और मेथी दानों के साथ ईंट, चूने और रेत का प्रयोग किया गया है। मूर्ति को बनाने में सभी पवित्र तीर्थ स्थलों का जल और सात मोक्षपुरियों-मथुरा, द्वारिका, अयोध्या, कांची, उज्जैन, काशी और हरिद्वार से लाई हुई मिट्टी भी मिलाई गई है। इस वजह से इस मंदिर की मान्यता और बढ़ गई है। *

## बाल गणपति मंदिर गोवा



**गोवा के** पोंडा में स्थित यह मंदिर भगवान गणेश के बाल स्वरूप को समर्पित है। जहां उनकी पूजा छोटे बच्चे के रूप में की जाती है। मंदिर का वातावरण अत्यंत शांत और भक्तिमय है, जो भक्तों को अलग तरह का आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करता है। मंदिर की वास्तुकला गोवा की पारंपरिक और आधुनिक शैलियों का सुंदर समायोजन है। यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक दर्शन के लिए आते हैं। मान्यता है कि यहां दर्शन करने से जीवन में आने वाले संकट दूर होते हैं और मनोकामनाएं पूरी होती हैं। गणेश चतुर्थी के अवसर पर यहां विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और शोभायात्रा का आयोजन किया जाता है। *

---

गणेश चतुर्थी से पूरे देश और विशेषकर महाराष्ट्र में गणेशोत्सव का उल्लास देखते ही बनता है। सामाजिक और सांस्कृतिक एकता के प्रतीक इस उत्सव का ऐतिहासिक महत्व भी कम नहीं है। यहां इसके शुभ मुहूर्त और पूजन के बारे में भी बता रहे हैं।

# सामाजिक-सांस्कृतिक एकता का अद्वितीय प्रतीक है गणेशोत्सव



पर्वोल्लास / आर.सी. शर्मा

**ग**णेश चतुर्थी यानी देशभर में मनाया जाने वाला गणेशोत्सव का पर्व महज धार्मिक पर्व भर नहीं है। यह हमारे देश की सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का एक मजबूत प्रतीक भी है।

**प्रतिमा स्थापना-पूजनः** गणेश चतुर्थी का पर्व हर साल भाद्रपद माह की शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि के दिन मनाया जाता है। इस दिन देशभर में बड़ी धूमधाम से गणपति प्रतिमाओं की स्थापना होती है। इस साल 26 अगस्त 2025 की दोपहर 1 बजकर 54 मिनट से प्रारंभ होकर 27 अगस्त 2025 की रात तक गणपति स्थापना का शुभ मुहूर्त है। इस तरह दो दिन से लेकर 10 दिन तक मनाए जाने वाले गणेशोत्सव की शुरुआत 27 अगस्त 2025 से होगी। इस साल 27 अगस्त को गणपति स्थापना के बाद 6 सितंबर 2025 यानी अनंत चतुर्दशी के दिन तक यह पर्व मनाया जाएगा। इसके बाद गणपति विसर्जन होगा।

**अगर कर रहे प्रतिमा स्थापितः** गणेश पुराण के मुताबिक गणेश चतुर्थी को भगवान गणेश का जन्म हुआ था। इसलिए भक्तगण इस दिन अपने घरों या सार्वजनिक पूजा स्थलों पर गणेश प्रतिमा स्थापित करते हैं। अगर आप पहली बार अपने घर में विघ्न विनाशक गणपति बप्पा की प्रतिमा स्थापित कर रहे हैं तो कुछ बातों का विशेष रूप से ध्यान रखें। जिन गणेश प्रतिमाओं में उनकी सूंड़ बाईं तरफ होती है, ऐसी प्रतिमाओं को घर लाना शुभ माना जाता है। अगर इस बार आपका पहला गणपति स्थापना उत्सव है, तो अपने घर बैठी हुई प्रतिमा ही लाएं, जो सुख, समृद्धि का प्रतीक होती है। भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापना हमेशा ईशान कोण में करनी चाहिए।

गणपति प्रतिमा स्थापना काठ की चौकी पर करना सबसे पवित्र होता है। लेकिन इस चौकी में गणपति स्थापना के पहले इसकी गंगा जल से पवित्र कर लेना चाहिए। गंगा जल और पंच द्रव्यों से चौकी की धुलाई करने के बाद उस पर लाल कपड़ा बिछाकर भगवान गणेश को प्रतिस्थापित करना चाहिए। ध्यान रखें, आपकी स्थापित मूर्ति में गणेश जी का हाथ आशीर्वाद देती मुद्रा में होना चाहिए और उनके दूसरे हाथ में मोदक होना चाहिए। भगवान गणेश की ऐसी प्रतिमा को सबसे शुभ माना जाता है।



**महाराष्ट्र का भव्य पर्वः** यूं तो पूरे देश में गणेश चतुर्थी का पर्व खूब धूम-धाम से मनाया जाता है। लेकिन महाराष्ट्र में इस पर्व को लेकर देश में सबसे ज्यादा उल्लास होता है। हो भी क्यों न, आखिर आधुनिक गणेश उत्सव की शुरुआत सन 1893 में महाराष्ट्र से ही हुई थी। लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने 1893 में गणेश चतुर्थी के पर्व को आधुनिक सार्वजनिक उत्सव का रूप दिया और इस तरह अंग्रेजों के विरुद्ध देशवासियों को सामाजिक एकता के जरिए एकत्रित किया। आज का गणेशोत्सव बहुत कुछ उसी दौर की परंपरा का विस्तार है। यहां गणेशोत्सव सामुदायिक भावना, संगीत, नृत्य, कला, अनुराग और मिलन का इंद्रधनुषी पर्व बन चुका है। इसलिए महाराष्ट्र में यह पर्व धार्मिकता से बढ़कर पहचान और सांस्कृतिक विरासत के उत्सव का रूप ले चुका है। हालांकि महाराष्ट्र में भी यूं तो गणेशोत्सव हर गली, हर घर और हर मुहल्ले में किसी न किसी रूप से मनाया जाता है। लेकिन मुंबई और पुणे ये दो ऐसे शहर हैं, जहां गणेशोत्सव सबसे ज्यादा धूमधाम के साथ मनाया जाता है। मुंबई और पुणे में यह पर्व उत्सव की धूम के साथ-साथ हर साल बढ़ती भव्यता के रूप में भी देखा जाता है। महाराष्ट्र राज्य में गणेशोत्सव को राज्योत्सव के रूप में मनाया जाता है। इसलिए यहां सिर्फ घरों में ही नहीं मैदानों और सोसाइटीज में भी गणपति के भव्य पंडाल लगाए जाते हैं और अगले दस दिनों तक पूरे राज्य में गणपति बप्पा के जयकारे गूंजते हैं। महाराष्ट्र का भव्य गणेशोत्सव आज न सिर्फ भारत में, विदेशों में भी अपनी पहचान कायम कर चुका है।

**मुंबई-पुणे की प्रसिद्ध गणेश पूजाः** मुंबई में लालबागचा का राजा यानी लाल बाग में स्थापित की जाने वाली गणेश प्रतिमा का उत्सव सबसे ज्यादा धूमधाम से मनाया जाता है। लालबाग के पंडाल में गणेश प्रतिमा स्थापित हो जाने के बाद यहां महाराष्ट्र और देश-विदेश के कोने-कोने से आने वाले भक्तों का तांता लगा रहता है। माना जाता है कि लालबागचा के राजा यानी नौ साझा गणपति का एक बार दर्शन भर कर लेने से मनोकामना पूरी हो जाती है। इसलिए मुंबई के लालबाग इलाके में स्थापित गणेश प्रतिमा के इस पूरे उत्सव के दौरान करोड़ों भक्त दर्शन करते हैं। लालबाग के बाद मुंबई में गिर गांव चौपाटी और केतवाड़ी, सिद्धिविनायक मंदिर में स्थापित होने वाले गणेश पंडाल सबसे ज्यादा भव्य होते हैं, जहां हर दिन गणपति के दर्शन के लिए लाखों भक्त आते हैं।

मुंबई के बाद कुछ विशेष गणेश पंडालों के आकर्षण का यह जलवा पुणे शहर में भी दिखता है। विशेषकर यहां दगडु सेठ हलवाई गणपति टेंपल और तुलसी बाग गणपति का जिक्र होता है। पूरे महाराष्ट्र भर से ही नहीं देश के विभिन्न स्थानों से भी इन पंडालों में गणेश प्रतिमाओं का दर्शन करने लोग आते हैं। *

बैद्यनाथ नागपूर असली आयुर्वेद



स्वस्थ हृदय ही अच्छे स्वास्थ्य की पहचान है।
बैद्यनाथ असली आयुर्वेद
अर्जुनामृत



A.U.4127/09/25/283

• अर्जुनामृत में अर्जुन के अलावा विडंग, गोखरू एवं नागकेशर जैसे बहुमूल्य जड़ी-बूटीयों से युक्त होने से अधिक गुणकारी है।
• बढ़ती उम्र के लिए लाभकारी।
• अर्जुनामृत के साथ शुध्द शिलाजीत युक्त प्रभाकर बटी का सेवन विशेष लाभदायक है।

आयुर्वेद अपनाए..स्वस्थ रहें!

**श्री शिवशंकर मोरे, रायपुर**
**प्र.** मुझे चार साल से बवासीर की तकलीफ है। शौच के जगह खुजली चलती है व दर्द बहुत होता है। कब्ज़ की तकलिफ है। शौचाद्वारा रक्त गिरता है।
**उ. बैद्यनाथ सिड्पाईल्स** 2–2 टॅबलेट दिन में दो बार पानी के साथ लेवें। **बैद्यनाथ अभयामृत** 2–2 चम्मच समभाग पानी के साथ दिन में दो बार भोजनबाद लेवें।

**श्री सारंग शर्मा, धमतरी**
**प्र.** मेरी उम्र 55 वर्ष है। मै पेशाब की समस्या से परेशान हुँ। मुझे प्रोस्टेट की समस्या का पता चला है। कृपया आयुर्वेदिक दवां बताये।
**उ. बैद्यनाथ प्रोस्ट–एड टॅबलेट** 1–1 टॅबलेट सुबह शाम पानी के साथ लेवें।

**श्रीमती मनोरमा शाहू, राजनांदगांव**
**प्र.** बरसात के दिनों में सर्दी, खाँसी की तकलीफ बनी रहती है। कृपया आयुर्वेदिक उपचार बतायें।
**उ. बैद्यनाथ लक्ष्मीविलास रस (नारदीय)** 1–1 टॅब पीसकर शहद + अदरक रस के साथ लेवें। **बैद्यनाथ कासविन** 2–2 चम्मच सुबह शाम लेवें। रात को सोने के पूर्व **बैद्यनाथ सितोपलादी चूर्ण** आधा चम्मच शहद के साथ लेवें।

**श्री सुनिल राठोड, भिलाई**
**प्र.** मेरी आयु 60 वर्ष है। मुझे 5 वर्ष से मधुमेह हुवा है। शरीर में कमजोरी लगती है। कृपया आयुर्वेदिक उपाय बतायें।
**उ.** महोदय, आप अपने खान पान का ध्यान रखें। व शुगर बढ़ाने वाले खाद्य पदार्थों का परेहज करें। **बैद्यनाथ मधुमेहारी ग्रेन्युल्स्** 1–1 चम्मच सुबह–शाम पानी के साथ सेवन करें। इसका सेवन लगातार करें यह दवा किसी प्रकार का साइड इफेक्ट नही करती व रक्तशर्करा सामान्य बनाने में सहायक है।

वैद्य रमेश शर्मा, एम. डी. (आयु.)
प्रधान वैद्य

बैद्यनाथ के दवाइयों के साथ जानकारी हेतू सेवनविधी दी है। इस का प्रयोग वैद्यकिय परामर्श से करें।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : 844 844 4935 I www.baidyanath.co

कठिन समस्याएं अब होंगी कम
सच्ची सहेली है बेहतर स्वास्थ्य के लिए सबसे भरोसेमंद औषधि एवं टॉनिक
पूर्ण स्वदेशी, पूर्ण आयुर्वेदिक
Clinically Tested*
*For efficacy and safety.

67 जड़ी-बूटियों से बना 'सच्ची सहेली' आयुर्वेदिक टॉनिक निम्न समस्याओं में विशेष सहायक है।

सच्ची सहेली®

Helps with:
कठिन दर्द
कमजोरी
थकान
इम्यूनिटी
चिड़चिड़ापन
कमर कटना




UIN-A03-AY-PB-2025

24x7 Helpline: 77106 44444 | www.sachisaheli.in | Available at all leading medical & general stores.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930